## HINDUSTAN-8.8.2020

### आरजी डिग्री कॉलेज में सैनिटाइजेशन कराया

मेरठ। बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई जिन कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहां साफ-सफाई के साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर सैनिटाइजेशन का कार्य भी कराया जा रहा है। आरजी पीजी कॉलेज में प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा के निर्देश पर कॉलेज परिसर में सैनिटाइजेशन कार्य कराया गया। इस दौरान कॉलेज भवन, परिसर, सभी पानी की टंकियों को सैनिटाइज कराया।

## AMAR UJALA-13.8.2020

# छात्राओं की पहली पसंद रहा है आरजी कॉलेज

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। गर्ल्स कॉलेज में एडमिशन की बात हो तो आरजी कॉलेज पुराने जमाने से लड़कियों की पहली पसंद रहा है। यही कारण है कि इस कॉलेज की मेरिट सबसे ज्यादा ऊपर रहती है। पढ़ाई के बेहतर माहौल, अनुशासन और हॉस्टल जैसी तमाम सुविधाओं की वजह से ही आरजी कॉलेज के पास दो बार से नैक की 'ए ग्रेडिंग है। कॉलेज में तमाम कोर्सों में 44 सौ छात्राएं पढ़ती हैं। यहां से पढ़कर निकलीं छात्राएं आईएएस, आईपीएस, कुलपति और प्रति कुलपति के पद तक पहुंची हैं। शिक्षिका बनकर शिक्षा का प्रकाश भी फैला रही हैं।

**जानें अपना कॉलेज**



**1948 में वेस्टर्न कचहरी रोड पर शुरू हुए कॉलेज में पढ़ती हैं 44 सौ छात्राएं**

सन 1948 में रघुनाथ पीजी गर्ल्स कॉलेज की शुरुआत हुई। तीन जनवरी 1961 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कॉलेज में बने हॉस्टल का शुभारंभ किया था। तीन मंजिला इस हॉस्टल में ढाई सौ सीटें हैं। कोर्सों की बात करें तो बीए-बीएससी-बीकॉम के अलावा बीएससी फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल, बीवॉक, क्लीनिकल साइकोलॉजी एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और बीएड, एमए, एमकॉम, एमएससी भी संचालित हो रहे हैं। पढ़ाई के साथ ही छात्राओं को समग्र विकास पर ध्यान दिया जाता है। कौशल विकास के लिए कई विशेष कोर्स चलाए जा रहे हैं। कॉलेज में नेचुरोपैथी सेंटर के साथ-साथ योग में पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध है। कॉलेज में एनटीटी, एनआईआईटी, इग्नू सेंटर हैं। इतिहास और बॉटनी म्यूजियम है। पूरा कैंपस वाईफाई है। बिल्डिंग में लिफ्ट लगी है। कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 400 सीटों का वातानुकूलित ऑडिटोरियम है।

### ये हैं पूर्व छात्र

आईएएस डॉ. वंदना गुप्ता, साइंटिस्ट डॉ. अमिता मोहन, साइंटिस्ट डॉ. मोनिका, आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना, सांची विवि मध्यप्रदेश की पूर्व कुलपति डॉ. शशि प्रभा, सीसीएसयू की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला, स्क्वार्डन लीडर रिटायर तूलिका रानी, लेफ्टिनेंट कर्नल शिमोना मल्होत्रा भी यहीं की छात्रा रह चुकी हैं।

## HINDUSTAN-30.8.2020

### फिट इंडिया मूवमेंट प्रोग्राम के तहत बनाए पोस्टर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने फिट इंडिया मूवमेंट प्रोग्राम में पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक किया। एनसीसी कैडेट्स ने मेजर डॉ. पूनम लखनपाल, कैप्टन डॉ अंजुला राजवंशी, कैडेट किशी राठौर, ऐशिता त्यागी, आरती देवी सैनी, सिमरन, अनिका शर्मा आदि ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनीष गुप्ता ने कैडेट्स के उत्साह की प्रशंसा की।

AMAR UJALA-2.9.2020

# पहले दिन 92 प्रतिशत छात्रों ने दी परीक्षा

## मेरठ और सहारनपुर मंडल में 216 केंद्रों पर शुरू हुईं सीसीएसयू की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं, केंद्रों पर स्कैनिंग और सैनिटाइजेशन के बाद दिया प्रवेश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। कोई 10 बजे ही सेंटर पर पहुंच गया तो कोई एक घंटे पहले पहुंचकर गेट खुलने का इंतजार कर रहा था। कॉलेज के कर्मचारी ने गेट खोला तो थर्मल स्कैनर देखते ही चेहरे पर मुस्कराहट आ गई। कहने लगे कि चेक करो, हमें कोई कोरोना नहीं है। सीसीएसयू में छह महीने से अटकी परीक्षाएं शुरू होने के बाद हर सेंटर पर छात्रों में उत्साह दिखा। पहले दिन 92 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। 14727 छात्रों में से मात्र 1269 अनुपस्थित रहे।

कोरोना से पढ़ाई का भी बहुत नुकसान हुआ है। जो परीक्षाएं 27 अप्रैल तक खत्म हो जानी थीं, वे मंगलवार को छह महीने बाद शुरू कराई गईं। दो पालियों में हुई परीक्षा में छात्र-छात्राओं में खूब उत्साह दिखा। गेट पर थर्मल स्कैनिंग और सैनिटाइजेशन से हाथ साफ करने के बाद आगे बढ़ते ही सिटिंग प्लान देखने के लिए होड़ लग गई। शिक्षकों ने समझाया कि पीछे हटो, आगे भी सिटिंग प्लान लगा हुआ। कोविड-19 की रोकथाम को निर्देशों का पालन करो। तो वे पीछे हटे। उनको कोरोना की चिंता कम पेपर देने की जल्दबाजी ज्यादा नजर आई।

पेपर की बारी आई तो बहुविकल्पीय सवाल होने के कारण काफी छात्रों ने एक घंटे ही पेपर पूरा कर लिया। डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले तो चेहरे पर पेपर देने की संतुष्टि नजर आ रही थी। मेरठ कॉलेज में एमकॉम फाइनल की परीक्षा देने पहुंची जागृति ने कहा कि छह महीने इस कोरोना ने बेकार कर दिए हैं। आगे की पढ़ाई विदेश से करनी है। अब अगर परीक्षा नहीं होती तो मौका हाथ से निकल जाता। छात्रा अनामिका ने कहा कि पूरे साल मेहनत की थी, ऐसे में परीक्षा नहीं होती तो दुख होता। ऊपर से प्रोन्नति की मार्कशीट मिलती जिसमें कोविड-19 का ठप्पा लग जाता। अब पेपर देकर पास होंगे तो





आरजी कॉलेज में करीब पांच महीने बाद छात्राएं मिलीं तो एक-दूसरे को गले लगाने से खुद को नहीं रोक पाईं और परीक्षा देतीं छात्राएं।

### शिक्षक सीट पर ही बैठे रहे

हर परीक्षा में शिक्षक-शिक्षिका पूरे कमरे में चक्कर नकल को लेकर चक्कर लगाते रहते थे, लेकिन मंगलवार को हुई परीक्षा का नजारा अलग था। शिक्षक-शिक्षिकाएं कक्ष में एक जगह बैठकर ड्यूटी कर रहे थे। विवि प्रशासन की तरफ से इसको लेकर दूरी बनाने के निर्देश भी दिए गए थे। ओएमआर-कॉपी पर भी हस्ताक्षर के लिए अलग-अलग छात्रों को बुलाया गया।

### शिक्षकों को सता रहा अधिक डर

शिक्षक-शिक्षिकाओं को कोरोना का डर छात्रों से ज्यादा सता रहा है। कई कॉलेजों में तो शिक्षकों ने तमाम तरह के बहाने बनाकर ड्यूटी कटा ली है। छोटी-छोटी बातों पर नेतागिरी करने वाले शिक्षक भी कोरोना के डर से परीक्षा से गायब नजर आ रहे हैं। विवि प्रशासन और कोर्डिनेट उच्च शिक्षाधिकारी का कहना है कि अगर शिक्षकों की परीक्षा में ड्यूटी से इंकार करने की ऐसी कोई

### शाम की पाली में अधिक छात्र हैं पंजीकृत

सीसीएसयू ने परीक्षाओं के लिए जो कार्यक्रम घोषित किया है उसमें शाम की पाली में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक हो रही है। सुबह और दोपहर की पाली में छात्र कम हैं। इसके कारण शाम की पाली में सेंटरों को सोशल डिस्टेंसिंग बनवाने में दिक्कत आ रही है। ऐसे में विवि प्रशासन को कुछ परीक्षाओं को सुबह और दोपहर की पाली में शिफ्ट करना होगा। जिससे कि सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि बीएड की परीक्षा को सुबह की पाली में शिफ्ट किया गया है। इससे भी काफी राहत मिलेगी। बीएड को छोड़कर भी सेंटरों का हाल देखा जा रहा है। अगर कुछ पेपर बदलने की जरूरत पड़ी तो उस पर भी निर्णय

### तीन परीक्षा सेंटर

कोविड-19 सेंटर और दूसरे कारणों के चलते विवि प्रशासन ने मंगलवार को तीन सेंटर बदल दिए हैं। इनमें जेएमएस एकेडमी मेरठ, राजकुमार गोयल पार्क्स कॉलेज गढ़मुक्तेश्वर और बीटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग बुलंदशहर शामली है। बदले गए सेंटरों की सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

### छात्रों को किया प्रोन्नत

सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में बीएफए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय वर्ष और बीएससी माइक्रोबायलॉजी द्वितीय वर्ष परीक्षा जून 2020 के छात्र-छात्राओं को विवि प्रशासन ने प्रोन्नत कर दिया है। इसका रिजल्ट विवि की वेबसाइट पर बुधवार से देखा जा सकता है।


### पहले दिन से लें सबक, दुरुस्त करें व्यवस्था : कुलपति

मेरठ। सीसीएसयू के कॉलेजों में छह महीने से अटकी यूजी-पीजी फाइनल की परीक्षाएं मंगलवार से 216 केंद्रों पर शुरू हो गई हैं। कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने सभी केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि पहले दिन जो कमियां रह गई थीं, उन्हें बुधवार को दुरुस्त कर लिया जाए। पहले दिन सुबह की पाली में कोई परीक्षा नहीं हुई। दोपहर की पाली में साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक हुई परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या कम रही। शाम को ढाई बजे से साढ़े चार बजे की पाली में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक रही। केंद्रों पर प्रवेश के समय तो कहीं दिक्कत नहीं हुई, लेकिन सिटिंग प्लान देखने के लिए बोर्ड पर लगाई गई सूची देखने के लिए सभी कॉलेजों में भीड़ लग गई। शाम की पाली की परीक्षा में कक्षों में कुर्सी के बीच सोशल डिस्टेंसिंग भी तमाम सेंटरों पर कम रहा। परीक्षा में कहीं से भी किसी तरह के हंगामे की सूचना नहीं आई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. रूपनारायण ने सर छोटूराम इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम में सीसीटीवी से केंद्रों का हाल देखा। उन्होंने बताया कि पहले दिन जो कमियां मिली हैं, उनको पूरा किया जा रहा है।

### उड़ाका दल ने किया निरीक्षण

परीक्षा शुरू होने के पहले दिन केंद्रीय उड़ाका दल के संयोजक प्रोफेसर शिवराज पुंडीर एवं सदस्य डॉ. राजीव कौशिक, डॉ. एसपी सिंह के नेतृत्व में सभी जोनवार के उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## DAINIK JANVAANI-2.9.2020




चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की यूजी-पीजी की अंतिम वर्ष की आरजी कॉलेज में परीक्षा देती एक परीक्षार्थी। संबंधित खबर पेज-4 पर
■ फोटो : जनवाणी

## INEXT-3.9.2020

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



**एग्जाम**

सीसीएस यूनिवर्सिटी के तहत फाइनल ईयर के एग्जाम शुरू हो गए हैं. बुधवार को आरजी गर्ल्स कॉलेज में अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही हैं. इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का भी खास ख्याल रखा जा रहा है. साथ ही छात्रों को मास्क लगाना भी जरूरी है.

AMAR UJALA-3.9.2020

# कॉलेजों में सोशल डिस्टेंसिंग से हुई परीक्षा

## सीसीएसयू : कॉलेजों ने सिटिंग प्लान में किया फेरबदल, कई सेंटरों पर कमरों में दूरी कम होने पर दिए गए निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में बुधवार को परीक्षा के दूसरे दिन कई केंद्रों पर सिटिंग प्लान में बदलाव किया गया। जिन केंद्रों पर कुर्सियों के बीच की दूरी पहली परीक्षा में कम थी, उसे बढ़ाया गया है। सभी सेंटर पर थर्मल स्क्रीनिंग और सैनिटाइजेशन के बाद ही प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में 17567 परीक्षार्थियों में से 1059 अनुपस्थित रहे। 94 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। मुजफ्फरनगर में दो सेंटर बदले गए। शुक्रवार को सेमेस्टर में प्रोफेशनल कोर्सों की परीक्षाएं भी शुरू होंगी।

मेरठ और सहारनपुर मंडल के 216 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन हुआ। दूसरे दिन भी द्वितीय और तृतीय पाली में ही पेपर हुए। मेरठ में सबसे ज्यादा एक सेंटर पर मेरठ कॉलेज में तृतीय पाली में छात्रों की संख्या रही। परीक्षा नियंत्रक डॉ. [illegible] ने बताया परीक्षा में किसी तरह की कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली। जिन सेंटरों पर पहले दिन कमियां थी, उनको दूसरे दिन ठीक किया गया है। इसके अलावा सर छोटूराम कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से सीसीटीवी द्वारा निगरानी की जा रही है। बुधवार को दो छात्रों को यूएफएम की श्रेणी में डाला गया है। शिक्षकों का कहना है कि सुबह की पाली में बहुत कम परीक्षार्थी हैं। दोपहर को सामान्य हैं, लेकिन शाम को संख्या अधिक हो रही है।





आरजी कॉलेज के बाहर परीक्षा देने के लिए खड़ी छात्राएं और मेरठ कॉलेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

**दूसरे दिन की परीक्षा में 16 हजार छात्रों का हुआ पेपर, 94 फीसदी ने दी परीक्षा.**

### कल से शाम की पाली में बढ़ जाएगी भीड़

चार सितंबर से सेमेस्टर में प्रोफेशनल कोर्सों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इनकी भी अधिकतर परीक्षाएं शाम की पाली में हैं। इसमें एक-एक सेंटर पर शाम की पाली में 1700 से लेकर दो हजार तक छात्र-छात्राएं हो रहे हैं। सेंटरों पर शिक्षकों का कहना है कि अगर कुछ परीक्षाएं शाम से सुबह की पाली में शिफ्ट होती तो भीड़ कम होती।

आठ अगस्त से सेमेस्टर में ट्रेडिशनल कोर्सों की परीक्षाएं शुरू होंगी। ये भी अधिकतर शाम की पाली में हैं। ऐसे में सेंटरों पर दिक्कत आ सकती है।

### विवि ने दो सेंटर बदले

छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए बुधवार को विवि ने दो सेंटर बदल दिए हैं। इनमें एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की परीक्षाएं अब दो अन्य सेंटरों डीएवी कॉलेज और श्रीराम कॉलेज में होंगी। इसके अलावा डीएवी कॉलेज की परीक्षाएं अब एसडी कॉलेज की बजाय सेल्फ सेंटर और श्रीराम कॉलेज में होंगी। वेबसाइट पर इसकी जानकारी अपलोड की गई है।


### अक्तूबर के पहले सप्ताह में होंगी बीएड की परीक्षाएं

बीएड में 30 हजार छात्र-छात्राएं हैं। ऐसे में इनकी परीक्षा शुरू होते ही सेंटरों पर भीड़ बढ़ रही है। पहले परीक्षा कार्यक्रम 10 सितंबर से जारी हुआ था। लेकिन सेंटरों पर छात्रों की भीड़ को देखते हुए विवि ने 24 सितंबर से परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया। लेकिन इसके बावजूद छात्रों की संख्या ज्यादा बढ़ रही है। जिसके बाद बुधवार को निर्णय लिया गया कि अब यह परीक्षाएं 24 सितंबर की बजाए अक्तूबर के प्रथम सप्ताह से शुरू कराई जाएंगी। बृहस्पतिवार को नया परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

**DAINIK JANVAANI-4.9.2020**



**DAINIK JAGRAN-4.9.2020**



आरजी डिग्री कॉलेज में परीक्षा देती छात्राएं • जागरण

**AMAR UJALA- 4.9.2020**



आरजी पीजी कॉलेज में परीक्षा देतीं छात्राएं।

AMAR UJALA-7.9.2020

# हवा में शासन के आदेश, शुरू नहीं हुई पढ़ा

## शासन ने प्रथम वर्ष को छोड़कर बाकी में चार अगस्त से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कराने के दिए थे निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में शासन के आदेश के बाद भी शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाई कराने को तैयार नहीं हैं। जहां चार अगस्त से कक्षाएं चलनी थीं, वहां पर छह सितंबर तक भी कक्षाओं का कहीं अता-पता नहीं है। शिक्षकों का कहना भी अच्छा है कि जब अभी द्वितीय और तृतीय वर्ष के एडमिशन ही नहीं हुए हैं तो पढ़ाएं किसे। इससे साफ हो रहा है कि कॉलेजों में ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर लॉकडाउन लगने के बाद कितनी तैयारी की गई।

प्रदेश सरकार की तरफ से सभी विवि और कॉलेजों में चार अगस्त से यूजी में द्वितीय, तृतीय और पीजी के फाइनल सेमेस्टरों में ऑनलाइन पढ़ाई कराने के आदेश दिए थे। यूजी प्रथम वर्ष में एक अक्तूबर से वहीं पीजी प्रथम वर्ष में एक नवंबर से ऑनलाइन कक्षाएं चलाने को कहा था। प्रथम वर्ष की बात करें तो अभी स्नातक में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। 15 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बाद विवि 20 सितंबर तक पहली मेरिट निकालेगा। कम से कम तीन मेरिट निकाली जाएंगी। ऐसे में 15 अक्तूबर से पहले कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाएगी। ये भी तब होगा जबकि सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में इस बार मेरिट ओपन कर दी जाए। अगर सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में भी अलग-अलग मेरिट निकाली गई तो एडमिशन प्रक्रिया और देरी से होगी। ऐसे में यूजी प्रथम वर्ष में एक नवंबर से ही ऑनलाइन कक्षाएं संभव हैं। बात करते हैं यूजी में द्वितीय और तृतीय एवं पीजी के फाइनल सेमेस्टर की। इन कोर्सों में कक्षाएं चार अगस्त से चलाने को कहा गया था। इन कोर्सों में बिना परीक्षा के प्रोन्नति की जा रही है। प्रक्रिया लंबी चलेगी। शिक्षकों का कहना है कि इन छात्र-छात्राओं के व्हाट्सएप नंबर उनके पास नहीं हैं, जिससे ग्रुप बनाकर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराई जा सके। सवाल ये है कि जब शिक्षकों ने लॉकडाउन में इन छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने का दावा किया था तो फिर उनके नंबर क्यों नहीं हैं।



### मांगी जा रही है जानकारी

"चार अगस्त से ऑनलाइन कक्षाएं चलाने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में शासन को जानकारी भेजी जा रही है। छह महीने में भी अगर छात्रों का डाटा नहीं तैयार हुआ है तो इसमें कहीं लापरवाही क्या हो सकती है। सभी प्राचार्यों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी जा रही है।

- डॉ. राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी मेरठ

### पब्लिक स्कूलों से सबक लें शिक्षक

सीबीएसई-आईसीएसई के पब्लिक स्कूलों में जो छात्र-छात्राएं 10वीं में पास हुए हैं, उनकी 11वीं की ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं। डिग्री कॉलेज में भी बात करें तो आरजी कॉलेज में ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। परीक्षा में ड्यूटी की वजह से सभी शिक्षिकाएं तो ऑनलाइन कक्षाएं नहीं ले रही हैं, लेकिन जिनकी ड्यूटी नहीं है, उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया है। आरजी में बिना एडमिशन के कैसे पढ़ाया जा रहा है, सवाल पर शिक्षिकाएं बताती हैं ये छात्र कहीं बाहर से नहीं आए हैं। ऐसे में प्रथम वर्ष के जो छात्रों को पढ़ाई कराई जा रही थी, अब उनको द्वितीय वर्ष की पढ़ाई शुरू करा दी गई है। इसी तरह से द्वितीय वर्ष वालों को तृतीय वर्ष की पढ़ाई कराई जा रही है।

### बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं किए गए प्रोन्नत

सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में बीकॉम द्वितीय वर्ष संस्थागत मुख्य परीक्षा 2020 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इन सभी छात्र-छात्राओं को प्रोन्नत किया गया है। इसमें 14400 के करीब छात्र-छात्राएं हैं। प्रोन्नति का रिजल्ट जारी करने के लिए विवि के कंप्यूटर विभाग में आजकल 11 से 12 घंटे तक काम चल रहा है। तेजी से रिजल्ट निकाले जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द छात्रों को अगली कक्षा में एडमिशन मिल जाए।

### एक लाख सात हजार ने किया अब तक पंजीकरण

मेरठ। स्नातक प्रथम वर्ष में रजिस्ट्रेशन की गति बहुत धीमी है। विवि प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि 15 सितंबर के बाद किसी भी सूरत में रजिस्ट्रेशन ओपन नहीं होंगे। ऐसे में छात्र-छात्राएं जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कर दें। रजिस्ट्रेशन में 18 हजार छात्र ऐसे भी हैं जिन्होंने फार्म तो पूरा भर दिया है लेकिन उन्होंने अभी फीस जमा नहीं की है। ऐसे में जब ये छात्र फीस जमा नहीं करेंगे तब तक उनका रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं माना जाएगा। रविवार शाम तक बात करें तो 107564 छात्र-छात्राओं ने फीस जमा करके रजिस्ट्रेशन पूरा किया है। बीए-बीएससी-बीकॉम, बीएससी एग्रीकल्चर के अलावा बाकी विषयों में बुरा हाल है। ऐसे में सरकारी कॉलेजों में मेरिट बहुत ऊंची रहेगी। सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में जिस तरह से आवेदन हो रहे हैं, उसको देखते हुए दो ओपन मेरिट में ही एडमिशन प्रक्रिया समाप्त हो सकती है।

**DAINIK JAGRAN- 8.9.2020**

## ॥ प्रणाम ॥

**शिक्षा**

- आरजी डिग्री कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा से संबंधित काउंसिलिंग सुबह 10 बजे।
- चौ. चरण सिंह विवि के कुलपति की अध्यक्षता में बैठक दोपहर 12 बजे।

**AMAR UJALA-8.9.2020**

## आरजी में एनआईईटी सेंटर पर लें जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएड प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रारंभ हो रही है। इसके लिए कॉलेज में एनआईईटी सेंटर में काउंटर रहेगा। किसी भी जानकारी के लिए छात्राएं सेंटर में आकर जानकारी ले सकती हैं। ब्यूरो

**HINDUSTAN-9.92020**

# बैग में मिली बुकलेट, विवि ने केंद्र हटाया

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

अंग्रेजी के पेपर में परीक्षा केंद्र के भीतर बुकलेट पर सवालों को हल करते पकड़े जाने पर विवि ने कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। केंद्र पर मिली महिला कॉलेज में नियमित फैकल्टी भी नहीं थी। केंद्रीय सचल दल की रिपोर्ट पर कॉलेज से केंद्र हटा दिया गया है।

विवि के अनुसार केंद्रीय सचल दल ने मुजफ्फरनगर के श्रीमती भगवती देवी कन्या महाविद्यालय भोपाकलां में सोमवार को शाम की पाली में निरीक्षण किया। यहां एक महिला मिली लेकिन जांच में पता चला कि उसकी केंद्र पर ड्यूटी नहीं थी। महिला के बैग से अंग्रेजी की बुकलेट मिली जिस पर पेंसिल से सवालों को हल किया गया था। महिला और कॉलेज से सवाल पूछे गए तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। विवि के अनुसार यह प्रश्न पत्र सॉल्व कराने का मामला था। कुलपति प्रो.एनके तनेजा ने केंद्र को हटा दिया है। आज से इस केंद्र की सभी परीक्षाएं वीवी कॉलेज शामली में होंगी।



मंगलवार को आरजी कॉलेज में पेपर से पहले छात्राओं की थर्मल स्क्रीनिंग हुई।

### परीक्षाओं ने पकड़ी रफ्तार

मेरठ। मंगलवार से चौ.चरण सिंह विवि की मुख्य परीक्षाओं ने रफ्तार पकड़ ली। सुबह आठ बजे की पहली पाली में ट्रेडिशनल फाइनल सेमेस्टर के पेपर भी शुरू हो गए। इसके साथ ही विवि में मंगलवार को तीनों पालियों में सुबह से शाम 4:30 बजे तक पेपर हुए। वार्षिक परीक्षा में दूसरी और तीसरी पाली में कुल 21 हजार 50 में से 764 स्टूडेंट गैरहाजिर रहे। 96.37 फीसदी छात्रों ने पेपर दिए जबकि 3.63 फीसदी ने पेपर छोड़ दिए।

**DAINIK JAGRAN- 11.9.2020**

# मास्क और शारीरिक दूरी के साथ सीसीएसयू की परीक्षा जारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय की परीक्षा भी आगे बढ़ रही है। परीक्षा के दौरान कंटेनमेंट जोन से आ रहे छात्रों की पहचान के लिए विवि के पास कोई उपाय नहीं है, परीक्षा केंद्रों पर इसे देखते हुए पूरी परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को मास्क लगाने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही शारीरिक दूरी रखते हुए परीक्षा कराई जा रही है।

विवि की तीन पालियों में परीक्षा चल रही है। एक पाली की परीक्षा के बाद दूसरी पाली शुरू होने पर परीक्षा केंद्रों पर हर कक्ष को सैनिटाइज भी कराया जा रहा है। संक्रमण की आशंकाओं के बीच ज्यादातर परीक्षा केंद्र प्रवेश के समय छात्रों के शरीर का तापमान ले रहे हैं। पूरी परीक्षा के दौरान मास्क लगाने के लिए कह रहे हैं।



गुरुवार को आरजी डिग्री कालेज में परीक्षा में शामिल छात्राएं • जागरण

### सचल दस्ते हैं तैनात

विवि ने परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण करने के लिए पांच सचल दस्ते तैनात किए हैं, जो मुस्तैदी से जांच कर रहे हैं। एक दिन पहले सचल दस्ते ने मुजफ्फरनगर में नकल का प्रयास कराने वाली एक शिक्षिका को पकड़ा था। जिसके बाद उस परीक्षा केंद्र को बदल दिया गया।

विवि ने एक केंद्रीय सतर्कता उड़ाका दल बनाया है, जिसके संयोजक प्रो. शिवराज सिंह हैं। वहीं विशेष उड़ाका दल में डा. अजय शर्मा, अमित मलिक, डा. अशोक, डा. राजीव कुमार संयोजक हैं।

### 29 हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने दी परीक्षा

गुरुवार को विवि और कॉलेजों में दो पालियों में 29 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इनमें दूसरी पाली में 4500 और तीसरी पाली में 25 हजार के करीब परीक्षार्थी रहे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सत्यनारायण ने परीक्षा को शांतिपूर्ण बताया है।

### 15 सितंबर के बाद चौ. चरण सिंह विवि में प्रवेश की तैयारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) की ओर से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की तैयारी शुरू कर दी गई है। 15 सितंबर के बाद स्नातक कक्षा में प्रवेश के लिए मेरिट निकाली जाएगी। विवि ने फार्म में संशोधन के लिए छात्रों को मौका दिया है। ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों के फार्म में किसी तरह की गड़बड़ी है, तो वह उसमें संशोधन कर सकते हैं। विवि ने छात्रों को कॉलेज का विकल्प बदलने, नाम, पता, जन्मतिथि आदि में सुधार के लिए 15 सितंबर तक का समय दिया है।

### पैरामेडिकल की परीक्षा 19 सितंबर से, परीक्षा केंद्र तय

जागरण संवाददाता, मेरठ : विश्वविद्यालय ने पैरामेडिकल की 19 सितंबर से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। विवि की वेबसाइट पर सभी केंद्रों की सूची अब अपलोड है। बीएससी नर्सिंग, बीपीटी, बीएससी पोस्ट नर्सिंग, एमपीटी आदि कोर्स की परीक्षाएं एक साथ शुरू हो रही हैं। इसके लिए मेरठ में ट्रांसलेम कॉलेज आफ लॉ, मेरठ मेडिकल कॉलेज, विद्या इंस्टीट्यूट, भगवती कॉलेज, किसान इंस्टीट्यूट, दीवान इंस्टीट्यूट में सेंटर बना है।

**HINDUSTAN-13.9.2020**

## नई शिक्षा नीति पर रखे विचार

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय डीकोडिंग नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-20 ए प्रेसपेक्टिव ऑफ टीचर एजुकेशन रहा। डॉ. मनमोहन नाथ ने वीडियो संदेश भेजा।

मुख्य अतिथि में प्रो वाइस चांसलर प्रो. वाई विमला रहीं। विशिष्ट अतिथि में प्रो. डॉ. राजीव गुप्ता, मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप मिश्रा, डॉ. जेएन बालिया रहे। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने सभी का आभार जताया। कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन ने आभार जताया। प्रश्नों का उत्तर मुख्य स्पीकर द्वारा किया गया।

**AMAR UJALA-13.9.2020**

## नई शिक्षा नीति जन आकांक्षाओं को पूरी करने वाली

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय वेबिनर आयोजित हुआ। इसका विषय डिकोडिंग नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, ए प्रोस्पेक्टिव ऑफ टीचर एजुकेशन रहा। मुख्य अतिथि सीसीएसयू की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि नई शिक्षा नीति जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाली है। अतिथि वक्ता क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी डॉ. राजीव कुमार प्रो. पीके मिश्रा, डॉ. जेएन बालिया आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**HINDUSTAN-15.9.2020**

## आरजी कॉलेज में 16 को राष्ट्रीय वेबिनार

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में 16 सितंबर को राष्ट्रीय वेबिनार होगी। इसका मुख्य विषय नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 एंड इट्स सस्टेनेबिलिटी इन हायर एजुकेशन है। मुख्य अतिथि प्रो. राजीव पांडे संयुक्त निदेशक हायर एजुकेशन, विशिष्ट अतिथि प्रो. वाई विमला होंगी। साथ ही कर्नल ए शेखर, प्रो. गुंजन दुबे एएमयू अलीगढ़, मेजर आरडी भार्गव, डॉ. अनिल दत्त मिश्रा, डॉ. विश्वराज शर्मा रहेंगे।

**DAINIK JAGRAN-17.9.2020**

राय

आरजी पीजी कॉलेज में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020' पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

## बहुविषयक शिक्षा की ओर ले जाएगी नई शिक्षा नीति

जागरण संवाददाता, मेरठ : नई शिक्षा नीति भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाली नीति है। इससे पूंजीवाद, समाजवाद, उदारीकरण, भूमंडलीकरण और निजीकरण में दूरगामी विकास होगा। ये विचार मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी राजीव गुप्ता ने व्यक्त किए। वे बुधवार को आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' पर राष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता शिक्षा सलाहकार कर्नल ए. शेखर ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

वहीं एएमयू शिक्षा विभाग की प्रो. गुंजन दुबे ने बताया कि यह नीति शिक्षा को समग्र और बहु विषयक शिक्षा की ओर से ले जाएगी। नई दिल्ली एसआइएसएसओ के अध्यक्ष डा. अनिल दत्त ने बताया कि दिल्ली विवि में चार हजार शिक्षकों की कमी है और देशभर में हजारों पद खाली हैं। ऐसे में नए विवि का कोई औचित्य नहीं है। अंत में मेजर आरडी भार्गव और दिल्ली विवि के प्रो. विश्वराज शर्मा ने विषय पर अपने विचार रखे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रतिकुलपति प्रो. वाइ विमला, प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा, संयोजिका डा. पूनम लखनपाल, समन्वयक डा. सीमा जैन, प्रबंधन सचिव डा. मनमोहन नाथ सेठ, डा. अंजुला राजवंशी और डा. अमिता शर्मा भी उपस्थित रहीं।



आरजी कालेज में नई शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लेते वक्ता ● सौ. कालेज

### शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने पर हर वर्ग के विचार लेने के लिए बुधवार को वेबिनार श्रृंखला की शुरुआत की गई। पहला वेबिनार सरधना तहसील क्षेत्र में स्थित यूपी बोर्ड से संबद्ध सरकारी, सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और क्षेत्र के अभिभावकों के साथ हुआ। इसमें संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मंडल ओपी द्विवेदी और जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी ने सभी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से बताया। सभी से इसे लागू करने के लिए सुझाव मांगे गए। अभिभावक अपने सुझाव सीधे जिविनि कार्यालय को भी भेज सकते हैं। इस बाबत एक ई-मेल आइडी भी सभी को बताई गई। इसके साथ ही अपने क्षेत्र के स्कूल प्रधानाचार्य के जरिए भी अपने सुझाव भेज सकते हैं। तीन दिन तीन तहसील क्षेत्र का वेबिनार होने के बाद 19 व 21 सितंबर को जिला स्तरीय वेबिनार होगा जिसमें हर स्कूल से एक-एक प्र[illegible]चार्य व शिक्षक ही हिस्सा लेंगे। [illegible] दोनों वेबिनार में जिले भर से मि[illegible] [illegible]झावों पर चर्चा होगी।

HINDUSTAN-17.9.2020

# नई शिक्षा नीति से खुलेंगे नए रास्ते



मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। आयोजन व संयोजन डॉ. पूनम लखनपाल, संस्कृत विभागाध्यक्ष ने आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष के साथ किया।

वेबिनार का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन सचिव व पैट्रन डॉ. मनमोहन नाथ सेठ के आशीर्वचन से हुआ। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। वहीं, विवि से प्रोवीसी प्रो. वाई विमला ने नई शिक्षा नीति में नए और बेहतर रास्ते खुलने की बात कही। मुख्य अतिथि प्रो. राजीव गुप्ता ने विचार रखे। मुख्य वक्ता कर्नल ए शेखर ने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। अलीगढ़ मुस्लिम विवि से प्रो. गुंजन दुबे ने नई शिक्षा नीति पर छात्र और शिक्षक को जोड़ते हुए बात रखी। गांधीवादी, एसआईएसएसओ के वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ. अनिल दत्त ने शिक्षकों के खाली पदों पर चिंता जताई। इस मौके पर मेजर आरडी भार्गव, प्रो. विश्वराज शर्मा, डॉ. रीनू जैन, अंजुला राजवंशी, डॉ. बीना राय, डॉ. अर्चना आदि रहे।

AMAR UJALA-17.9.2020

# रोजगार के अवसर देगी नई शिक्षा नीति



आरजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर वेबिनार।

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। इसका शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन सचिव संरक्षक डॉ. मनमोहन नाथ सेठ ने किया।

सीसीएसयू की प्रो वीसी प्रो. वाई विमला ने कहा कि नई शिक्षा नीति से रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। मुख्य अतिथि प्रो. राजीव गुप्ता ने भी विचार रखे। संयोजन डॉ. पूनम लखनपाल, संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन ने किया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने उपस्थितजनों का आभार जताया। मुख्य वक्ता कर्नल ए शेखर ने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। वहीं, अलीगढ़ मुस्लिम विवि से प्रो. गुंजन दुबे ने भी विचार रखे। गांधीवादी डॉ. अनिल दत्त ने शिक्षकों के खाली पदों पर चिंता जताई। मेजर आरडी भार्गव, प्रो. विश्वराज शर्मा ने भी विचार रखे। यहां डॉ. रीनू जैन, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. बीना राय, डॉ. अर्चना, डॉ. सोनिका, डॉ. गरिमा, डॉ. अनिता, डॉ. बबीता रहीं। ब्यूरो

AMAR UJALA 19.9.2020

# एलएलबी-एलएलएम की कराएं मौखिक परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**सीसीएसयू में चल रही हैं एलएलबी-एलएलएम फाइनल ईयर की परीक्षाएं**

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में बीए-एलएलबी, एलएलबी और एलएलएम फाइनल ईयर की परीक्षाएं चल रही हैं। विवि प्रशासन परीक्षाएं खत्म होते ही इनका रिजल्ट जारी करने की कवायद में जुटा है। ऐसे में इन विषयों की ऑफलाइन या ऑनलाइन जैसे भी हो मौखिक परीक्षाएं जल्द से जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए गए हैं। विवि ने सभी कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि छात्र-छात्राओं से बात करने के बाद यह तय कर लें कि उनको ये परीक्षाएं ऑनलाइन करानी हैं या ऑफलाइन। अगर ऑनलाइन कराना चाहते हैं तो इसमें छात्रों की सहमति होनी चाहिए। एक समय में एक ही छात्र के ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था हो। वहीं विवि ने 19 सितंबर से होने वाली पैरा मेडिकल और एमएड की परीक्षाओं के लिए नौ केंद्रों की सूची जारी की है। विवि की वेबसाइट पर सूची देखी जा सकती है।



आरजी पीजी कॉलेज में परीक्षा देतीं छात्राएं। अमर उजाला

## एमए अर्थशास्त्र-एमकॉम की मौखिक परीक्षा के केंद्र तय

सीसीएसयू ने एमए प्राइवेट अर्थशास्त्र कोड-जी 806 की मौखिक परीक्षा कराने के लिए 10 केंद्रों की सूची जारी कर दी है। इनके प्राचार्य से अपने स्तर से परीक्षकों से बात करके जल्द से जल्द परीक्षा कराने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही एमकॉम प्राइवेट फाइनल ईयर में मुजफ्फरनगर जिले के लिए एक सेंटर बनाया गया है। एमकॉम रेग्युलर फाइनल ईयर में मौखिक परीक्षा के लिए दो सेंटर बनाए गए हैं। पूरी सूची विवि की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**क्वालीफाइंग कोर्सों की परीक्षा छह-सात अक्तूबर को**

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में बीए, बीएससी-बीकॉम, बीएससी फिजिकल एचई एंड स्पोर्ट्स में फाइनल ईयर में क्वालीफाइंग कोर्स कोड ए, बी, सी एंड एस-008 एवं ए, बी010 एनवायरमेंटल और जनरल अवेयरनेस की परीक्षा छह और सात अक्तूबर को ढाई बजे चार बजे की पाली में होगी। विवि की वेबसाइट से पूरी जानकारी ली जा सकती है।

HINDUSTAN-20.9.2020

# ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि कल

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

चौधरी चरण सिंह विवि से संबद्ध कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए कल रात तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए जा सकेंगे। विवि 23 सितंबर को प्राचार्यों संग बैठक करेगा। विवि 25 सितंबर से पहले कॉलेजों में पहली मेरिट जारी कर सकता है। लॉ कोर्स में रजिस्ट्रेशन की तिथि आगे बढ़ने की उम्मीद है। एडेड कॉलेजों को अभी तक मान्यता पत्र नहीं मिलने से विवि लॉ कोर्स में पंजीकरण जारी रखने पर विचार कर रहा है।

विवि के अनुसार बीए, बीकॉम, बीएससी और बीएससी एजी सहित ट्रेडिशनल-प्रोफेशनल कोर्स में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 21 सितंबर की रात 12 बजे तक जारी रहेंगे। विवि के अनुसार शनिवार शाम तक एक लाख 47 हजार 574 छात्र-छात्राओं ने आवेदन कराए हैं लेकिन इसमें से फीस केवल एक लाख 32,212 ने ही जमा कराते हुए आवेदन प्रक्रिया पूरी की है। इनमें भी 92 फीसदी पंजीकरण केवल ट्रेडिशनल कोर्स में सरकारी-एडेड कॉलेजों के लिए हैं। यानी सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में जारी ट्रेडिशनल कोर्स और प्रोफेशनल कॉलेजों के कोर्स में सीट भरने का संकट है।

## नेट 24 सितंबर से, पांच नवंबर तक चलेगा

मेरठ। विश्वविद्यालयों में प्रवक्ता की नियुक्ति को अनिवार्य राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) इस बार बहुत लंबा चलेगा। नेट की शुरुआत 24 सितंबर से होगी। दो पालियों में प्रस्तावित यह परीक्षा पांच नवंबर तक होगी। एनटीए ने शनिवार को इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। एनटीए के अनुसार नेट 24, 25, 29, 30 सितंबर, एक, सात, नौ, 17, 21, 22, 23 अक्तूबर जबकि पांच नवंबर होगी। एनटीए के अनुसार 24-25 सितंबर की परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड हो गए हैं। बाकी तिथि एवं कोर्स के एडमिट कार्ड जल्द ही वेबसाइट पर जारी हो जाएंगे।



शनिवार को आरजी कॉलेज में शिक्षिकाओं को शपथ दिलाई गई। • हिन्दुस्तान

## विशेष शांति दूत का प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

मेरठ। आरजी रेंजर्स टीम की ओर से हर्बल पौधों का पौधारोपण किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जैन, डॉ. सुमन एडवांस रेंजर सुनीता रही। डॉ. पल्लवी रस्तोगी व मधु रामाकृष्णन को विशेष शांति दूत का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूनम, ज्योति शर्मा, संजय गुप्ता, डॉ. सुमन, डॉ. सुनीता सिंह, सिमरन, वनप्रीत, आरती, श्वेता आदि रहीं।

DAINIK JAGRAN-20.9.2020

## रेंजर्स टीम ने ली शांति की प्रतिज्ञा

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की आरजी रेंजर्स टीम ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाते हुए पौधारोपण किया। लेमन ग्रास, करी पत्ता, आंवला काला बांस, स्टीविया और अश्वगंधा के पौधे लगाए। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि इन सभी पौधों से हम कोरोना महामारी में लाभ उठा सकते हैं। इसके बाद रेंजर्स छात्राओं और शिक्षकों ने शांति प्रतिज्ञा ली। साथ ही मास्क और सैनिटाइजर का वितरण भी किया गया। प्राचार्य का कहना है कि आने वाले समय के लिए हमें पौधरोपण करना होगा। इस दौरान जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. सीमा जैन, पूनम, संजय कुमार गुप्ता, पल्लवी रस्तोगी और मधु राम्माकृष्णन भी उपस्थित रहीं। -जागं

AMAR UJALA-20.9.2020

# आरजी कॉलेज में मनाया शांति दिवस, रोपे पौधे

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरजी रेंजर्स टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर रेंजर्स ने हर्बल पौधे लगाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा आईक्यूएसी इंचार्ज एवं जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जैन, डॉ. सुमन, सुनीता रेंजर्स इंचार्ज ने भी हर्बल पौधों का पौधरोपण किया।

भारत स्काउट गाइड भवन जिला संस्था लालकुर्ती मेरठ से पूनम (जिला संगठन गाइड आयुक्त, ज्योति शर्मा, संजय कुमार गुप्ता (सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट) उपस्थित रहे। पल्लवी रस्तोगी एवं मधु राम्माकृष्णन को विशेष शांति दूत का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. सुमन एवं डॉ. सुनीता सिंह ने किया। रेंजर्स सिमरन, चनप्रीत, आरती स्वेता सिंह, अवंतिका ईशा, नेहा का योगदान रहा।

## विधायक ने लगाए पौधे

भावनपुर थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा सप्ताह मौके पर शनिवार को मुख्य अतिथि किठौर विधायक सत्यवीर त्यागी ने पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इस दौरान लीले वर्मा, अशोक किकल, योगेंद्र चौहान मौजूद रहे।



रिठानी में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

मोदीपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कंकरखेड़ा मंडल में सेवा सप्ताह के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष अशोक सबलोक के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, गौरव मलिक, महानगर उपाध्यक्ष पंडित संजय त्रिपाठी, अंकुर कुशवाहा, किसान मोर्चा के महामंत्री गुल्लू ठाकुर आदि रहे। भाजपाइयों ने मार्शल पिच के निकट, दायमपुर, जाटोली आदि गांव में पौधरोपण किया। इस दौरान अमित जायसवाल, धर्मपाल मारवाड़ी, मीडिया प्रभारी मनोज त्यागी, मनोनीत सभासद सतनाम सिंह मौजूद रहे। संवाद

DAINIK JANVAANI-22.9.2020

# गौरव की बात, युवतियों को मिलेगी प्रेरणा

• जनवाणी संवाददाता, मेरठ

नौसेना में एक नया इतिहास रचा गया है। पहली बार महिला अधिकारियों को नौसेना की हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। जिन दो महिला अधिकारियों का चयन किया गया है, अब वो वॉर शिप में तैनात रहने वाले लड़ाकू विमानों को ऑपरेट करेंगी। इससे पहले नौसेना में महिलाओं की एंट्री सिर्फ कुछ निश्चित विंग एयरक्राफ्ट तक ही सीमित रहती थी।

जिन दो महिला अधिकारियों का चयन किया गया है, उनमें गाजियाबाद निवासी सब लेफ्टिनेंट कुमुदिनी त्यागी और सब लेफ्टिनेंट रिति सिंह हैं। इन प्रतिभाशाली युवतियों ने उन युवतियों के लिये राहें खोल दी है, जो अपने जीवन में लीक से हटकर चुनौतीपूर्ण काम करना चाहती है। इन युवतियों की उपलब्धियों पर मेरठ के लोगों का कहना है कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है और इससे सभी को प्रेरणा मिलेगी।



आरजी पीजी कॉलेज एनसीसी मेजर डा. पूनम लखन पाल का कहना है कि महिलाओं के लिए कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। सेना पुलिस में भी महिलाओं की नियुक्ति स्वागत योग्य है। ये महिलाओं के हौसलों की उड़ान का एक नया आयाम है। एनसीसी बालिका कैडेट्स में इसके प्रति विशेष उत्साह है। उनका बढ़ता मनोबल, उत्साह, लगन व निष्ठा राष्ट्र सेवा में योगदान देगा।



आरजी पीजी कॉलेज एनसीसी छात्रा अशित त्यागी का कहना है कि नौसेना में बेटियां भी अब अपना दम दिखा सकेंगी, ये एक सराहनीय बात है। उन्होंने कहा कि मैं एनसीसी छात्रा हूं, लेकिन जब मैं एनसीसी की यूनिफार्म पहनती हूं तो मुझ में एक अलग ही जज्बा जाता है और मुझे लगता है कि मुझे देश के लिए कुछ अलग कर दिखाना है। नौसेना में युवतियों का जाना एक बहुत छोटी-सी पहल है। क्योंकि बेटियां इससे और भी ज्यादा कर सकती है।



एनसीसी छात्रा रीतू का कहना है कि नौसेना में जाकर इन दोनों बेटियों ने लोगों की सोच बदलने का काम किया है। क्योंकि आज भी अधिकांश परिवारों में लोगों की सोच [illegible] कि बेटी शादी करा केवल खाना [illegible] को पालने का काम ही कर [illegible] मगर नौसेना में वीडियो बजा[illegible] लोगों को सबक सिखाने का काम करेगा और एनसीसी आदि में जाने वाली युवतियों के लिए भी रास्ते खुलेंगे।

HINDUSTAN-22.9.2020



## अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर गोष्ठी

मेरठ। आरजी कॉलेज में आरजी रेंजर्स टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन गोष्ठी की। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा श... ने शांति दिवस पर विचार रखे और सभी को जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. सुमन, डॉ. सुनीता, सिमरन, आरती, श्वेता, अवंतिका, ईशा, नेहा आदि रहीं।

AMAR UJALA-22.9.2020

## आरजी कॉलेज में मनाया शांति दिवस

मेरठ। आरजी रेंजर्स टीम में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर ऑनलाइन संगोष्ठी हुई। पीस स्टार्टस फ्रॉम यस थीम पर हुई गोष्ठी में अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा रहीं। मुख्य वक्ता डॉ. पल्लवी रस्तोगी तथा मधु रामाकृष्णन रहे। डॉ. पूनम लखन पाल विभागाध्यक्ष्य संस्कृत विभाग तथा डॉ. कुमकुम पारिख मनोविज्ञान विभाग एसोसिएट प्रोफेसर भी वक्ता रहीं। भारत स्काउट गाइड भवन जिला संस्था से पूनम जिला संगठन गाइड आयुक्त, संजय कुमार गुप्ता (सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट) सोमेंद्र तोमर स्काउट कमिश्नर मौजूद रहे। ब्यूरो

AMAR UJALA-23.9.2020

## छात्रा ने नृत्य की प्रस्तुति दी

मेरठ। आरजी कॉलेज में भारत स्काउट गाइड द्वारा दिए गए टास्क के क्रम में नृत्य प्रस्तुति हुई। रेंजर चनप्रीत कौर ने अगर तुम साथ हो गाने पर व सुकृति ने मोह मोह के धागे गीत पर प्रस्तुति दी। कॉलेज के प्राचार्या दीपशिखा शर्मा ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एडवांस रेंजर लीडर डॉ. सुमन एवं रेंजर लीडर आर जी रेंजर्स टीम डॉ सुनीता सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान रेंजर्स कुमारी सिमरन, आरती, श्वेता सिंह, अवंतिका, ईशा, नेहा सैफी मौजूद रहे। ब्यूरो



HINDUSTAN-23.9.2020

**संगीत का वायवा आरजी कॉलेज में**

मेरठ। एमए चतुर्थ सेमेस्टर में संगीत के वायवा के लिए आरजी कॉलेज केंद्र रहेगा। यहां पर आरजी कॉलेज, डीएमएलजी गाजियाबाद, शहीद मंगल पांडे पीजी कॉलेज मेरठ एवं आईएन कॉलेज की छात्राओं का केंद्र रहेगा।

DAINIK JAGRAN-23.9.2020

// प्रणाम // Jagran 23.9.20

शिक्षा

- आरजी कॉलेज की गर्ल्स एनसीसी बटालियन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय वेबिनार सुबह 11 बजे।

# आज से दो दिन यूजीसी नीट परीक्षा





**MEERUT (23 Sept.,JNN):** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा के प्रथम चरण का आयोजन 24-25 सितंबर को किया जा रहा है. मेरठ में यूजीसी-नेट परीक्षा के लिए मवाना रोड स्थित एफआइटी कॉलेज को केंद्र बनाया गया है. परीक्षा दो पालियों में होगी. पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक चलेगी. मेरठ में यूजीसी-नेट की परीक्षा के लिए 372 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं. गुरुवार 24 सितंबर को 29 और 25 सितंबर को 13 विषयों की परीक्षा होगी.

## समय से पहुंचे अभ्यर्थी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के सिटी कोआर्डिनेटर एचएम राउत ने छात्रों को परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूजीसी नेट परीक्षा में देर से पहुंचने वाले छात्रों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलती है. इसलिए जरूरी है कि अभ्यर्थी समय से पहले केंद्र पर पहुंचे. सभी छात्र अपने साथ हैंड सैनिटाइजर रखें और मास्क पहनकर जाएं. केंद्र पर प्रवेश से लेकर निकलने तक शारीरिक दूरी का खयाल रखें. किसी को कोई तकलीफ हो तो केंद्र प्रभारी को जरूर बताएं.

## दूसरे चरण की परीक्षा 29 से

यूजीसी-नेट के दूसरे चरण की परीक्षा 29-30 सितंबर को होगी. इसके बाद अक्टूबर में एक, सात, नौ, 17, 21, 22 और 23 को और अंतिम चरण की परीक्षा पांच नवंबर को होगी. दूसरे चरण की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जल्द जारी होंगे. छात्रों को एनटीए के यूजीसी-नेट के पोर्टल पर सभी नई सूचनाएं मिलेंगी. चरणवार परीक्षा होती रहेगी और छात्रों के एडमिट कार्ड जारी होते रहेंगे.




एग्जाम सेंटर पर प्रवेश के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है. आरजी कॉलेज में फाइनल ईयर के एग्जाम देती छात्राएं.

INEXT-24.9.2020

# शिक्षा नीति में एनसीसी की भूमिका पर विमर्श



नई शिक्षा नीति पर वेबिनार में विमर्श करते शिक्षक.

**MEERUT (23 Sept,JNN):** आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एनसीसी का स्वरूप और उसकी भूमिका पर चर्चा की गई. कंवीनर इतवारा माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर फोरम दिल्ली की मनीषा सिंह ने कैडेट्स को बताया कि शिक्षा नीति में बताए गए सभी कार्य एनसीसी में किए जाते हैं. बस उन्हें अब और फोकस करना है. अपने ज्ञान और जानकारियों को बांटना है. खुद को अपडेट करना है. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. विशेष गुप्ता ने शिक्षा नीति की बारीकियों को बहुत सहज सरल और स्पष्ट रूप से समझाया. साथ ही नई शिक्षा नीति में कैडेट्स से क्या अपेक्षाएं हैं, यह भी बताया. मेजर एनएम मल्होत्रा यह नीति बहुत ही सरल और व्यावहारिक है. इस दौरान चौधरी चरणसिंह विवि के कुलपति प्रो. एनके तनेजा, मेजर डॉ. पूनम लखनपाल, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. रीनू जैन और डॉ. सीमा जैन भी उपस्थित रहीं.

HINDUSTAN-24.9.2020

वेबिनार

# नई शिक्षा नीति पर रखे विचार

मेरठ। आरजी कॉलेज की एनसीसी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर नेशनल वेबिनार हुआ। इसमें एनसीसी ऑफिसर्स, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, भूतपूर्व कैडेट्स, वर्तमान कैडेट्स, विद्यार्थी आदि जुड़े।

मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने कॉलेज की एनसीसी का परिचय दिया। मुख्य अतिथि सीसीएसयू कुलपति प्रो. एनके तनेजा का एनसीसी से जुड़ने और कर्नल बनने पर अभिनंदन किया गया। विद्यार्थी और कैडेट्स ने प्रश्न पूछे। वहीं, कैप्टन अन्जुला राजवंशी, डॉ. रीनू जैन, डॉ. सीमा जैन, डॉ. गरिमा, यास्मीन शेख, ऋचा सिंह आदि रहे।

DAINIK JAGRAN -24.9.2020

## एनसीसी की भूमिका पर विमर्श

मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एनसीसी का स्वरूप और उसकी भूमिका पर चर्चा की गई। कंवीनर इतवारा माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर फोरम दिल्ली की मनीषा सिंह, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. विशेष गुप्ता, मेजर एनएम मल्होत्रा, कुलपति प्रो. एनके तनेजा, मेजर डॉ. पूनम लखनपाल उपस्थित रहे।-जास

AMAR UJALA -24.9.2020

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुआ वेबिनार

मेरठ। आरजी पीजी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति एनसीसी द्वारा जागरूकता विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल प्रो. एनके तनेजा कुलपति सीसीएसयू ने शिक्षा नीति को स्पष्ट किया। [illegible] डॉ. विशेष गुप्ता अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ ने शिक्षा नीति की बारीकियों को व शिक्षा नीति में कैडेट्स से क्या अपेक्षाओं की जानकारी दी। रिटायर्ड एएनओ मेजर एनएम मल[illegible] मेरठ कॉलेज मेरठ, रिटायर्ड कमांडर मोनिका शर्मा, मनीषा सिंह कनवीनर इतवारा माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर फोरम दिल्ली ने संबोधन किया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कैप्टन अंजुला राजवंशी ने परिचय दिया। मे[illegible] डॉ. पूनम लखनपाल ने संचालन किया। ब्यूरो

DAINIK JANVAANI-24.9.2020

# आरजी पीजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर डाला प्रकाश



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित वेबिनार में नई शिक्षा नीति विषय पर अपने विचार रखते वक्ता।

मेरठः आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी इकाई की ओर से बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति समाज को जागरूक करने की लिए एक नई पहल की गई। जिसमें वेबिनार के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान शिक्षा एवं एनसीसी से जुड़े प्रौढ़ एवं युवा वक्ताओं ने इस पर विविध दृष्टि से प्रकाश डाला तथा आम विद्यार्थियों को और शिक्षकों को भी इसके प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पूरे भारत से एनसीसी ऑफीसर्स, एसोसिएट, एनसीसी अधिकारी, भूतपूर्व कैडेट्स, वर्तमान कैडेट्स, विद्यार्थी, शिक्षिकाओं और अभिभावक आदि जुड़े। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने कॉलेज की एनसीसी का परिचय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधि कुलपति और आनरेरी कर्नल प्रो. एनके तनेजा का एनसीसी से जुड़ने और कर्नल बनने पर अभिनंदन किया गया। उन्होंने शिक्षानीति को स्पष्ट किया और एक अर्थशास्त्री की दृष्टि से भी उस पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त कमांडर मोनिका शर्मा ने बहुत विस्तृत राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सार पीपीटी के माध्यम से बताया। न केवल विद्यार्थी अपितु शिक्षकों को भी समय निर्धारण कर इसके अनुरूप बनना होगा। वेबिनार में कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कैप्टन अंजुला राजवंशी ने कविता की पंक्तियों द्वारा डॉ. गुप्ता का स्वागत एवं परिचय दिया। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने संचालन किया। डॉ. रीनू जैन ने कुलपति का अभिनंदन किया।

AMAR UJALA-25.9.2020

न्यूज डायरी

## योग से दूर करें कोरोना का तनाव

मेरठ। आरजी रेंजर्स द्वारा बृहस्पतिवार को ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया। आचार्य हिमांशु गुप्ता ने कोरोना महामारी के दौर में योग द्वारा तनाव को दूर करने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि लोग योग को केवल एक व्यायाम समझते हैं जबकि योग हमारे शरीर के साथ-साथ मन पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने उत्साहवर्धन किया। संचालन डॉ. सुमन (एडवांस रेंजर लीडर) एवं डॉ सुनीता सिंह (रेंजर लीडर) आरजी रेंजर्स टीम द्वारा किया गया। रेंजर्स कुमारी सिमरन, कंचन मलिक, ज्योति, चनप्रीत, आरती, श्वेता सिंह, अर्चितका ईशा, नेहा सैनी मौजूद रहे। ब्यूरो



DAINIK JAGRAN-25.9.2020

॥ प्रणाम ॥

शिक्षा

- आरजी पीजी कॉलेज में शिक्षा नीति-2020 पर जागरूकता अभियान दोपहर 12 बजे।

AMAR UJALA-26.9.2020

## 'नैतिक मूल्यों का होगा विकास'

मेरठ। आरजी कॉलेज मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: एक समग्र दृष्टि' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बीएसी कालेज अहमदाबाद की प्राचार्य प्रो. नीरजा गुप्ता ने बताया कि शिक्षा नीति में नीति निर्धारक, नीति अनुमोदक व नीति पालक तीन तत्व होते हैं। शिक्षक नीति पालक के रूप में डाकिया का काम करते हैं, जो हर पहलू को छात्रों तक पहुंचाते हैं। राष्ट्रीय गौरव का विकास इस नीति की प्राथमिकता है। ब्यूरो

HINDUSTAN-26.9.2020

## शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना समिति की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता बीएसी कालेज अहमदाबाद की प्राचार्य प्रो. नीरजा गुप्ता रहे। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने कहा नई शिक्षा नीति में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास शर्मा, उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव प्रोफेसर अमित भारद्वाज, प्रो. वीरेंद्र सिंह रहे।

**DAINIK JAGRAN-26.9.2020**

एक नजर में



आरजी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लेते शिक्षक • सौ. कालेज

## विश्वगुरु बनने की दिशा में उठाया गया कदम है नई शिक्षा नीति

मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के तत्वावधान में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक समग्र दृष्टि" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अहमदाबाद बीएसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नीरजा गुप्ता ने बताया कि शिक्षा नीति में तीन तत्व नीति निर्धारक, नीति अनुमोदक और नीति पालक होते हैं। विशिष्ट अतिथि सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रो. विकास शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। -जास

**DAINIK JANVAANI-26.9.2020**

## नई शिक्षा नीति से छात्रों को मिलेगा लाभ



मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना समिति की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक समग्र दृष्टि विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता, बीएसी कालेज अहमदाबाद प्राचार्य प्रो. नीरजा गुप्ता ने बताया कि शिक्षा नीति में तीन तत्व नीति निर्धारक, नीति अनुमोदक वह नीति पालक होते हैं। शिक्षक नीति पालक के रूप में डाकिया का काम करते हैं, जो हर पहलू को छात्रों तक पहुंचाते हैं। राष्ट्रीय गौरव का विकास इस नीति की प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास शर्मा ने नई शिक्षा नीति को मात्र भाषा, संस्कृति, धर्म व नैतिक मूल्यों के विकास पर बल देने वाला बताया। उन्होंने इसे भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में उठाया कदम बताते हुए शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताई। उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक प्रो. राजीव पांडे ने कहा कि शिक्षा नीति उच्च शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाएगी। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव प्रो. अमित भारद्वाज ने शिक्षकों को कोरोना वारियर्स बताया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने कहा नई शिक्षा नीति में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। वेबिनार की संयोजक डा. अमिता शर्मा ने कहा कि शिक्षा नीति में एनएसएस को भी महत्वता दी गई है। संचालन डा. मनीषा सिंघल ने किया।

**AMAR UJALA- 27-9-2020**

# पाठ्यक्रम से बाहर का आया केमिस्ट्री का पेपर

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। कोरोना महामारी के संक्रमण के बीच एक तरफ जहां छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा देना बड़ी चुनौती है वहीं शनिवार को बीएससी केमिस्ट्री के पेपर पर छात्र-छात्राओं ने सवाल उठाए हैं। छात्रों का कहना है कि पेपर गलत तरीके से बनाया गया है तो पाठ्यक्रम से बाहर था। छात्रों ने परीक्षा को दोबारा कराए जाने की मांग की है। यह शिकायत किसी एक कॉलेज से नहीं बल्कि दर्जनों कॉलेज के छात्र छात्राओं ने की है।

सीसीएसयू के कॉलेजों में वार्षिक प्रणाली और सेमेस्टर कोर्सों की परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को बीएससी में

### परेशान छात्रों ने की दोबारा परीक्षा कराने की मांग

केमिस्ट्री के कोड बी-306 का पेपर था। छात्र-छात्राओं का कहना है कि पेपर इतना खराब बनाया गया है कि आउट ऑफ सिलेबस रहा। अगर इसमें छात्र फेल होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी।

शिक्षकों का भी कहना है कि पेपर बहुत ही मुश्किल था। विवि प्रशासन को चाहिए कि अगर परीक्षा में छात्र-छात्राएं फेल होते हैं तो उनको स्पेशल परीक्षा का मौका जरूर दें। छात्रों का कहना है कि उनकी बात नहीं मानी गई तो वे इसके खिलाफ राजभवन में शिकायत करेंगे।



आरजी पीजी कॉलेज में परीक्षा देती छात्राएं। अमर उजाला

**HINDUSTAN- 29-9-2020**

नोटिस-कैंपस

## आरजी कॉलेज में एमए अर्थशास्त्र का वायवा 10 अक्तूबर को

मेरठ। आरजी कॉलेज में एमए प्राइवेट अर्थशास्त्र की छात्राओं का वायवा दस अक्तूबर को 9.30 बजे से होगा। कॉलेज में आरजी कॉलेज, आईएन कॉलेज, लक्ष्मी देवी कन्या डिग्री कॉलेज मवाना, कनोहरलाल महिला पीजी कॉलेज, गांधी स्मारक देवनागरी महाविद्यालय परीक्षितगढ़, फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज मेरठ एवं शहीद मंगल पांडे कॉलेज मेरठ की छात्राओं की भी मौखिक परीक्षा होगी।

## AMAR UJALA- 1-10-2020

### आरजी कॉलेज में प्रवेश आज से

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में बीकॉम तृतीय वर्ष व एमकॉम द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं के प्रवेश एक अक्तूबर से सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक कॉलेज में होगा। ब्यूरो

## AMAR UJALA- 2-10-2020

mycity

न्यूज कैप्सूल

### आरजी कॉलेज में ही होगी परीक्षा

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीए व बीएससी की प्रयोगात्मक परीक्षा व एमए, एमएससी व एमकॉम चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षाएं कॉलेज में ही होंगी। छात्राएं अपने विभाग में संपर्क कर सकती हैं। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 2-10-2020

सीसीएसयू

### आरजी कॉलेज में शिक्षा शास्त्र का वायवा 12 को

मेरठ। आरजी कॉलेज में एमए प्राइवेट फाइनल में एजुकेशन का वायवा 12 अक्तूबर को 9.30 बजे से शुरू होगा। कॉलेज में आरजी सहित आईएन कॉलेज, कनोहरलाल पीजी कॉलेज, गांधी स्मारक देवनागरी कॉलेज परीक्षितगढ़, विद्योत्मा कन्या महाविद्यालय लावड़, श्री रामनिवास कन्या महाविद्यालय करनावल और मेरठ कॉलेज फॉर गर्ल्स एजुकेशन की छात्राओं का भी वायवा होगा। वहीं, बीए, बीएससी के प्रैक्टिकल और एमए, एमएससी एवं एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षाएं संबंधित विभाग में होंगी। कॉलेज में बीए फाइनल मनोविज्ञान की छात्राओं का प्रैक्टिकल छह अक्तूबर को विभाग में होगा।

**बीबीए फाइनल सेमेस्टर के प्रैक्टिकल सेंटर तय :** चौ.चरण सिंह विवि ने बीबीए फाइनल सेमेस्टर में प्रैक्टिकल के सेंटर तय कर दिए हैं। विवि ने सभी जिलों में प्रैक्टिकल सेंटर बनाए हैं। छात्र वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## AMAR UJALA- 3-10-2020



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं। अमर उजाला

### महापुरुषों की वेशभूषा पहनकर कविता पाठ किया

मेरठ/मोदीपुरम। आरजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने माल्यार्पण किया। छात्रा चरनजीत कौर और सिमरन ने रामधुन गाई। डॉ. अमिता शर्मा ने संचालन किया। वहीं शास्त्रीनगर के-ब्लाक स्थित गौरी प्ले स्कूल में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने गांधी जी और उनके सहयोगियों की वेशभूषा में कविता का पाठ किया। टोल प्लाजा पर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। डीएमजी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. आरके सिंह ने छात्रों को ऑनलाइन जानकारी दी। पल्लवपुरम स्थित यूनिवर्सल प्ले स्कूल में वर्चुअल क्लासेस के माध्यम से कार्यक्रम हुए। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि में महापुरुषों को याद किया गया। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 3-10-2020

एक नजर में

### आरजी पीजी कालेज में मौखिक परीक्षा 12 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीए, बीएससी, एमए, एमएससी और एमकाम की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षाएं कालेज में ही होंगी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि एमए द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत शिक्षाशास्त्र की मौखिक परीक्षा 12 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे होगी। सभी छात्राएं अंकतालिका, मास्क और सैनिटाइजर साथ लेकर आएं। -जासं

**HINDUSTAN- 4-10-2020**

## पोस्टर में दीपिका ने मारी बाजी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में जूलॉजी विभाग द्वारा वेबिनार में विश्व विश्व जंतु दिवस 2020 पर विशेष अतिथि साइंटिस्ट जेडएसआई देहरादून डॉ. गौरव शर्मा ने व्याख्यान दिया।

प्राचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने वेबिनार को शुरू किया। डॉ. सीमा जैन ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका, द्वितीय मरियम, तृतीय वैष्णवी रही। निर्णायक डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ. योगेश त्यागी रहे।

**एनसीसी बी-सर्टिफिकेट की परीक्षा 12 को:** आरजी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स की बी प्रमाण पत्र की परीक्षा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन में 12 अक्तूबर को सुबह नौ बजे से होगी। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने बताया कि सभी कैडेट्स सुबह आठ बजे पहुंचे जाएं।

**AMAR UJALA- 4-10-2020**

## एनसीसी परीक्षा में अभिभावकों का सहमति पत्र जरूरी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स की बी प्रमाणपत्र की परीक्षा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन में 12 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से होगी। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने बताया कि कैडेट्स को एनसीसी यूनिफार्म में आना होगा। अपने साथ बैठने को ग्राउंड शीट, लिखने का क्लिप बोर्ड, पेन, आईकार्ड, सैनिटाइजर, मास्क, दस्ताने लेकर परीक्षा में आना है। कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि माता-पिता का सहमति पत्र भी साथ लाना होगा। परीक्षा सुबह 9 बजे व दोपहर 2 बजे तक होगी। ब्यूरो

**DAINIK JANVAANI- 4-10-2020**

**सार संक्षेप**

## एनसीसी कैडेट्स के बी प्रमाण पत्र की परीक्षा 12 को

मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स दोनों इकाइयों की बी प्रमाण पत्र की परीक्षा 12 अक्टूबर को होने जा रही है। परीक्षा सुबह नौ बजे मेरठ कैंट के फुटबाल ग्राउंड के पास 22 यूपी गर्ल्स बटालियन में होगी। इस संबंध में मेजर पूनम लखनपाल ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी कैडेट्स सुबह आठ बजे यूनीफार्म पहनकर ग्राउंड में पहुंच जाएं। कैडेट्स अपने साथ लिखने के लिए शीट, क्लिप बोर्ड, पेन, एनसीसी आइकार्ड, सैनिटाइजर, मास्क, पानी की बोतल लेकर आए। परीक्षा दो पालियों में होगी।

**DAINIK JAGRAN- 6-10-2020**

# स्नातक की मेरिट में गड़बड़ी, प्रवेश पर रोक

जागरण संवाददाता, मेरठ: चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए जारी पहली मेरिट को वापस ले लिया है। मेरिट में गड़बड़ी होने की वजह से कालेजों को इस मेरिट से प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया है। अब संशोधित मेरिट जारी होगी। जिन छात्रों ने पहले दिन प्रवेश लिया था, अगर उनकी मेरिट गलत होगी तो प्रवेश रद हो सकता है।

विवि की ओर से रविवार की रात को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी की गई। इसकी सूचना छात्रों को मैसेज से दी गई। पांच अक्टूबर से कालेजों में प्रवेश शुरू होने वाले थे। कालेज मेरिट निकालकर प्रवेश की प्रक्रिया में जुटे रहे। कुछ कालेजों में पहले दिन छात्र-छात्राओं ने प्रवेश भी लिए। उधर, शाम होते ही विश्वविद्यालय ने पहली मेरिट में तकनीकी गलती बताते हुए उसे रोकने के निर्देश दिए। विवि का कहना है कि यूपी बोर्ड को छोड़कर सीबीएसई के छात्रों ने आनलाइन फार्म भरते समय पूर्णांक



आरजी कालेज में मेरिट में अपना नाम देखती छात्राएं • जागरण

> मेरिट को तकनीकी दिक्कत की वजह से रोक दिया गया है। करीब 700 छात्रों के प्राप्तांक और पूर्णांक में त्रुटि है। इसकी जांच कर दोबारा से मेरिट जारी की जाएगी। तब तक प्रवेश नहीं होंगे। संशोधित मेरिट एक दो दिन में जारी की जाएगी।
>
> डा. भूपेंद्र सिंह, प्रवेश समन्वयक, सीसीएसयू

और प्राप्तांक में गलती की है। विवि के अनुसार 12वीं में बेस्ट फाइव विषयों के अंक ही आवेदन में भरने थे। इसका पूर्णांक 500 होना चाहिए। लेकिन बहुत से छात्रों ने पूर्णांक तो 500 भरा है, लेकिन प्राप्तांक सभी छह विषयों का भर दिया है। इसकी वजह से मेरिट में उनका नाम आ गया। बाद में जानकारी होने पर विवि ने मेरिट स्थगित करते हुए प्रवेश नहीं लेने का आदेश जारी कर दिया है।

**सिस्टम नहीं पकड़ पाया**

विवि के अनुसार छात्रों को अपने फार्म एडिट करने के लिए समय दिया गया था। सीबीएसई के छात्रों का नंबर डिजिलॉकर से लिया गया था। इसमें उन्हें बेस्ट फाइव को भरने के लिए कहा गया था। [illegible] छात्रों ने संशोधन किया।

**पहले दिन नौ हजार से अधिक प्रवेश**

विवि के अनुसार स्नातक की पहली मेरिट से पहले दिन मेरठ और सहारनपुर मंडल में करीब नौ हजार छात्रों के प्रवेश कनफर्म हुए थे। इस बार स्नातक प्रथम वर्ष में 24 हजार सीबीएसई के छात्रों ने आवेदन किया है। इसमें से करीब 700 ने अपने फार्म में संशोधन नहीं किया था। जिसकी वजह से विवि को अपनी मेरिट स्थगित करनी पड़ी है।

**दो कोर्स की मेरिट से होंगे दाखिले**

बीएससी कंप्यूटर साइंस और एमबीए एचए इंटीग्रेटेड कैंपस की मेरिट यथावत रहेगी। विश्वविद्यालय का कहना है कि इन दोनों कोर्स में पहली मेरिट के अनुसार ही प्रवेश दिए जाएंगे।

AMAR UJALA- 6-10-2020

# यूजी में पहले दिन नौ हजार छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

## 50 विद्यार्थियों ने भरा गलत डाटा, प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जारी होगी गाइडलाइन

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में सोमवार को मेरठ और सहारनपुर मंडल में पहली मेरिट से नौ हजार एडमिशन हुए। जिन छात्र-छात्राओं के एडमिशन हुए हैं, उनको चिंता करने की जरूरत नहीं है। गलत डाटा फीड होने वाले एडमिशन की संख्या 50 के करीब ही है। मेरिट बदलने पर यही छात्र-छात्राएं बाहर होंगे। पूरी मेरिट में गलत डाटा वाले छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 500 बताई गई है।

मेरठ में एडमिशन की बात करें तो पहले दिन एडमिशन की संख्या बेहद कम रही। मेरठ कॉलेज, डीएन कॉलेज और एनएएस कॉलेज में ज्यादा एडमिशन नहीं हुए। गर्ल्स कॉलेजों में आरजी, इस्माईल, कनोहर लाल और शहीद मंगल पांडे कॉलेज में भी गिनती के ही एडमिशन हुए हैं।

एडमिशन के दौरान ही गलत मेरिट जारी होने का खुलासा तब हुआ जब वेरीफिकेशन के दौरान 500 पूर्णांक में से प्राप्तांक 550 मिला। यानी डाटा गलत फीड होने से इन छात्रों के छह विषयों के प्राप्तांक मेरिट में जुड़ गए। ये वह छात्र-छात्राएं हैं जिन्होंने सीबीएसई के रजिस्ट्रेशन खुलने के बाद पहले तीन दिन आवेदन किया था।



आरजी पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

### 12 से 16 अक्तूबर को होगा डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन

मोदीपुरम। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में नए शैक्षिक सत्र में एडमिशन के लिए डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन की तिथि आगे बढ़ा दी है। अब 12 से 16 अक्तूबर के बीच वेरीफिकेशन किया जाएगा। कृषि विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र-छात्राओं को डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए सोमवार को बुलाया गया था। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण वेरीफिकेशन नहीं हुई। अब 12 से 16 अक्तूबर तक वेरीफिकेशन किया जाएगा। कृषि विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि वेरीफिकेशन के लिए छात्र-छात्राओं को आवंटित कॉलेज में पहुंचना होगा। संवाद

इसके बाद सीबीएसई का दूसरा डाटा फीड किया गया था। विवि प्रशासन अब ऐसे छात्र-छात्राओं के नंबर ठीक कराने के साथ अलग गाइड लाइन जारी करेगा। जिनके एडमिशन कम नंबर होने पर भी पहली मेरिट में आ गए हैं, उनको देखा जाएगा कि वह नई मेरिट में कहां जगह बना रहे हैं।

ऐसे में इन एडमिशन को होल्ड कर दिया जाएगा। बाकी जो एडमिशन सही मेरिट से हुए हैं, उनको कोई परेशानी नहीं होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिन के भीतर ही सारी प्रक्रिया सही कर दी जाएगी। ऐसे में छात्र-छात्राएं परेशान न हों। अब नई मेरिट के हिसाब से कैंपस-कॉलेजों में एडमिशन होंगे।

ऑनलाइन वाले कॉलेजों में जहां पर सोमवार के एडमिशन कंफर्म नहीं किए गए थे, वह अभी उनको होल्ड ही रखेंगी। इस बारे में मंगलवार को विवि नई गाइड लाइन भी जारी करेगा।

## डीयू दाखिला प्रक्रिया समझाने के लिए आठ अक्तूबर को वेबिनार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में यूजी कोर्सेज के दाखिले की शुरुआत 12 अक्तूबर से होने जा रही है। इससे पहले डीयू दाखिले की एबीसी छात्रों को समझाने के लिए आठ अक्तूबर को वेबिनार आयोजित करेगा। इस वेबिनार में छात्रों को कट ऑफ, कोर्स कॉम्बिनेशन, अंकों की कटौती, फीस, और ऑनलाइन दाखिला कैसे लेना है, इसके संबंध में बताया जाएगा।

हर साल दाखिला प्रक्रिया शुरू से पहले होने वाले ओपन डेज की तर्ज पर इस बार वेबिनार किया जा रहा है। इसमें डीयू विशेषज्ञ छात्रों के सवालों के जवाब भी देंगे। दरअसल, इस बार डीयू में पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। कोविड 19 के कारण छात्रों को दाखिला लेने के लिए कॉलेज नहीं जाना है। ऑनलाइन ही दाखिला होगा, ऑनलाइन ही दस्तावेज जमा होंगे और उसके बाद ऑनलाइन ही फीस का भुगतान होगा।

डीयू अधिकारी कहते हैं कि छात्र कॉलेज नहीं आएंगे और प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऐसे में हो सकता है कि छात्रों को किसी तरह की जानकारी चाहिए हो। लिहाजा, पहले ही वेबिनार के माध्यम से उनकी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इससे उन्हें दाखिला लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। ब्यूरो

---

INDUSTAN- 6-10-2020

### छात्राओं की मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षा नौ से

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज ने महाविद्यालयों की छात्राओं की मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षा की डेट जारी कर दी है। इसमें समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की नौ अक्तूबर सुबह 10 बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज कोड 058, अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर 12 अक्तूबर सुबह साढ़े दस बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज कोड 058 की होगी। राजनीतिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की 13 अक्तूबर को समय दस बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज 058, इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय मेरठ 053, शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला पीजी कॉलेज 091

---

HINDUSTAN- 6-10-2020

### आरजी कॉलेज में वायवा की तिथियां तय

मेरठ। आरजी कॉलेज ने विभिन्न विषयों में प्रैक्टिकल एवं वायवा की तिथि तय कर दी है। बीए फाइनल रेगुलर ड्राइंग का प्रैक्टिकल 14 अक्तूबर को 7:30 बजे, एमए इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर का वायवा 15 अक्तूबर को 10:30, एमए इतिहास फाइनल प्राइवेट का 16 अक्तूबर को 10:30 बजे, एमए संगीत तबला चतुर्थ सेमेस्टर प्रैक्टिकल 15 अक्तूबर को 10 बजे से, एमए संगीत गायन चतुर्थ सेमेस्टर रेगुलर का 11 अक्तूबर को नौ बजे से एवं सितार चतुर्थ सेमेस्टर का 10 को होगा। इतिहास एवं संगीत में अन्य कॉलेजों की छात्राओं का वायवा आरजी कॉलेज में होगा।

**AMAR UJALA- 6-10-2020**

# यूजी में पहले दिन नौ हजार छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

## 50 विद्यार्थियों ने भरा गलत डाटा, प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जारी होगी गाइडलाइन

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में सोमवार को मेरठ और सहारनपुर मंडल में पहली मैरिट से नौ हजार एडमिशन हुए। जिन छात्र-छात्राओं के एडमिशन हुए हैं, उनको चिंता करने की जरूरत नहीं है। गलत डाटा फीड होने वाले एडमिशन की संख्या 50 के करीब ही है। मेरिट बदलने पर यही छात्र-छात्राएं बाहर होंगे। पूरी मेरिट में गलत डाटा वाले छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 500 बताई गई है।

मेरठ में एडमिशन की बात करें तो पहले दिन एडमिशन की संख्या बेहद कम रही। मेरठ कॉलेज, डीएन कॉलेज और एनएएस कॉलेज में ज्यादा एडमिशन नहीं हुए। गर्ल्स कॉलेजों में आरजी, इस्माईल, कनोहर लाल और शहीद मंगल पांडे कॉलेज में भी गिनती के ही एडमिशन हुए हैं।

एडमिशन के दौरान ही गलत मेरिट जारी होने का खुलासा तब हुआ जब वेरीफिकेशन के दौरान 500 पूर्णांक में से प्राप्तांक 550 मिला। यानी डाटा गलत फीड होने से इन छात्रों के छह विषयों के प्राप्तांक मेरिट में जुड़ गए। ये वह छात्र-छात्राएं हैं जिन्होंने सीबीएसई के रजिस्ट्रेशन खुलने के बाद पहले तीन दिन आवेदन किया था।

इसके बाद सीबीएसई का दूसरा डाटा फीड किया गया था। विवि प्रशासन अब ऐसे छात्र-छात्राओं के नंबर ठीक कराने के साथ अलग गाइड लाइन जारी करेगा। जिनके एडमिशन कम नंबर होने पर भी पहली मेरिट में आ गए हैं, उनको देखा जाएगा कि वह नई मेरिट में कहां जगह बना रहे हैं।

ऐसे में इन एडमिशन को होल्ड कर दिया जाएगा। बाकी जो एडमिशन सही मेरिट से हुए हैं, उनको कोई परेशानी नहीं होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिन के भीतर ही सारी प्रक्रिया सही कर दी जाएगी। ऐसे में छात्र-छात्राएं परेशान न हों। अब नई मेरिट के हिसाब से कैंपस-कॉलेजों में एडमिशन होंगे।

ऑनलाइन वाले कॉलेजों में जहां पर सोमवार के एडमिशन कंफर्म नहीं किए गए थे, वह अभी उनको होल्ड ही रखेंगे। इस बारे में मंगलवार को विवि नई गाइड लाइन भी जारी करेगा।



आरजी पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

### 12 से 16 अक्तूबर को होगा डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन

मोदीपुरम। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में नए शैक्षिक सत्र में
एडमिशन के लिए डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन की तिथि आगे बढ़ा दी है। अब 12 से 16
अक्तूबर के बीच वेरीफिकेशन किया जाएगा। कृषि विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई
है। छात्र-छात्राओं को डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए सोमवार को बुलाया गया था।
लेकिन तकनीकी समस्या के कारण वेरीफिकेशन नहीं हुई। अब 12 से 16 अक्तूबर
तक वेरीफिकेशन किया जाएगा। कृषि विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि
वेरीफिकेशन के लिए छात्र-छात्राओं को आवंटित कॉलेज में पहुंचना होगा। संवाद

## डीयू दाखिला प्रक्रिया समझाने के लिए आठ अक्तूबर को वेबिनार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में यूजी कोर्सेज के दाखिले की शुरुआत 12 अक्तूबर से होने जा रही है। इससे पहले डीयू दाखिले की एबीसी छात्रों को समझाने के लिए आठ अक्तूबर को वेबिनार आयोजित करेगा। इस वेबिनार में छात्रों को कट ऑफ, कोर्स कॉम्बिनेशन, अंकों की कटौती, फीस, और ऑनलाइन दाखिला कैसे लेना है, इसके संबंध में बताया जाएगा।

हर साल दाखिला प्रक्रिया शुरू से पहले होने वाले ओपन डेज की तर्ज पर इस बार वेबिनार किया जा रहा है। इसमें डीयू विशेषज्ञ छात्रों के सवालों के जवाब भी देंगे। दरअसल, इस बार डीयू में पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। कोविड 19 के कारण छात्रों को दाखिला लेने के लिए कॉलेज नहीं आना है। ऑनलाइन ही दाखिला होगा, ऑनलाइन ही दस्तावेज जमा होंगे और उसके बाद ऑनलाइन ही फीस का भुगतान होगा।

डीयू अधिकारी कहते हैं कि छात्र कॉलेज नहीं आएंगे और प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऐसे में हो सकता है कि छात्रों को किसी तरह की जानकारी चाहिए हो। लिहाजा, पहले ही वेबिनार के माध्यम से उनकी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इससे उन्हें दाखिला लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। ब्यूरो

**INDUSTAN- 6-10-2020**

## छात्राओं की मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षा नौ से

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज ने [illegible] की छात्राओं की मौखिक, प्रयोगात्मक परीक्षा की डेट जारी कर दी है। इसमें समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की नौ अक्तूबर सुबह 10 बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज कोड 058, अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर 12 अक्तूबर सुबह [illegible] बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज कोड 058 की [illegible]गी। राजनीतिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की [illegible]3 अक्तूबर को समय दस बजे संस्थागत आरजी पीजी कॉलेज 058, [illegible] नेशनल महिला महाविद्यालय [illegible]ड 053, शहीद मंगल पांडेय [illegible] महिला पीजी कॉलेज 091

**HINDUSTAN- 6-10-2020**

## आरजी कॉलेज में वायवा की तिथियां तय

मेरठ। आरजी कॉलेज ने विभिन्न विषयों में प्रैक्टिकल एवं वायवा की तिथि तय कर दी है। बीए फाइनल रेगुलर ड्राइंग का प्रैक्टिकल 14 अक्तूबर को 7:30 बजे, एमए इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर का वायवा 15 अक्तूबर को 10:30, एमए इतिहास फाइनल प्राइवेट का 16 अक्तूबर को 10.30 बजे, एमए संगीत तबला चतुर्थ सेमैस्टर प्रैक्टिकल 15 अक्तूबर को 10 बजे से, एमए संगीत गायन चतुर्थ सेमेस्टर रेगुलर का 11 अक्तूबर को नौ बजे से एवं सितार चतुर्थ सेमेस्टर का 10 को होगा। इतिहास एवं संगीत में अन्य कॉलेजों की छात्राओं का वायवा आरजी कॉलेज में होगा।

## DAINIK JAGRAN- 7-10-2020

# बीएड की परीक्षा शुरू, 80 केंद्र बनाए



आरजी कालेज में बीएड की परीक्षा देती छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, मेरठ : बीएड की मुख्य परीक्षा शुरू हो गई है। 40 हजार परीक्षार्थियों के लिए करीब 80 केंद्र बनाए गए हैं। मंगलवार को विवि ने केंद्रों पर निगरानी के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. रूपनारायण ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण रही है।

**बीएड परीक्षार्थियों के बैग चोरी :** परीक्षा देने आए तीन परीक्षार्थियों के कॉलेज गेट के पास से बैग चोरी हो गए। बिजनौर ग्राम खेकड़ी निवासी नीता पुत्री कैलाश सिंह, सपना पुत्री [illegible] कुमार और अमित मेरठ स्थित एक कॉलेज से बीएड कर रहे हैं। तीनों का परीक्षा केंद्र मेडिकल थाना क्षेत्र के आंबेडकर कॉलेज में था। परीक्षा से पहले तीनों ने अपने मोबाइल और पर्स को बैग में रखकर कॉलेज गेट पर जमा करा दिया था। जिसकी एवज में चपरासी रामअवतार ने उनसे दस रुपये लिए थे। पीड़ितों ने मेडिकल थाने में चपरासी के खिलाफ तहरीर दी है।

## DAINIK JAGRAN- 8-10-2020

### प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में चित्रकला संस्थागत बीए तृतीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 अक्टूबर को सुबह सात बजे होगी। इतिहास संस्थागत चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 15 को सुबह 10.30 बजे और इतिहास व्यक्तिगत द्वितीय वर्ष की मौखिक परीक्षा 16 को सुबह 10.30 बजे होगी। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि संगीत तबला संस्थागत चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 15 को सुबह 10 बजे, संगीत गायन संस्थागत चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 11 को सुबह नौ बजे व संगीत सितार संस्थागत चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 अक्टूबर सुबह 10 बजे होगी। -जासं

## DAINIK JAGRAN- 9-10-2020

### परीक्षा 12 और 13 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज जंतु विज्ञान बीएससी तृतीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे और एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 अक्टूबर सुबह 9.30 बजे होगी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि छात्राएं मास्क, सैनिटाइजर और दस्ताने साथ लेकर आएं। -जासं

## HINDUSTAN- 9-10-2020

### कोविड-19 से बचाव की शपथ ली

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवकों को कोरोना संक्रमण से बचाव की शपथ दिलाई गई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने कहा कि भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें। हाथों को समय-समय पर धुलते रहें। सैनिटाइजर और मास्क का प्रयोग करें। संक्रमण का लक्षण दिखे तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करें। मनीषा सिंघल, प्रीति, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. पूनम लखनपाल, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. शीतल पांडे रहीं।

## AMAR UJALA- 9-10-2020

### कोरोना से बचाव की ली शपथ

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने एनएसएस स्वयंसेवकों कोरोना से बचाव के लिए सतर्कता की शपथ दिलाई। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल व प्रीति ने किया। यहां डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. पूनम लखनपाल, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. शीतल पांडे आदि उपस्थित रहीं। वहीं शहीद मंगल पांडे डिग्री कॉलेज में भी प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र ने कोरोना से बचाव के लिए शिक्षकों को शपथ दिलाई। ब्यूरो

## DAINIK JANVAANI- 9-10-2020

### प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित

मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज में गुरुवार को जंतु विज्ञान विभाग की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित की गई। ये प्रयोगात्मक परीक्षा 13 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से आयोजित होने जा रही है। वहीं एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर जंतु विज्ञान विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से होगी। परीक्षा में संबंधित छात्राएं मास्क, सैनिटाइजर व अपने प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा देने पहुंचे।

## DAINIK JAGRAN- 10-10-2020

### चित्रकला परीक्षा 14 को

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष चित्रकला संस्थागत प्रयोगात्मक परीक्षा 14 को सुबह [illegible] बजे होगी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया एमए द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत अर्थशास्त्र की मौखिक परीक्षा 10 को 9.30 बजे होगी।

### जवाब न देने पर फटकार

मेरठ : चौ. चरण सिंह विवि में सूचना के अधिकार कानून आरटीआइ के तहत 173 मामले लंबित पड़े हैं, इसे लेकर रजिस्ट्रार ने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई है। सोमवार तक सभी के जवाब देने के लिए कहा है।

## AMAR UJALA- 10-10-2020

### एमए अर्थशास्त्र का वायवा आज

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में कई महाविद्यालयों की एमए द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत अर्थशास्त्र की छात्राओं की मौखिक परीक्षा शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे से होगी। आरजी, इस्माईल, लक्ष्मी देवी कन्या डिग्री कॉलेज मवाना, कनोहर लाल महिला महाविद्यालय मेरठ, गांधी स्मारक देवनागरी महाविद्यालय परीक्षितगढ़ मेरठ, फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज मेरठ, शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज शामिल हैं। आरजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष चित्रकला की संस्थागत की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 अक्तूबर को होगी। ब्यूरो

## DAINIK iNEXT- 10-10-2020

### प्रयोगात्मक परीक्षा 14 को होगी

आरजी पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष [illegible]कला संस्थागत प्रयोगात्मक परीक्षा 14 अक्टूबर को [illegible] 7.30 बजे होगी. प्राचार्य ने बताया कि एमए द्वितीय [illegible] व्यक्तिगत अर्थशास्त्र की मौखिक परीक्षा 10 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे होगी.

## AMAR UJALA- 11-10-2020

### पोस्टर प्रतियोगिता में शिफा अव्वल

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में शिफा प्रथम, कंचन त्यागी द्वितीय व खुशिका रस्तोगी तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार आरजू को मिला। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दीं। आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल, प्रीति ने किया। सलाहकार डॉ. अमिता शर्मा रहीं। निर्णायक डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. गरिमा पुंडीर रहीं। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 12-10-2020

### आरजी कॉलेज

| कोर्स | बोर्ड | अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी |
|---|---|---|---|---|---|
| बीए | यूपी | 71.6 | 66.2 | 64.0 | 0.00 |
| | अन्य | 72.0 | 66.2 | 64.6 | 0.00 |
| बीकॉम | यूपी | 72.6 | 69.4 | 65.8 | 0.00 |
| | अन्य | 85.8 | 81.4 | 65.6 | 0.00 |
| बॉयो | यूपी | 70.4 | 67.4 | 62.4 | 0.00 |
| | अन्य | 78.4 | 67.0 | 63.6 | 0.00 |

| कोर्स | बोर्ड |
|---|---|
| बीए | यूपी |
| | अन्य |
| बीकॉम | यूपी |
| | अन्य |
| गणित | यूपी |
| | अन्य |

## DAINIK iNEXT- 12-10-2020

### मौखिक परीक्षा 19 अक्टूबर को

MEERUT (11 Oct): आरजी पीजी कॉलेज में हिंदी द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगी. प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगी. प्रवेश पत्र, अंकतालिका, मास्क और सेनेटाइजर साथ लेकर आए.

## DAINIK JAGRAN- 12-10-2020

### मौखिक परीक्षा 19 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में हिंदी द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत की मौखिक परीक्षा 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष, व्यक्तिगत मौखिक परीक्षा 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगी। सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, अंकतालिका, मास्क और सैनिटाइजर साथ लेकर आए। जासं

## DAINIK JAGRAN- 13-10-2020

### मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षा कल से

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष सितार की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे होगी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि बीए द्वितीय वर्ष व्यक्तिगत विषय अंग्रेजी की मौखिक परीक्षा 20 और 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगी। भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर संस्थागत प्रयोगात्मक परीक्षा 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे और भूगोल तृतीय वर्ष प्रयोगात्मक परीक्षा 15 अक्टूबर को सुबह आठ बजे होगी। सभी छात्राएं मास्क और सैनिटाइजर साथ लेकर आएं। -जासं

## HINDUSTAN- 13-10-2020

# कॉलेजों में प्रवेश के पहले दिन लड़कियां टॉप पर

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

मेरठ-सहारनपुर मंडल में चौधरी चरण सिंह विवि से संबद्ध कॉलेजों में संशोधित मेरिट से पहले दिन प्रवेश लेने में लड़कियां टॉप पर रहीं। कॉलेजों में पहले दिन छात्रों से अधिक छात्राओं ने प्रवेश कराए। जिलों में सहारनपुर सर्वाधिक प्रवेश के साथ पहले नंबर पर रहा। कोर्स में बीए में सबसे ज्यादा प्रवेश हुए। सांख्यिकी में पूरे विवि में मात्र नौ प्रवेश कंफर्म हुए जिसमें आठ बागपत में और एक मुजफ्फरनगर से है।

बीबीए-बीसीए में भी पहले दिन छात्र-छात्राओं का अच्छा रिस्पांस मिला है। विवि प्रवेश पोर्टल के अनुसार सोमवार को कुल 16 हजार 963 प्रवेश हुए जिसमें 8229 छात्र और 8730 छात्राएं हैं। सोमवार को अकेले 82 सौ प्रवेश हुए जबकि पांच अक्तूबर को भी लगभग इतने ही प्रवेश हुए थे। कोर्स में सर्वाधिक 5315 प्रवेश बीए में हुए। एडमिशन 16 अक्तूबर तक चलेंगे।



सोमवार को आरजी कॉलेज में एडमिशन के लिए पहुंची छात्राएं। • हिन्दुस्तान

### विवि ने जारी किए रिजल्ट

मेरठ। चौ.चरण सिंह विवि ने बीएससी केमेस्ट्री ऑनर्स षष्टम सेमेस्टर का रिजल्ट जारी कर दिया है। छात्र आज से यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर यह रिजल्ट देख सकते हैं।

DAINIK JANVAANI - 13-10-2020

www.janwani.in

# मेरिट बदलने के बाद शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया

**1** पहले दिन ऑफर लेटर किए गए डाउनलोड

**2** मेरिट में नाम आने पर तुरंत ले प्रवेश

**3** छात्र-छात्राएं दूसरी मेरिट का न करें इंतजार

• जनवाणी संवाददाता, मेरठ

चौधरी चरण सिंह विवि व उससे संबंधित कॉलेजों में सोमवार से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन ज्यादातर छात्रों ने ऑफर लेटर डाउनलोड किए। वहीं कुछ कॉलेजों में बीए, बीएससी आदि कोर्सों में प्रवेश भी हुए। कोविड-19 के चलते इस वर्ष पहली बार विवि की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हो रही है। मेरिट जारी होने के बाद छात्र-छात्राओं ने लॉगइन आईडी से कटऑफ देखी। पहली मेरिट से 16 अक्टूबर तक प्रवेश होंगे। 18 अक्टूबर को विवि की ओर से दूसरी मेरिट जारी की जाएगी। विवि के अनुसार जिन छात्रों को इस कटऑफ में पहली प्राथमिकता का कॉलेज मिला है, वह हर हाल में प्रवेश करा लें दूसरी मेरिट का इंतजार न करें। मेरठ कॉलेज और एनएएस कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है, लेकिन जिन कॉलेजों में ऑनलाइन नहीं है। वहां छात्र-छात्राएं कोरोना बचाव के नियमों का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे। छात्रों को लॉगइन आईडी से ऑफर लेटर डाउनलोड कर संबंधित कॉलेजों में प्रमाणपत्रों के साथ पहुंचना होगा। विवि की ओर से मास्क व सामाजिक दूरी का पालन करने की अपील की गई है।



## प्रवेश के आंकड़े

### आरजी कॉलेज

| सीट | विषय | प्रवेश |
|---|---|---|
| 960 | बीए | 33 |
| 240 | बीएससी | 11 |
| 240 | बीकॉम | 07 |

### इस्माईल कॉलेज

| सीट | विषय | प्रवेश |
|---|---|---|
| 640 | बीए | 44 |
| 80 | बीकॉम | 03 |
| 160 | बीएससी | 01 |

### कनोहर लाल पीजी कॉलेज

| सीट | विषय | प्रवेश |
|---|---|---|
| 445 | बीए | 41 |
| 160 | बीकॉम | 07 |

DAINIK iNEXT- 13-10-2020

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



आरजी कॉलेज में मेरिट लिस्ट देखती छात्राएं.

# छात्रों ने निकाले ऑफर लेटर

स्टूडेंट ने वेबसाइट के जरिए आईडी व पासवर्ड से ऑफर लेटर्स को डाउनलोड किया

meerut@inext.co.in

MEERUT (12 Oct): [illegible]

### ऑनलाइन जमा हुए डॉक्यूमेंट

[illegible]

DAINIK JAGRAN- 14-10-2020

**मौखिक परीक्षा 15 से होगी**

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी गर्ल्स पीजी कालेज में [illegible] 16 अक्टूबर को होगी।

DAINIK JANVAANI- 14-10-2020

**मौखिक परीक्षा तिथि घोषित**

मेरठ। [illegible] परीक्षा 15 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। [illegible] मौखिक परीक्षा 16 अक्टूबर को होगी।

## AMAR UJALA- 15-10-2020

# स्नातक में प्रथम मेरिट के प्रवेश की अंतिम तिथि कल

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में बुधवार शाम तक 32,555 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। प्रथम मेरिट से प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अक्तूबर है।



आरजीपीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्राएं।

सीसीएसयू ने 1.30 लाख छात्र-छात्राओं की मेरिट जारी की थी। मेरठ जिले के कॉलेजों में बुधवार शाम तक 55 सौ छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। डीएन, मेरठ कॉलेज और एनएएस कॉलेज में ऑफलाइन प्रक्रिया होने के कारण अभी तक एक भी एडमिशन पोर्टल पर कंफर्म नहीं हो पाया है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश लेने की गति धीमी है। रजिस्ट्रेशन करने वाले 85 हजार छात्र-छात्राओं का एडमिशन होना बाकी है।

**प्रवेश लेने में भी छात्राएं अव्वल**

अब तक जो एडमिशन हुए हैं उनमें छात्राएं साढ़े 17 हजार और छात्रों की संख्या 15 हजार के करीब है। छात्रों की संख्या 15 हजार के करीब है। कोर्स की बात करें तो सबसे ज्यादा प्रवेश अब तक बीए में 12,059 हुए हैं। सेल्फ फाइनेंस कोर्सों का बुरा हाल है।

**12वीं व्यावसायिक के छात्रों की मेरिट गलत बनने का आरोप**

विवि में शिकायत की गई है कि 12वीं में व्यावसायिक से पास करने वाले छात्र-छात्राओं की मेरिट में नियमानुसार प्रैक्टिकल के नंबर नहीं जोड़े जाने थे, लेकिन विवि ने उनको जोड़कर मेरिट जारी कर दी। इसको लेकर कॉलेजों में अब दिक्कत आ रही है। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 15-10-2(

**आरजी कॉलेज**

| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| बीए | 960 | 178 |
| बीकॉम | 240 | 58 |
| बीएससी | 240 | 44 |

## HINDUSTAN- 16-10-2020

# आरजी में एजुकेशन का वायवा 20 को

मेरठ। आरजी कॉलेज में एमएड एजुकेशन प्राइवेट फाइनल का वायवा 20 अक्तूबर को 9:30 बजे से होगा। आरजी कॉलेज के साथ-साथ केंद्र पर आईएन कॉलेज, कनोहरलाल कॉलेज, गांधी स्मारक देवनागरी कॉलेज परीक्षितगढ़, विद्योत्मा कन्या महाविद्यालय, श्री राम निवास कन्या महाविद्यालय और मेरठ कॉलेज फॉर गर्ल्स एजुकेशन की छात्राओं का वायवा भी होगा।

## HINDUSTAN- 16-10-2020

# आरजी में हुए छात्राओं के प्रवेश

मेरठ। आरजी डिग्री कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में छात्राओं के प्रवेश हुए। बीए प्रथम वर्ष में 239 छात्राओं का प्रवेश हुआ। बीकॉम प्रथम वर्ष में 91 तथा बीएससी प्रथम वर्ष में 72 छात्राओं के प्रवेश हुए। यह जानकारी कालेज प्राचार्या ने दी।

## AMAR UJALA- 17-10-2020

# आरजी पीजी में एनसीसी के प्रवेश शुरू

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी इकाई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि कॉलेज में एनसीसी की दो इकाई कार्यरत है। प्रथम वर्ष में करीब 90 सीट उपलब्ध हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा पहली मेरिट से स्नातक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं एनसीसी में भी रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा रहे हैं। कला, विज्ञान व वाणिज्य वर्ग की प्रथम वर्ष की छात्राएं लिंक https://forms.gle/uQgZe5xWXJjD2YGr6 पर जाकर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकती हैं। फाइनल चयन 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के स्टाफ द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर किया जाएगा। सूचना व्हाट्सएप लिंक https://chat.whatsapp.com/HjtySRVXIErAhZ7Bu8i5zY पर क्लिक करने पर ग्रुप से जुड़ने पर दी जाएगी। ब्यूरो

Greetings to all @nsgblackcats personnel & their families on their R

# सोमवार को आ सकती है दूसरी मेरिट

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



आरजी कॉलेज में एडमिशन के लिए पहुंची छात्राएं.

## मिशन एडमिशन

### पहली मेरिट से एडमिशन का, अब नहीं है मौका

### सीसीएसयू आज से दूसरी मेरिट की तैयारियों में जुटी

meerut@inext.co.in

**MEERUT (16 Oct):** सीसीएसयू व संबद्धित कॉलेजों में विभिन्न कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. ऐसे में पहली मेरिट से शुक्रवार को एडमिशन खत्म हो चुके है. यूनिवर्सिटी आज से दूसरी मेरिट की तैयारियों में जुटेगा. अब उम्मीद है कि सोमवार तक दूसरी मेरिट आ जाएगी. यूनिवर्सिटी में फिलहाल पहली मेरिट से अब कोई भी एडमिशन का मौका नहीं दिया जाएगा. फिलहाल अब दूसरी मेरिट का इंतजार है. जो कुछ डाउन जा सकती है ऐसा भी बताया जा रहा है. दरअसल, पहली मेरिट के एडमिशन खत्म होने के बाद भी सीटें बहुत संख्या में खाली है.

#### बीएससी में कम इंट्रस्ट

दरअसल, कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है. ऐसे में अधिकतर स्टूडेंट्स बीए व बीकॉम में ही एडमिशन ले रहे हैं. इनमें भी देखा जाए तो एडमिशन लेने वालों में लड़कियों की संख्या अधिक है. बीए व बीकॉम में ही एडमिशन हो रहे हैं. वहीं बीएससी में एडमिशन लेने वालों की संख्या कम है. सीटों की तुलना में एडमिशन बहुत ही कम हो रहे हैं. पहली मेरिट से कम ही एडमिशन हो पाए है. अब सोमवार तक सेकेंड मेरिट आएगी. ऐसा अंदाजा है कि इस बार मेरिट कम जाने के चांस है, प्रोवीसी प्रो. वाई विमला के अनुसार दूसरी मेरिट के बाद ओपन मेरिट में ही एडमिशन होंगे, फिलहाल सोमवार तक मेरिट आ सकती है.

| कॉलेज | सीट | मेल | फीमेल | अदर | टोटल |
|---|---|---|---|---|---|
| **डीएन कॉलेज** | | | | | |
| बीकॉम | 400 | 31 | 64 | 0 | 125 |
| बीएससी बायो | 240 | 21 | 73 | 0 | 95 |
| बीएससी स्टेट | 240 | 33 | 28 | 0 | 61 |
| बीएससी मैथ्स | 160 | 0 | 4 | 0 | 4 |
| **मेरठ कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 880 | 55 | 54 | 0 | 109 |
| बीकॉम | 480 | 7 | 14 | 0 | 21 |
| बीकॉम एलएलबी | 120 | 6 | 14 | 0 | 20 |
| बीएससी-बायो | 480 | 5 | 13 | 0 | 18 |
| बीएससी मैथ्स | 480 | 28 | 13 | 0 | 41 |
| बीएससी स्टेट | 79 | 0 | 2 | 0 | 2 |
| **आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 960 | 0 | 292 | 0 | 292 |
| बीकॉम | 240 | 0 | 110 | 0 | 110 |
| बीएससी बायो | 240 | 0 | 91 | 0 | 91 |
| **एनएएस कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 560 | 30 | 25 | 0 | 55 |
| बीकॉम | 240 | 1 | 9 | 0 | 10 |
| बीएससी मैथ्स | 160 | 6 | 12 | 0 | 18 |
| बीएससी स्टेट | 40 | 3 | 4 | 0 | 7 |
| **कनोहर लाल गर्ल्स पीजी कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 445 | 0 | 207 | 0 | 207 |
| बीकॉम | 160 | 0 | 34 | 0 | 34 |
| **इस्माईल कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 640 | 0 | 246 | 0 | 246 |
| बीकॉम | 80 | 0 | 13 | 0 | 13 |
| **शहीद मंगल पांडे गर्ल्स पीजी कॉलेज** | | | | | |
| बीए | 220 | 0 | 53 | 0 | 53 |
| बीकॉम | 80 | 0 | 13 | 0 | 13 |
| बीएससी बायो | 80 | 0 | 17 | 0 | 17 |
| बीएससी मैथ्स | 80 | 0 | 15 | 0 | 15 |

## एमबीबीएस में बदलेगा पैटर्न, चल रही तैयारी

i SPECIAL

नकल पर लगाम लगाने के लिए बदलेगा पैटर्न

meerut@inext.co.in

**MEERUT (16 Oct):** सीसीएसयू व संबद्धित कॉलेजों में चलने वाले एमबीबीएस के सभी कोर्स को अब बदलने की तैयारी चल रही है. ऐसा बीते साल एमबीबीएस के नकल के मामलों को रोकने के लिए किया गया है. कोर्स बदलकर नकल पर काफी हद तक लगाम लग सकती है माना जा रहा है, इसके लिए यूजीसी ने भी अनुमति दे दी है, अब जल्द ही कोर्स को बदला जाएगा.

कोर्स बदलकर नकल पर काफी हद तक कसेंगे लगाम

#### पहले आए है मामले

गौरतलब है कि बीते साल भी 12 छात्र नकल करते मिले थे. इसके साथ ही दो साल पहले कॉपियों में अदला बदली की गई थी. ऐसा यूनिवर्सिटी की जांच समिति ने माना है कि पहले के कोर्स को बदला जाएगा, तभी नकल पर लगाम लग सकती है. कोर्स कई वर्षों से चला रहा है. ऐसे में नकल माफिया को नकल कराने में आसानी होती है. लिहाजा अब इसका पैटर्न भी बदला जा रहा है. जल्द ही नया कोर्स जारी किया जाएगा.

#### बोर्ड मीटिंग मे होगा फैसला

इस कोर्स के बदलाव की तैयारी चल रही है, इसमें नए टॉपिक होंगे, जो स्टूडेंट को ज्यादा नॉलेज देंगे. पैटर्न को भी इस तरह से बनाया जाएगा कि पेपर में नकल की संभावना न के बराबर रहे. ऐसे में नकल पर लगाम कसी जाएगी. पेपर को भी अदर सिटी के टीचर के माध्यम से ही बनाया जाएगा. पहले वाला पैटर्न नहीं होगा, तो नकल माफिया को नकल करना मुश्किल हो जाएगा. बोर्ड मीटिंग के बाद नया कोर्स जारी होगा.

#### हो जाएगा अगले हफ्ते तय

सीसीएस यूनिवर्सिटी की प्रोवीसी प्रो. वाई विमला के अनुसार कोर्स में प्रैक्टिकल ज्यादा होगा, बाकी आज के अपडेट के हिसाब से भी बदलाव होगा. पेपर के पैटर्न को भी बदलने की तैयारी है. जल्द ही सब फाइनल होगा. अगले सप्ताह तक सब क्लीयर हो जाएगा.

AMAR UJALA- 17-10-2020

# 22 हजार छात्रों ने लिया बीए में दाखिला

## बीकॉम दूसरे और बीएससी तीसरे नंबर पर, सेल्फ फाइनेंस कोर्सों का बुरा हाल

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में रजिस्ट्रेशन कराने वाले 40 फीसदी छात्र-छात्राओं ने बीए में एडमिशन लिया है। अब तक कुल 52 हजार एडमिशन में अकेले बीए की संख्या 22 हजार है। बीकॉम दूसरे नंबर नंबर है। इसमें 7200 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। बीएससी बायो, मैथ और स्टेटिक्स में 5752 एडमिशन हुए हैं। सेल्फ फाइनेंस के कुछ कोर्सों को छोड़कर बाकी का बुरा हाल है।

सीसीएसयू में पहली मेरिट से 52 हजार एडमिशन हुए हैं। इनमें छात्रों की संख्या 23837 और छात्राओं की संख्या 27830 है। कोर्स वार बात करें तो सबसे ज्यादा एडमिशन बीए में हुए हैं। इसमें 22 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। इसमें छात्राओं की संख्या 14650 और छात्रों की संख्या 7350 है। दूसरे नंबर पर बीकॉम है। इसमें 7200 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है।

बीएससी बायो में 2975, बीएससी मैथ में 2523 और बीएससी स्टेटिक्स में 254 एडमिशन हुए हैं। बीएससी एजी में 900 और बीएससी होम साइंस में 855 एडमिशन हुए हैं। इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस में गिनती के कोर्सों को छोड़ दें तो बाकी का बुरा हाल है। सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में सबसे ज्यादा एडमिशन बीबीए में 4637 और बीसीए में 4413 एडमिशन हुए हैं। बीए-एलएलबी में 3100 एडमिशन हुए हैं। बाकी कोर्सों की स्थिति बहुत खराब है।



आरजी पीजी कॉलेज में एडमिशन के लिए पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी वजह

सीसीएसयू की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला बताती हैं कि बीए अभी नहीं बल्कि 10 वर्षों से भी ज्यादा समय से सबसे अधिक पसंद किया जा रहा है। बहुत से छात्र-छात्राएं ऐसे होते हैं, जिनको सिर्फ ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। ऐसे में वे बीए में आसान विषय ले लेते हैं। साइंस और कॉमर्स में ऐसा नहीं है। इसके अलावा बहुत से छात्र-छात्राएं आजकल बीए में एडमिशन लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाते हैं। ऐसे में बीए छात्र-छात्राओं की पसंद अधिक बना हुआ है।

### एलएलएम-एमएड की प्रवेश परीक्षा कल तीन केंद्रों पर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में एलएलएम-एमएड में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को तीन केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। एलएलएम की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगी। एमएड की परीक्षा दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी। छात्र-छात्राएं सीसीएसयू की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एलएलएम में 2300 और एमएड में 2500 के करीब छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। प्रवेश परीक्षा के लिए मेरठ कॉलेज, एनएएस कॉलेज और सीसीएसयू कैंपस में केंद्र बनाया गया है। बिना मास्क के किसी भी केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। तीनों केंद्रों पर थर्मल स्क्रीनिंग कराई जाएगी। ब्यूरो

# पहली मेरिट के एडमिशन बंद दो दिन में आएगी दूसरी मेरिट

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस-कॉलेजों में पहली मेरिट के एडमिशन शुक्रवार को बंद हो गए हैं। इसमें 52 हजार छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। दूसरी मेरिट रविवार शाम या सोमवार को जारी कर दी जाएगी। सरकारी कॉलेजों में अभी भी काफी संख्या में सीटें खाली हैं।

पहली मेरिट से शुक्रवार शाम तक 52 हजार एडमिशन हुए हैं। सरकारी कॉलेजों में बीए-बीएससी-बीकॉम में 37 हजार सीटें हैं। पहली मेरिट के एडमिशन में अभी भी आधी सीटें खाली हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को सरकारी कॉलेजों में एडमिशन का अभी भी मौका है। सीसीएसयू के प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दूसरी मेरिट रविवार शाम या सोमवार तक जारी हो जाएगी। छात्र-छात्राओं के मोबाइल पर इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद एक ओपन मेरिट भी जारी की जाएगी। जो छात्र-छात्राएं पहली मेरिट में पसंदीदा कॉलेज मिलने के बाद भी एडमिशन नहीं ले पाए हैं, उनको अब ओपन मेरिट में मौका मिलेगा।

मिशन एडमिशन

**बीबीए-बीसीए-एमसीए का रिजल्ट जारी**

सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में बीबीए-बीसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा एमसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट भी जारी किया गया है। बीएससी फूड साइंस, क्वालिटी एंड कंट्रोल प्रथम वर्ष का रिजल्ट घोषित किया गया है। तीनों रिजल्ट यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

### डीयू में 70 हजार सीटों के लिए रिकॉर्ड 34814 दाखिले

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में स्नातक पाठ्यक्रमों की 70 हजार सीटों के लिए पहली कटऑफ में रिकॉर्ड 34, 814 दाखिले हुए हैं। पहली कटऑफ के आधार पर 59730 ने दाखिले के लिए आवेदन किया था। इनमें से शुक्रवार को 6394 दाखिले मंजूर हुए। शुक्रवार रात 11 बजकर 59 मिनट तक फीस भुगतान होने के कारण संख्या में इजाफा होगा। पहली कटऑफ में डीयू की लगभग आधी सीटें भर गई हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल डीयू में पहली कटऑफ में लगभग 24 हजार दाखिले हुए थे। दाखिले से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस बार कोविड-19 के कारण दाखिले पूरी तरह से ऑनलाइन हो रहे हैं। इस कारण से छात्रों के समय की बचत हो रही है। दूसरे राज्यों के दूर-दराज में रहने वाले छात्र फॉर्म तो भर देते थे लेकिन दिल्ली नहीं आ पाते थे। लेकिन अब घर पर बैठे ही दाखिला ले रहे हैं, इस कारण से रिकॉर्ड दाखिले हो रहे हैं।

## DAINIK JAGRAN- 20-10-2020

### आनलाइन् मिलेगा प्रशिक्षण

मेरठ : आरजी पीजी कालेज मे सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम की आनलाइन शुरुआत हुई। शारीरिक, शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. भावना मित्तल ने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम 23 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। -जाब।

## HINDUSTAN- 20-10-2020

### आरजी कॉलेज

| कोर्स | बोर्ड | अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी |
|---|---|---|---|---|---|
| बीए | यूपी | 63.2 | 59.6 | 58.0 | 0.00 |
| | अन्य | 63.2 | 59.6 | 58.0 | 0.00 |
| बीकॉम | यूपी | 70.6 | 68.0 | 62.0 | 0.00 |
| | अन्य | 88.2 | 80.0 | 62.8 | 0.00 |
| बीएस | यूपी | 69.0 | 63.8 | 59.0 | 0.00 |
| | अन्य | 74.0 | 64.6 | 60.0 | 65.2 |

## DAINIK iNEXT- 20-10-2020

### आरजी गर्ल्स कॉलेज

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बीए | यूपी | 63.20 | 59.60 | 58 |
| | अन्य | 63.20 | 59.60 | 58 |
| बीकाम | यूपी | 70.60 | 68 | 62 |
| | अन्य | 88.20 | 80.62 | 80 |
| बीएससी बायोयूपी | | 69 | 68.80 | 59 |
| | अन्य | 74 | 64.60 | 60 |

## HINDUSTAN- 21-10-2020

# मिशन शक्ति : लिखे स्लोगन तो कहीं हुए कार्यक्रम

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे राजकीय पीजी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु छह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम ह्रआयुषद्ध के दूसरे दिन मंगलवार को के कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दिनेश चन्द ने किया।

आत्मरक्षा अभियान के अंतर्गत शोतोकाई इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन से सिहान सिराज अहमद की टीम ने एनसीसी कैडट्स और छात्राओं को कराटे की जानकारी दी और अभ्यास कराया। उधर, आरजी इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



मंगलवार को आरजी कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ईशा दुहन रहीं जिन्होंने सभी को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी। श्री मल्हू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज में भी मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने पोस्टर बनाए और प्रेरक स्लोगन लिखे। प्रधानाचार्य डॉ. नीरा तोमर, डॉ. रजनी, सुधा आदि रहीं। आरजी पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का दूसरा दिन रहा। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ. भावना ने फिट रहने की शिक्षा दी।

### महिला अबला नहीं सबला है: कृतिका

मेरठ। महिला अबला नहीं सबला है। वर्तमान समय में महिला किसी से भी कमजोर नहीं है। बस उसको अपने अधिकारों के बारे में पता होना चाहिए। संविधान में महिलाओं के लिए अनेक अधिकार दे रखे हैं लेकिन जानकारी न होने के कारण वह अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाती। पैतृक मकान में पुरुष के बराबर ही महिला की भी हिस्सेदार होती है। चौ.चरण सिंह विवि द्वारा महिला सशक्तिकरण पर हुई वेबिनार में ट्रेनर कृतिका चतुर्वेदी ने कही। उन्होंने कहा कि संविधान में कई ऐसे कानून हैं जिसके बारे में महिलाओं को जानकारी तक नहीं है। प्रोवीसी प्रो.वाई विमला ने कहा महिला सशक्त होनी चाहिए। प्रो.बिन्दु शर्मा ने कहा पहले की शताब्दी में महिलाओं को अस्तित्वहीन माना जाता था। प्रो.संजय भारद्वाज सहित सभी विभागों के छात्र मौजूद रहे।

## DAINIK JAGRAN- 21-10-2020

# आरजी कालेज में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

जागरण संवाददाता, मेरठ: आरजी पीजी कालेज में मिशन शक्ति के तहत दूसरे दिन कार्यक्रम चलाया गया। इसमें सबसे पहले छात्राओं को रोजाना फिट रहने और शरीर को मजबूत बनाने के लिए व्यायाम कराए गए। इसके बाद सभी को पीछे, किनारे से रोलिंग के माध्यम से गिरने की कला सिखाई गई।



डा. भावना मित्तल ने छात्राओं को बताया कि अगर गिरने की तकनीकी से हम परिचित रहेंगे तो कोई हमें जमीन पर गिराकर कमजोर करना चाहेगा तो वह कामयाब नहीं हो पाएगा। उन्होंने तीन तकनीकी भी बताई। इसके बाद उन्होंने शरीर के नाजुक अंगों के विषय में बताया। जिस पर आघात करके छात्राएं अपना बचाव कर सकती हैं। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा के साथ शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया।

## DAINIK JAGRAN- 21-10-2020

### पुरातन छात्राएं आनलाइन कक्षाओं से जुड़ेंगी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के पुरातन छात्र संघ की ओर से कालेज के पुरातन छात्राओं को आनलाइन कक्षा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। मंगलवार को प्राचार्या डा. दीपशिखा शर्मा ने इसके लिए गूगल फार्म लिंक का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस फार्म को पुरातन छात्राएं स्मार्टफोन या कंप्यूटर से भर सकती हैं। इसके बाद वह रघुनंदिनी ग्रुप की सदस्या भी बन सकती है। -जाब

**AMAR UJALA-- 21-10-2020**

# दूसरी मेरिट से पहले दिन सिर्फ 1650 दाखिले

माई सिटी रिपोर्टर

**कैंपस-कॉलेजों में मंगलवार शाम तक हुए 54500 एडमिशन**

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में दूसरी मेरिट से पहले दिन सिर्फ 1650 एडमिशन हुए। मंगलवार शाम स्नातक में 54500 प्रवेश हो चुके हैं। एडमिशन की गति धीमी है। छात्र-छात्राएं सरकारी कॉलेजों में अधिक एडमिशन ले रहे हैं। सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में बहुत कम एडमिशन हो रहे हैं।

स्नातक के 40 कोर्सों में एडमिशन के लिए विवि अब तक दो मेरिट जारी कर चुका है। पहली मेरिट से 53 हजार के करीब एडमिशन हुए थे। दूसरी मेरिट में 26 अक्टूबर तक एडमिशन होने हैं। इसके बाद विवि एक ओपन मेरिट जारी करेगा। इसमें कोई भी छात्र-छात्रा उन कालेजों में आवेदन कर सकेगा जहां पर सीटें खाली होंगी। सरकारी कॉलेजों में बीए-बीएससी-बीकॉम और बीएससी एजी की अधिकतर सीटों पर एडमिशन लिए जा रहे हैं।

जिन छात्रों को सेल्फ फाइनेंस कॉलेज अलॉट हो रहे हैं, वे सीटें छोड़कर प्राइवेट में भी जा सकते हैं। सेल्फ फाइनेंस में फीस अधिक होने के कारण छात्र-छात्राएं बीए-बीएससी-बीकॉम में उनको कम पसंद कर रहे हैं।



आरजी डिग्री कॉलेज में प्रवेश के लिए आईं छात्राएं। अमर उजाला

## कई कोर्सों के रिजल्ट जारी

मेरठ। सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में मंगलवार को दर्जनों कोर्सों के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। इनमें प्रोन्नति वाले छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं। इनमें एमए द्वितीय सेमेस्टर के सभी विषय, बीएससी होम साइंस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, बीएससी एजी द्वितीय, चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर शामिल हैं।

इसके अलावा एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के सभी विषय, बीकॉम-एलएलबी में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, बीजेएमसी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, बीए-एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ और छठा सेमेस्टर शामिल हैं।

बीबीए [illegible] साइंस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी एजी सभी विषय द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी बायोकेमेस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय सेमेस्टर, एमएफए द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर, एमआईबी द्वितीय सेमेस्टर, एमजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायलॉजी द्वितीय सेमेस्टर, एमटेक बीटी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर एवं एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर 2020 के रिजल्ट के शामिल हैं।

जिन कॉलेजों की तरफ से मौखिक परीक्षाओं के अंक नहीं भेजे गए हैं, उनका रिजल्ट रोक लिया गया है। इसके अलावा एमएससी ह्यूमन डेवलपमेंट प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर और एमएससी मेडिकल माइक्रोबायलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। ब्यूरो

**AMAR UJALA- 22-10-2020**

## आरजी पीजी कालेज में छात्राओं ने सीखा पंच मारना

जागरण संवाददाता, मेरठ: आरजी पीजी कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को डा. भावना सिंह ने आत्मरक्षा बारे में बताया। प्रशिक्षिका [illegible] ने छात्राओं को हमला होने की स्थिति में पेन, मोबाइल, पर्स, चाबी, हेयरपिन से मुकाबला कैसे करें इसकी जानकारी भी दी। इसके साथ छात्राओं ने पंच मारना, ब्लॉकिंग और दुश्मन के प्रहार को रोकने कैसे रोका जाए इसका अभ्यास भी किया।



छात्राओं को टिप्स देते प्रशिक्षक ● सौ. कालेज प्रशासन

## HINDUSTAN- 22-10-2020

# मिशन शक्ति : साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

मिशन शक्ति के तहत बुधवार को विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम हुए। दीवान पब्लिक स्कूल में साइबर सेफ यूथ विषय पर कार्यशाला हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, पुलिस महानिरीक्षक राजीव सभरवाल, आयुक्त मेरठ मंडल अनीता सी मेश्राम, पुलिस महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र प्रवीण कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ईशा दुहन ने कार्यशाला को संबोधित किया।

अविनाश पांडे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ, पुलिस अधीक्षक यातायात जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, निदेशक एचएम राउत, प्रधानाचार्य एके दुबे और सुनील शर्मा मौजूद रहे।



दीवान स्कूल में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती कमिश्नर अनीता सी मेश्राम।



मिशन शक्ति के तहत बुधवार को श्री मत्तू सिंह नदौर आर्य कन्या इंटर कालेज (ऊपर), शहीद मंगल पांडे गर्ल्स पीजी कालेज, और आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को कराटे के गुर सिखाए गए।

**महिला सुरक्षा की ली शपथ**

मेरठ। मिशन शक्ति अभियान के तहत वाणिज्य कर भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान पर जोर दिया और शपथ ली। संपूर्णानंद पांडेय, शशि भूषण सिंह और सर्वेश आर्य भी मौजूद रहे।

**महिलाओं को किया जागरूक**

मेरठ। कम्पोजिट विद्यालय इटायरा में मिशन शक्ति अभियान के पांचवें दिन प्रधानाध्यापिका शशि वर्मा ने घरेलू हिंसा के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। शारीरिक, मौखिक, भावनात्मक, आर्थिक और यौन हिंसा आदि से बचने के तरीके बताए।

## AMAR UJALA- 22-10-2020

### अभिभावकों को बालिका सुरक्षा की दिलाई शपथ

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत एक ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंशुमाली शर्मा, प्रदेश एनएसएस अधिकारी उत्तर प्रदेश व विशेष अतिथि प्रो. विरेंद्र सिंह एनएसएस समन्वयक चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय रहे। मुख्य वक्ता अनीता राणा निदेशक जनहित फांउडेशन ने कहा कि बालिकाओं को अपना आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने सभी अभिभावकों व बालिकाओं को बालिका सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई। ब्यूरो

**आत्मरक्षा के गुर सिखाए**

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। संचालन एचओडी डॉ. ममता, श्वेता शर्मा ने किया। प्रिंसिपल डॉ. नीलिमा गुप्ता, डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. पारुल त्यागी का सहयोग रहा। उधर आरजी पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. दीपशिखा के निर्देशन में छात्राओं को सुरक्षा की जानकारी दी गई। जूडो खिलाड़ी सोनिया मलिक ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

## HINDUSTAN- 23-10-2020

### आरजी कॉलेज में द्वितीय-तृतीय वर्ष के प्रवेश शुरू

आरजी कॉलेज में बीए, बीएससी द्वितीय-तृतीय वर्ष तथा एमए, एमएससी, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं के प्रवेश शुरू हो गए हैं। छात्राएं 22 अक्तूबर से www.rgcollege.org के होम पेज पर जाकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। छात्राओं को होम पेज पर जाते हुए सब्मिट फी के आइकन पर क्लिक करना होगा। फॉर्म खुलने पर फीस जमा करनी होगी। छात्राओं को फॉर्म एवं ट्रांजक्शन आईडी का प्रिंट लेना होगा। इसकी और मार्कशीट की प्रति के साथ आगे की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

## AMAR UJALA- 23-10-2020

### आत्मरक्षा की जानकारी दी

मेरठ/मोदीपुरम। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ में चल रहे कार्यक्रम आयुध के चौथे दिन साइबर सुरक्षा और महिलाएं विषय पर व्याख्यान हुआ। प्रो. दिनेश चंद, डॉ. लता कुमार, डॉ. अनुजा गर्ग, डॉ. अमर ज्योति, डॉ. ममता सागर, डॉ. स्वर्णलता मौजूद रहे। आरजी कॉलेज में चला मिशन शक्ति अभियान आरजी पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पल्लवपुरम थाना पुलिस ने ऑटो चालकों को अभियान की जानकारी दी। ब्यूरो/संवाद

## DAINIK iNEXT- 23-10-2020

# 'शक्ति' का 'मिशन' अभी अधूरा

**REALITY CHECK**

meerut@inext.co.in

**MEERUT (22 Oct):** प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के मिशन शक्ति की शुरूआत की है. इसके तहत बॉडी वार्न कैमरे भी एंटी रोमियो स्क्वायड को दिए गए है, ताकि छेड़खानी और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर नजर रखी जा सके. पर सच यह है कि इन कैमरों को लेकर महिला कांस्टेबल लापता है. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट की टीम ने गुरूवार को समूचे शहर का जायजा लिया.

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



आरजी कॉलेज में छात्राओं को समझाती महिला पुलिसकर्मी.

## DAINIK JAGRAN- 24-10-2020



शुक्रवार को आरजी डिग्री कालेज में आत्मरक्षा के गुर सीखती छात्राएं • जागरण

## HINDUSTAN- 24-10-2020

# ललित कला में असीमित मौके, रचनात्मकता चाहिए



**सुभारती विवि**

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

सुभारती विवि के ललित कला विभाग में कला में नवीन शैली एवं प्रयोग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, डिजीटल आर्ट मार्केट, मूर्तिकला एवं कैलीग्राफी में संभावनाओं पर हुई चर्चा में इस क्षेत्र में आने वाले अवसरों पर चर्चा की।

कुलपति ब्रिगेडियर डॉ.वीपी सिंह ने कहा की जीवन में हर स्तर पर कलाओं का वर्चस्व देखा जा सकता है। ललित कलाओं में असीमित विकल्प हैं। आरजी कॉलेज से डॉ.अर्चना रानी ने कहा कि चित्रकला में पारम्परिक शैलियों ने आज अपनी पहचान बनाई है। वह आधुनिक शैली की जननी बनी और नित नवीन प्रयोगों द्वारा पल्लवित हुई। कला बन्धन मुक्त होनी चाहिए।

प्राचार्य डॉ.पिन्टू मिश्रा, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. सोनल भारद्वाज, डॉ. अंशु श्रीवास्तव, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. रितु संगल, शशि, प्रज्ञा, विकास त्यागी, डॉ. वन्दना, डॉ. अमिता शुक्ला, डॉ. अन्नता, फराह आदि मौजूद रहे।

## DAINIK iNEXT- 24-1.0-2020

### महिलाओं के अधिकार बताए

**MEERUT (23 Oct):** आरजी डिग्री कॉलेज के बीएड विभाग ने मिशन शक्ति के तहत ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया. इसकी मुख्य अतिथि डॉ अनुभूति चौहान रही. प्रशासनिक अधिकारी राजेश त्यागी रहे. संचालन अनुजा अग्रवाल एवं शुभम त्यागी ने किया. इस दौरान महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई. इस दौरान डॉ. दीपिका शर्मा, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ. सुंदरी काल, आरती शर्मा, डॉ शिवानी शर्मा मौजूद रही.




## HINDUSTAN- 24-10-2020

### आत्मरक्षा के गुर सिखाए

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया। बताया कि विपत्ति में कभी हार नहीं माननी चाहिए। शहीद मंगल पांडे गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयुष कार्यक्रम के पांचवें दिन कराटे कोच सिहान सिराज अहमद ने प्रशिक्षण दिया। आरजी पीजी कॉलेज में आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। श्री मल्लू सिंह मटौर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में भी स्लोगन लिखे गए।

## DAINIK JANVAANI- 26-10-2020

# साइबर अपराध से बचने की दी जानकारी

• जनवाणी संवाददाता, मेरठ



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बालिका रक्षा जागरूक कार्यक्रम मिशन शक्ति की शृंखला में रविवार को आरजी पीजी कॉलेज में एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था महिला आत्मरक्षा एवं साइबर अपराध। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य दीपशिखा शर्मा द्वारा की गई। इस दौरान डॉ पल्लवी ने कहा की वर्तमान में बढ़ते हुए तकनीकी विकास के साथ-साथ इंटरनेट का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी ये केवल व्यस्कों के पास ही नहीं बल्कि छोटे बालक और बालिकाओं के पहुंच में बहुत आसानी से आ गया है सबसे ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल आज सभी लोग कर रहे हैं। तकनीकी विकास के साथ-साथ साइबर अपराध भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं के साथ क्योंकि वह अपराधियों का सबसे ज्यादा आसान शिकार बन जाती हैं। इस संगोष्ठी के माध्यम से मुख्य वक्ताओं ने सभी महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सभी रेंजर्स और उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। डा. सुमन ने सर्वप्रथम महिलाओं की समाज में सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने और प्रगति करने के विषय में बताया 2021 में महिलाएं अब भारतीय सेना के क्षेत्र में भी पूरी बहादुरी के साथ सामने आ रही है। उन्होंने नौ देवियों में नारी की शक्ति और उसकी स्थिति का वर्णन किया। नारी शक्ति का रूप है देवताओं ने भी उससे शक्ति मांगी थी। किस प्रकार अपनी जागरूकता अपनी चेतना के माध्यम से हम समाज में हो रहे अपराधों को रोक सकते है। विशिष्ट वक्ता डा. बीना राय ने समाज में लड़के और लड़कियों के बीच के भेद की आलोचना की। पत्नी बेटी बहन का सही समय पर सहयोग करना ही सच्चा रिश्ता निभाना है। डॉ सुनीता सिंह ने सभी रेंजर्स और उनके अभिभावकों को साइबर क्राइम क्या होता है, कितने प्रकार का होता है ,इसके खिलाफ शिकायत कहां दर्ज कर सकते हैं तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1091, 1096, 1098 नंबर्स की सहायता से तुरंत पुलिस से सहायता प्राप्त की जा सकती है साथी अपनी जीपीएस लोकेशन को अपने पेरेंट्स के फोन पर भेज देने से भी वह आप की लोकेशन को लोकेट कर सकते हैं छोटी-छोटी सावधानियों से हम अपने साथ होने वाली अनहोनी से बच सकते हैं।

## HINDUSTAN- 26-10-2020



### साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक

मेरठ। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत आरजी रेंजर्स टीम ने ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया। महिला आत्मरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर लोगों को जागरूक किया। गोष्ठी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ सुमन, डॉ. बीना राय, डॉ. पल्लवी रस्तोगी शामिल हुई।

## DAINIK JAGRAN- 26-10-2020



आरजी कालेज में मिशन शक्ति संगोष्ठी में भाग लेती प्रतिभागी • सौ. कालेज प्रबंधन

### महिला आत्मरक्षा और साइबर अपराध पर की विस्तार से चर्चा

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत रविवार को आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय महिला आत्मरक्षा एवं साइबर अपराध रहा। मुख्य वक्ता डा. सुमन ने कहा कि नारी शक्ति का रूप है, देवताओं ने भी इस शक्ति से बल मांगा है। वहीं डा. बीना राय ने समाज में लड़के और लड़कियों के बीच के भेद की आलोचना की। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने कहा कि समाज की असंतुलित स्थितियां ही अपराध को जन्म देती हैं।

## DAINIK iNEXT- 26-10-20

### महिला आत्मरक्षा और साइबर अपराध पर चर्चा



आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत रविवार को आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय महिला आत्मरक्षा एवं साइबर अपराध रहा. मुख्य वक्ता डा. सुमन ने कहा कि नारी शक्ति का रूप है. देवताओं ने भी इस शक्ति से बल मांगा है. वहीं डा. बीना राय ने समाज में लड़के और लड़कियों के बीच के भेद की आलोचना की. प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने कहा कि समाज की असंतुलित स्थितियां ही अपराध को जन्म देती है. अंत में डा. सुनीता सिंह ने महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1091, 1096, 109[illegible] की जानकारी दी. इस दौरान प्रीति पाल, शिवानी और डा. पल्लवी रस्तोगी भी उपस्थित रही.

**AMAR UJALA- 27-10-2020**

# स्नातक में एक लाख 37 हजार सीटें खाली

## पहली मेरिट से 52 हजार और दूसरी से 11 हजार दाखिले हुए, एक लाख 30 हजार छात्र-छात्राओं ने कराया था पंजीकरण

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में दो मेरिटों से स्नातक कोर्सों में मात्र 63 हजार दाखिले हुए हैं। पहली मेरिट से 52 हजार और दूसरी से 11 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। अब एक लाख 37 हजार सीटें खाली हैं।

दो लाख सीटों पर एक लाख 30 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। अभी भी 67 हजार छात्र-छात्राओं ने एडमिशन नहीं लिया है। दूसरी मेरिट के अंतिम दिन सोमवार को तीन हजार एडमिशन हुए हैं। सबसे ज्यादा एडमिशन बीए में 28174, बीकॉम में 8868, बीएससी बायो में 3890, बीएससी मैथ में 3616, बीएससी स्टेटिक्स में 327 और बीएससी एजी में 1120 एडमिशन हुए हैं। सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में बीबीए में 4710, बीसीए में 4547 और बीए-एलएलबी में [illegible]9 एडमिशन हुए हैं।

कोविड-19 के चलते इस बार स्नातक में रजिस्ट्रेशन जहां कम हुए हैं, वहीं एडमिशन की धीमी गति से सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

दो लाख सीटों में से एक लाख सीटें खाली रह सकती हैं। बीए-बीएससी-बीकॉम को छोड़ दें तो बाकी कोर्सों में गिनती के एडमिशन हो रहे हैं।

ऐसे में सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में कई कोर्स बंद हो जाएंगे। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन से जुड़े कॉलेज संचालकों का कहना है कि पहले से ही छात्र-छात्राओं की कम संख्या के कारण बुरा हाल था। इस बार कोविड-19 के बाद इतने कम एडमिशन हो रहे हैं कि कॉलेज चलाने मुश्किल हो जाएंगे। तमाम कोर्सों को बंद करना पड़ेगा।



आरजी कॉलेज में दूसरी मेरिट के अंतिम दिन दाखिला लेने पहुंचीं छात्राएं। अमर उजाला

### तीसरी मेरिट पर आज निर्णय लेगा विवि

विवि प्रशासन तीसरी मेरिट जारी करेगा या फिर कॉलेजों में ओपन मेरिट निकाली जाएगी। इस पर विवि प्रशासन मंगलवार को निर्णय लेगा। अगर ओपन मेरिट निकाली जाती है तो छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर का प्रिंट आउट निकालकर कॉलेजों में जमा कराना होगा। कॉलेज रिक्त सीटों पर ऑफर लेटर के हिसाब से मेरिट बनाकर जारी करेंगे। इसके अलावा अगर विवि मेरिट जारी करता है तो नंबरों के आधार पर ही प्रथम वरीयता वाले कॉलेज मिल पाएंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को मेरिट के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

### डीयू में तीसरी लिस्ट के दाखिले शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विवि में तीसरी कटऑफ के आधार पर दाखिले शुरू हो गए हैं। इसमें 0.25 से 2 फीसदी तक की गिरावट होते ही कुछ कोर्स में दाखिलों की संख्या बढ़ गई। प्रवेश परीक्षा आधारित कोर्स बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडी के लिए दाखिले सोमवार से शुरू हुए तो बीकॉम और बीकॉम-ऑनर्स में दाखिले रद्द भी कराए गए। कॉलेजों में 10 से 50 तक आवेदन रद्द कराए गए हैं।

दूसरी लिस्ट में कुछ कोर्स की कटऑफ ज्यादा हाई होने के कारण छात्र-छात्राएं दाखिला नहीं ले पाए थे। तीसरी कटऑफ में उन्होंने दाखिला लिया है। जिन छात्रों ने दूसरी कटऑफ में सीट पक्की की थी उन्होंने तीसरी कटऑफ के बाद अपने पसंदीदा कोर्स में दाखिले के लिए अपना पुराना दाखिला रद्द कराया। अभी इस कटऑफ के आधार पर 28 अक्तूबर तक दाखिले होते रहेंगे।

रामानुजन कॉलेज में तीसरी कटऑफ के पहले दिन कुल 150 दाखिले हुए। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एसपी अग्रवाल ने बताया कि सबसे अधिक 80 दाखिले बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडी में हुए। ब्यूरो

**DAINIK JAGRAN- 28-10-2020**

**प्रयोगात्मक परीक्षा दो नवंबर को**

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीए तीसरे वर्ष संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षा दो नवंबर को सुबह दस बजे से होगी। -जासं

Hindustan- 1-11-2020

# कहीं हुई प्रतियोगिता तो कहीं बच्चों ने बनाए चित्र

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

स्कूल-कॉलेजों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

इस्माईल गर्ल्स नेशनल इंटर कॉलेज शास्त्रीनगर में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्लोगन, भाषण और कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई।



शनिवार को महावीर इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने चित्र बनाए।

इसमें छात्राओं ने हिस्सा लिया।

केएल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के लिए विविध ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन हुआ। उधर, जीआईसी और चावली देवी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में सरदार पटेल की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। राम सहाय इंटर कॉलेज में भी सरदार पटेल जयंती व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम हुए। आरजी डिग्री कॉलेज में संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल, प्रीति, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. दीक्षा, उपासना आदि मौजूद रहे। महावीर इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। बच्चों ने सुंदर-सुंदर चित्र बनाए। चेयरमैन धर्मेंद्र भारद्वाज, प्रधानाचार्य नरेश कुशवाहा ने विचार रखे।

Hindustan- 3-11-2020

# विवि : कॉलेजों में अब पांच तक प्रवेश

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

मेरठ-सहारनपुर मंडल में चौधरी चरण सिंह विवि से संबद्ध कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में ट्रेडिशनल-प्रोफेशनल कोर्स में अब पांच नवंबर तक प्रवेश होंगे। विवि ने चार नवंबर को करवाचौथ होने से प्रवेश की अंतिम तिथि एक दिन आगे बढ़ा दी है।

शिक्षिकाओं की मांग पर विवि ने ये फैसला लिया है। शिक्षिकाओं ने करवाचौथ पर प्रवेश करने में असमर्थता जताई थी। विवि के अनुसार कॉलेज पहली ओपन मेरिट से पांच नवंबर तक प्रवेश करते हुए इसी दिन कंफर्म कर दें। कैंपस और कॉलेज में बीएससी नर्सिंग, बीपीईएस और बीएससी फिजिकल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स को छोड़कर बाकी सभी कोर्स के लिए उक्त नियम लागू होंगे।



## आईएन और आरजी में कटऑफ जारी

मेरठ। आरजी और आईएन कॉलेज ने पहली ओपन मेरिट में प्राप्त आवेदनों से कटऑफ जारी कर दी है। आईएन में बीए कोर्स में सामान्य की कटऑफ 54.6, ओबीसी में 42.6, एससी में 40.4 जबकि बीकॉम में सामान्य में 66.2, ओबीसी में 56.4 और एससी में 50.6 फीसदी रही है। आरजी कॉलेज में बीएससी कोर्स में अनारक्षित में 59.4, ओबीसी में 51.7, एससी में 45.8, बीए में सामान्य में 55.8, ओबीसी में 45.8, एससी में 40.8 जबकि बीकॉम में सामान्य में 77, ओबीसी में 69.2 और एससी में 54.8 फीसदी रही है। छात्राएं कॉलेज से संपर्क करते हुए प्रवेश करा सकती है। वहीं, सोमवार को ओपन मेरिट से 3500 प्रवेश कंफर्म हुए।

**एमडीएस की परीक्षा 27 नवंबर को :** सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में एमडीएस प्रथम वर्ष की परीक्षा 27 नवंबर को दो से पांच बजे तक होगी।

**एमएड और एलएलएम की उत्तर कुंजी जारी :** चौधरी चरण सिंह विवि ने एमएड एवं एलएलएम कोर्स की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विवि ने बीवॉक प्रथम सेमेस्टर एमएमडीटी और बीवॉक एमटीएचएम के विभिन्न कोड में प्रथम सेमेस्टर की उत्तर कुंजी जारी कर दी हैं। विवि इसी हफ्ते इन दोनों कोर्स का रिजल्ट जारी कर सकता है।

## सात तक एडमिशन

### बीएससी नर्सिंग की कटऑफ जारी

मेरठ। सीसीएसयू ने बीएससी नर्सिंग कोर्स में पहली कटऑफ जारी कर दी है। 21 कॉलेजों में करीब एक हजार सीटों के लिए यह कटऑफ जारी की गई है। इन सीटों पर 45 सौ स्टूडेंट ने आवेदन किया है। विवि के अनुसार नर्सिंग कोर्स में सात नवंबर तक प्रवेश करते हुए कंफर्म करने होंगे। छात्र ऑफर लेटर डाउनलोड करते हुए संबंधित कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं। छात्रों को पहली प्राथमिकता का कॉलेज मिला है और वह प्रवेश नहीं ले पाता तो उन्हें दूसरी मेरिट में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे छात्रों को आखिर में ओपन मेरिट में ही मौका दिया जाएगा।

## नोटिस कैंपस

### बीडीएस की परीक्षाएं 21 नवंबर से होंगी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विवि में बीडीएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष मुख्य एवं सप्लीमेंट्री की मुख्य परीक्षाएं 21 से सात दिसंबर तक दो से पांच बजे की पाली में होंगी। विवि ने परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

### कैंपस में बीए-एलएलबी की कटऑफ जारी

मेरठ। चौ.चरण सिंह विवि कैंपस में बीए-एलएलबी की कटऑफ जारी कर दी गई है। कोर्स में चार नवंबर तक 12 से चार बजे तक प्रवेश होंगे। अनारक्षित श्रेणी में 73.2, ओबीसी में 70.6, एससी में 65.2 और ईडब्ल्यूएस में 55.8 फीसदी कटऑफ रही है।

Amar Ujala- 3-11-2020

# ओपन मेरिट से पहले दिन 3550 एडमिशन

## सीसीएसयू ने पहली मेरिट के एडमिशन की तिथि एक दिन बढ़ाई

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में ओपन मेरिट से सोमवार को 3550 एडमिशन हुए हैं। एडेड और राजकीय कॉलेजों में अभी काफी सीटें खाली हैं। विवि ने पहली मेरिट के एडमिशन की अंतिम तिथि चार नवंबर से बढ़ाकर पांच नवंबर कर दी है।

मेरठ और सहारनपुर मंडल के कॉलेजों में सोमवार को 3550 एडमिशन होने के बाद कुल संख्या 67500 पहुंच गई है। दूसरे दिन एडमिशन की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। एडेड और राजकीय कॉलेजों में बीए-बीएससी-बीकॉम की मेरिट नीचे आने का हजारों छात्र-छात्राओं को इंतजार है। दूसरी ओपन मेरिट कितनी नीचे जाएगी ये सीटें भरे जाने पर निर्भर करेगा।

मेरठ में एडेड-राजकीय और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में 41723 सीटें हैं, इनमें से अभी तक 14273 सीटें भरी हैं। हालांकि इनमें सेल्फ फाइनेंस में ही सीटें खाली रहेंगी। एडेड और राजकीय कॉलेजों में कोई सीट खाली नहीं रहेगी।



आरजी पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए आई छात्राएं। अमर उजाला

**ये हुए दाखिले**

बागपत में 14355 सीटों पर 4098, बुलंदशहर में 28636 सीटों पर 8889, गौतमबुद्धनगर में 15601 सीटों पर 5983 दाखिले हुए हैं। गाजियाबाद में 25333 सीटों पर 8971, हापुड़ में 13807 सीटों पर 4689, मुजफ्फरनगर में 20342 सीटों पर 7151, सहारनपुर में 32156 सीटों पर 10310, शामली में 9013 सीटों पर सोमवार शाम तक 3131 एडमिशन हुए हैं।


फीस जमा करने के लिए लाइन में लगीं छात्राएं। अमर उजाला

### ■ बीएससी नर्सिंग की आज पहली मेरिट

सीसीएसयू से संबद्ध कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए मंगलवार को पहली मेरिट जारी होगी। इस मेरिट के एडमिशन मंगलवार से शुरू होकर सात नवंबर तक किए जाएंगे। सभी छात्र-छात्राएं मेरिट आने के बाद अपनी लॉगिन आईडी से ऑफर लेटर डाउनलोड कर लें और समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ संबंधित कॉलेज में जाकर एडमिशन लें।

### ■ फिर रजिस्ट्रेशन खोल सकता है विवि

प्रथम ओपन मेरिट के एडमिशन पांच नवंबर को खत्म होने के बाद कॉलेज बची हुई सीटों पर दूसरी ओपन मेरिट जारी करेंगे। इसके बाद विवि फिर से रजिस्ट्रेशन ओपन कर सकता है। अभी भी हजारों की संख्या में ऐसे छात्र-छात्राएं हैं, जो रजिस्ट्रेशन कराने से रह गए थे। विवि सीटें खाली देखते हुए रजिस्ट्रेशन खोलकर ओपन मेरिट से एडमिशन कराएगा।

## डीयू : चौथी कटऑफ के दाखिले शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में सोमवार को जारी हुई चौथी कटऑफ के दाखिलों की शुरुआत हो गई। इसके साथ ही कॉलेजों से दाखिले रद्द कराने व दाखिला वापस लेने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। साइंस कोर्स में की गई गिरावट के कारण सोमवार को इनमें भी दाखिले हुए। पांचवीं कटऑफ तक कॉलेज अधिकतर सीटें भरने का अनुमान लगा रहे हैं।

■ यदि दो दिन ज्यादा संख्या में दाखिले रद्द हुए या नाम वापस लिए गए तो पांचवीं कटऑफ में दाखिले का मौका मिल सकता है। चौथी लिस्ट के दाखिले बुधवार तक होंगे। शुक्रवार रात 11:59 बजे तक फीस जमा कराई जा सकेगी। चूंकि, चौथी कटऑफ लिस्ट में कैंपस के कई कॉलेजों में साइंस कोर्सेज खुले हैं, इसलिए छात्र-छात्राएं इनमें भी दाखिला ले रहे हैं।

■ रामजस कॉलेज में सामान्य श्रेणी के लिए इकनॉमिक्स-ऑनर्स में 97.50, अंग्रेजी-ऑनर्स में 96.50, हिंदी-ऑनर्स में 89, इतिहास-ऑनर्स में 97, राजनीति विज्ञान-ऑनर्स 98, संस्कृत-ऑनर्स में 75, बीकॉम में 97 फीसदी पर दाखिले खुले हुए हैं। कॉलेज अनुमान लगा रहा है कि इन कोर्स की सीटें शुक्रवार तक भर जाएंगी। यदि किसी कोर्स में ज्यादा दाखिले रद्द हुए या फिर नाम वापस लिए गए तभी पांचवीं लिस्ट में दाखिले की गुंजाइश बनेगी।

■ किरोड़ी कॉलेज में सामान्य श्रेणी के लिए इकनॉमिक्स में 97.75 फीसदी, अंग्रेजी-ऑनर्स में 98, इतिहास-ऑनर्स में 98, फिलॉसफी में 95.50, बीएससी-ऑनर्स केमिस्ट्री में 96.67, बीएससी-ऑनर्स मैथमेटिक्स 96.50, बीएससी-ऑनर्स फिजिक्स में 97.33, बीएससी प्रोग्राम लाइफ साइंस 96 फीसदी पर दाखिला हो रहा है। कॉलेज ने कटऑफ में इस तरह से गिरावट की है कि जिससे सीटों से अधिक दाखिले न हों। दरअसल, कटऑफ का एक नियम है कि कॉलेजों को कटऑफ के बाद दाखिले के लिए दिए गए तीन दिनों में दाखिले लेने ही होंगे, चाहे वो पहले दिन सीट फुल हो जाएं। ब्यूरो

Amar Ujala- 4-11-2020

# आठ नवंबर से स्नातक में दोबारा रजिस्ट्रेशन का मौका

## 20 नवंबर तक होंगे पंजीकरण और ओपन मेरिट के दाखिले

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए विवि आठ नवंबर से दोबारा रजिस्ट्रेशन खोल रहा है। 20 नवंबर तक इनके रजिस्ट्रेशन होंगे। ओपन मेरिट से दाखिले भी होते रहेंगे।

सीसीएसयू के मेरठ-सहारनपुर मंडल के कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में दो लाख सीटें हैं। इन पर एडमिशन को सिर्फ एक लाख 30 हजार छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किए हैं। मंगलवार शाम तक 71835 एडमिशन हुए हैं।

ऐसे में एक लाख 30 हजार सीटें खाली हैं। एडेड और राजकीय कॉलेजों में जहां एडमिशन को लेकर मेरिट नीचे ही नहीं आ रही, वहीं सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में 80 फीसदी सीटें खाली हैं।

एडेड-राजकीय कॉलेजों में कई जगह पर बीकॉम-बीएससी में मेरिट 80 फीसदी से नीचे ही नहीं आ रही है। दूसरी ओपन मेरिट में भी इसके बहुत कम नीचे आने की संभावना है। वहीं, विवि में बड़ी संख्या में रोजाना छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन खोलने के लिए फोन आ रहे हैं।

ऐसे में छात्र हित में विवि प्रशासन ने आठ नवंबर से दोबारा रजिस्ट्रेशन खोलने का निर्णय लिया है। कॉलेज अपनी ओपन मेरिट से एडमिशन देंगे। जिन छात्र-छात्राओं के एडमिशन पहली ओपन मेरिट से प्रथम वरीयता वाले कॉलेजों में नहीं होंगे, वे दूसरी ओपन मेरिट में भी ऑफर लेटर जमा कर सकते हैं। ओपन मेरिट में कॉलेज बदलने का भी विकल्प मिलेगा। ऐसे में छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को भी राहत मिलेगी।

मंगलवार को 4337 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन कन्फर्म कराए। पांच नवंबर पहली ओपन मेरिट की अंतिम तिथि है। सभी नौ जिलों में बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। ऐसे में अगर छात्र-छात्राओं का नंबर एडेड और राजकीय कॉलेजों में नहीं आता है तो वे सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में एडमिशन ले सकते हैं। बुधवार को विवि प्रशासन इस बारे में गाइड लाइन भी जारी करेगा।




मंगलवार को आरजी पीजी कॉलेज में अपने फॉर्म भरतीं छात्राएं। अमर उजाला

नौ नवंबर को विवि में 30 पदों का खुलेगा लिफाफा

Hindustan- 6-11-2020

# आखिरी दिन 3 हजार दाखिले, 8 नवंबर से फिर होंगे शुरू

PIC : JNN



कॉलेजों में दाखिले के लिए पहुंचे स्टूडेंट्स.

**एक लाख 90 हजार सीट में 78 हजार अभ्यर्थियों के प्रवेश**

**20 नवंबर के बाद आफरलेटर डाउनलोड होंगे**

के आधार पर एडमिशन ले सकेंगे. गुरुवार को मेरठ और सहारनपुर मंडल में 3000 अभ्यर्थियों के प्रवेश हुए. विवि ने ओपन मेरिट से बुलंदशहर को छोड़कर शेष जिलों के लिए पांच नवंबर प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित की थी. बुलंदशहर में उपचुनाव की

लिए हजारों कार्तिक पूर्णिमा पर पिंडदान

## Hindustan- 9-11-2020

### एनसीसी : गूगल मीट पर होगा वेबिनार

मेरठ। आरजी पीजी कालेज की दोनों एनसीसी सुबह दस बजे गूगल मीट पर वेबिनार का आयोजन कर रही है, जिसका शीर्षक है महिला व बाल सुरक्षा। यह वेबिनार शासन द्वारा प्रस्तावित मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया जा रहा है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ दीपशिखा शर्मा ने बताया कि महिला व बाल अपराधों के प्रति बच्चों को जागरूक करना समय की मांग है।

## Hindustan- 10-11-2020

### महिला-बाल सुरक्षा की जानकारी दी

वेबिनार

मेरठ | कार्यालय संवाददाता



आरजी पीजी कालेज की दोनों एनसीसी इकाइयों ने महिला व बाल सुरक्षा के लिए वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस वेबिनार से बच्चे लाभांवित होंगे।

वेबिनार का आयोजन कॉलेज एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ पूनम लखनपाल, कैप्टन डॉ अंजुला राजवंशी ने किया। संचालन कैप्टन डॉ अंजुला राजवंशी ने किया। डॉ बीना राय ने पोक्सो एक्ट के संदर्भ में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। डॉ सीमा जैन ने छात्राओं को गुड टच व बेड टच के विषय में बताया। डॉ अमिता शर्मा और मेजर डॉ पूनम लखनपाल ने आत्मसुरक्षा व एनसीसी की गरिमा व अनुशासन बनाए रखने की छात्राओं से अपील की। यास्मीन, कशिश, रिया शर्मा, खुशी वालिया और अंकुश का विशेष सहयोग रहा।

## Dainik Jagran- 10-11-2020

### नारी शक्ति सम्मान डा. सुमन को

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी डिग्री कालेज रेंजर्स टीम की एडवांस रेंजर्स डा. सुमन को नारी शक्ति सम्मान प्रदान किया गया। भारत स्काउट एंड गाइड के लालकुर्ती कार्यालय में स्काउट एवं गाइड के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम डा. सुमन को सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए नारी शक्ति का सम्मान प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में श्वेता सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## Amar Ujala- 10-11-2020

### पाक्सो एक्ट की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में महिला व बाल उत्पीड़न व हिंसा से बचाव पर वेबिनार हुआ। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने की। आयोजन कॉलेज एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने किया।

वेबिनार में डॉ. बीना राय ने बच्चों के यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु बने पाक्सो एक्ट की जानकारी दी। डॉ. सीमा जैन ने छात्राओं को गुड टच व बेड टच के विषय में बताया। डॉ. अपर्णा वत्स ने हेल्पलाइन की जानकारी दी। डॉ. अमिता शर्मा ने महिला हिंसा में बचाव को बने कानूनों की जानकारी दी। डॉ. रेनू कांबोज, डॉ. सोनिका चौधरी, यास्मीन, कशिश, रिया शर्मा खुशी वालिया व अंकुश का सहयोग रहा। ब्यूरो

## Hindustan- 12-11-2020

### पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट्स ने लिया हिस्सा

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में दोनों एनसीसी इकाइयों ने मेजर डॉ. पूनम लखनपाल और कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में स्वच्छता जागरुकता के तहत ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 22 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। निर्णायक में डॉ. सोनिका चौधरी, रोहिणी भाटिया और यास्मीन रहे। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

## Amar Ujala- 12-11-2020

### प्रतियोगिता में डॉली व नीलाक्षी अव्वल

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता हुई। एनसीसी इकाइयों ने मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता के तहत प्रतियोगिता कराई। निर्णायक मंडल में डॉ. सोनिका चौधरी, रोहिणी भाटिया व यासमीन रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम डॉली और द्वितीय किरी रहीं। जूनियर वर्ग में प्रथम नीलाक्षी व द्वितीय कशिश रहीं। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो

## Hindustan- 20-11-2020

# 'वीरांगनाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत'

माई सिटी रिपोर्टर

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आरजी कॉलेज में प्रांत छात्रा सम्मेलन

मेरठ। हमें ऐसे समाज का निर्माण करने की आवश्यकता है जिसमें छात्राओं की प्रेरणास्रोत रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान क्रांतिकारी महिलाएं हों। ये विचार आरजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत छात्रा सम्मेलन में मुख्य वक्ता विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मनु शर्मा कटारिया ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का देश के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने जीवन में बहुत से उतार-चढ़ाव देखे। कम उम्र में माताजी का देहांत हो गया। मात्र 21 वर्ष की उम्र में उनके पति और पुत्र का देहांत हो गया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी तथा सेना और प्रजा का नेतृत्व किया। छात्राओं को ऐसी वीरांगनाओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। परिश्रम एवं आत्मबल के सहारे उच्च पदों पर आसीन महिलाओं से सीख लें। आज हमारे देश में सबसे ज्यादा कॉमर्शियल पायलट महिलाएं हैं।

मुख्य अतिथि माधुरी सहास्त्रबुद्धे ने छात्राओं से स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं पाठ्यक्रम के साथ-साथ महापुरुषों, देश-विदेश में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखें। विशिष्ट अतिथि अरुणोदया सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अनुभूति चौहान ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद हर जगह पहचान बनाए हुए है। प्रदेश संगठन मंत्री महेश राठौर ने कहा कि जिस तरह आज का छात्र होगा उसी तरह हमारा देश होगा। यहां क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा और प्रदेश मंत्री सचिन चौधरी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का समापन महानगर अध्यक्ष डॉ. अंशु शर्मा ने धन्यवाद देकर किया।

**इनका रहा योगदान**

यहां उत्तम सैनी, राहुल विकल, सनी तोमर, डॉ. सुमन, ललिता राठौर, डोली चौधरी, श्रद्धा रस्तोगी, पूनम रानी, सोनम, तनु, शिवानी वर्मा, ज्योति पाल, नेहा, ज्योति गुप्ता, ध्रुव गोस्वामी, अंकित स्वामी रहे।



विद्यार्थी परिषद के सम्मेलन में दीप प्रज्वलित करतीं अतिथि डॉ. अनुभूति चौहान।

## Amar Ujala- 20-11-2020

# रानी लक्ष्मीबाई की तरह बनें लड़कियां

### आरजी कॉलेज

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

रानी लक्ष्मीबाई का देश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। अंग्रेजों को हमारे देश से खदेड़ने में रानी लक्ष्मीबाई की बहुत बड़ी भूमिका थी। छात्राओं को भी अपने आप को रानी लक्ष्मीबाई की तरह बनाने की जरुरत है।

आरजी कॉलेज में एबीवीपी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव पर प्रांत छात्रा सम्मेलन में उक्त बात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.मनु शर्मा कटारिया ने कही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देश की महिलाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए समाज के लिए काम किया। उन्होंने पाठ्यक्रम के साथ-साथ महापुरुषों के जीवन का अध्ययन करते हुए उससे प्रेरणा लेने की अपील की।



माधुरी सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि आज लड़कियां किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देश-दुनिया में वे नाम रोशन कर रही हैं। समाज को अपना नजरिया बदलना होगा। डॉ. अनुभूति चौहान, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, प्रदेश संगठन मंत्री महेश राठौर, प्रदेश मंत्री सचिन चौधरी, महानगर अध्यक्ष डॉ. अंशु शर्मा, सिमरन कर्दम, उत्तम सैनी, राहुल विकल, सनी तोमर, डॉ. सुमन, ललिता राठौर आदि मौजूद रहे।

### कभी हार नहीं मानी

मेरठ। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के मौके पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव द्वारा वर्चुअल बैठक हुई। महिलाओं ने बताया कि तमाम परेशानियां आई लेकिन उन्होंने झांसी की रानी की तरह कभी हार नहीं मानी। मुख्य अतिथि आगरा से उत्तर प्रदेश सरकार में कार्यरत इति रंजन, विशिष्ट अतिथि निशा सक्सेना, मीरा सिंह, नीलम हरेंद्र सिंह, अंजली गुप्ता, वंदना, रीना सिंघल आदि मौजूद रहीं।

**Dainik Janvani- 22-11-2020**

# आरजी कॉलेज में एनसीसी में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों में लगभग 108 सीटों के लिए रजिस्ट्रेशन अपने अंतिम दौर में हैं। कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि जो भी बच्चे सेना का प्रारंभिक परिचय प्राप्त करना चाहते हैं वे एनसीसी में प्रवेश के लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 11 से 12 बजे के बीच फार्म लेकर व भरकर जमा कर सकते हैं। एनसीसी में प्रवेश के इच्छुक बच्चों का आरजी पीजी कॉलेज में 2020-21 में बीए,बीएससी या बीकॉम रेग्युलर कक्षा की छात्रा होना अनिवार्य है। आधार कार्ड व बैंक में खाता होना अनिवार्य है। एनसीसी छात्राओं को एकता, अनुशासन, समयबद्धता, देश प्रेम,जोश,हुनर व विलक्षण बनाती है। यूनिफार्म पहनने का गौरव छात्राओं को प्राप्त होता है। यूनिफार्म का कपड़ा मिलता है। योग्य कैडेट्स को छात्रवृत्ति भी मिलती है। विभिन्न कैंप में जाने व सेना के जावांजों से मिलने का अवसर मिलता है। कॉलेज की एनसीसी कैडेट थल सेना, जल सेना, वायु सेना, एनसीसीए दिल्ली पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, आबकारी विभाग व अन्य अर्ध सैनिक बलों, शिक्षिका, क्लर्क व अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। रजिस्ट्रेशन करने वाली छात्राओं का शीघ्र ही लिखितए प्रयोगात्मक व साक्षात्कार परीक्षा करवाई जाएगी। 22 यूपी गर्ल्स बटालियन की परीक्षा समिति द्वारा चयनित छात्राओं को कॉलेज की एनसीसी में शामिल होने का अवसर मिल सकेगा। जिन छात्राओं ने ऑनलाइन गूगल फार्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाया है, उनको ऑफलाइन फार्म भरने की जरूरत नहीं हैं। केवल परीक्षा में शामिल होना होगा। किसी भी अन्य जानकारी के लिए कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर कॉलेज एनसीसी ऑफिस में उपस्थित अधिकारियों व प्रवेश समिति के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

**Dainik Jagran- 22-11-2020**

## एनसीसी में प्रवेश के लिए हो रहे हैं रजिस्ट्रेशन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की दोनों एनसीसी इकाइयों में लगभग 108 सीटों के लिए रजिस्ट्रेशन अंतिम दौर में हैं। कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी ने बताया कि जो भी बच्चे सेना का प्रारंभिक परिचय प्राप्त करना चाहते हैं, वह एनसीसी में प्रवेश के लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 11 से 12 बजे तक फार्म भरकर जमा करवाएं। एनसीसी में प्रवेश के लिए बीए, बीएससी और बीकाम कक्षा की छात्रा होना अनिवार्य है।

**Hindustan- 22-11-2020**

## आरजी पीजी की एनसीसी में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरंभ

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों में लगभग 108 सीटों के लिए रजिस्ट्रेशन अपने अंतिम दौर में हैं।

कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि जो भी बच्चे सेना का प्रारंभिक परिचय प्राप्त करना चाहते हैं वे एनसीसी में प्रवेश के लिए प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच फ़ॉर्म लेकर व भरकर जमा कर सकते हैं।

**AMAR UJALA- 22-11-2020**

## आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी रजिस्ट्रेशन शुरू

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों में लगभग 108 सीटों के लिए रजिस्ट्रेशन अंतिम दौर में है। कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि जो भी बच्चे सेना का प्रारम्भिक परिचय प्राप्त करना चाहते हैं वे एनसीसी में प्रवेश के लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 11.00 बजे से फॉर्म लेकर जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने वाली छात्राओं का शीघ्र ही लिखित, प्रयोगात्मक व साक्षात्कार परीक्षा करवाई जाएगी। जिन छात्राओं ने ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाया है, उनको ऑफलाइन फॉर्म भरने की जरूरत नहीं हैं। केवल परीक्षा में शामिल होना होगा। ब्यूरो

**AMAR UJALA- 23-11-2020**

## आरजी पीजी कॉलेज में मनाया एनसीसी दिवस



आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी दिवस कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों के कैडेट्स ने कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में ऑनलाइन एनसीसी दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने शुभकामनाएं दी। संचालन सार्जेंट खुशी वालिया ने किया। कशिश ने स्वरचित कविता 'परेड पर आएंगे जरूर' सुनाई। कैडेट प्रियांशी कटारिया ने एनसीसी डे क्या है तथा यह क्यों, कब व कैसे मनाया जाता है के विषय में जानकारी दी। किशी राठौर ने आठ राज्यों के नृत्य को 'देश मेरा रंगीला' नामक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। एनसीसी ऑफिस सहायक अंकुश, यासमीन, रितु रानी, कविता सिंह का सहयोग रहा। ब्यूरो

**Hindustan- 23-11-2020**

## कैडेट्स ने मनाया एनसीसी दिवस

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में गूगल मीट पर ऑनलाइन एनसीसी दिवस मनाया। कैप्टन राजवंशी ने कैडेट्स को इस दिवस के बारे में बताया। कॉलेज प्राचार्य डॉ दीपशिखा शर्मा ने एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संचालन सार्जेंट खुशी वालिया ने किया। कशिश, अंकुश का विशेष सहयोग रहा।

**Dainik Jagran- 23-11-2020**

## नसीसी दिवस का आयोजन

रठ : आरजी पीजी कालेज की एनसीसी इकाइयों ने रविवार को आनलाइन एनसीसी दिवस मनाया। कैप्टन डा. अंजुला जवंशी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी प्रेम, समर्पण, त्याग, सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता, एकता और अनुशासन सिखाती है। कार्यक्रम में कशिश ने स्वरचित कविता परेड पर आएंगे जरूर, रिफ्रेशमेंट खाएंगे जरूर सुनाई। किशी राठौर ने देश रंगीला गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। इस दौरान प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## Hindustan- 24-11-2020

**आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज :** आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में पहले दिन छात्राओं को टाइम टेबल दिया गया। कॉलेज का एंट्री पैसेज संकरा होने के कारण गेट पर थर्मल स्क्रीनिंग नहीं हुई। कालेज के गेट पर हाथों को सैनिटाइज किया गया। थर्मल स्क्रीनिंग कक्षा में प्रवेश करने से पहले की गई। यूजी में चार से पांच और पीजी में 62 से 65 प्रतिशत छात्राओं की उपस्थिति रही।

## Dainik Jagran- 24-11-2020

### कालेज में प्रवेश से पहले हुई स्कैनिंग और मास्क की जांच

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में सोमवार को पीजी और यूजी की कक्षाओं का संचालन किया गया। कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए कालेज प्रबंधन ने प्रवेश के समय छात्राओं की थर्मल स्कैनिंग की और मास्क की भी जांच की। साथ ही छात्राओं के हाथों को भी सैनिटाइज करवाया गया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि यूजी में चार से पांच फीसदी और पीजी में 62 से 65 फीसद छात्राएं उपस्थित रहीं। -जास

AMAR UJALA- 11-12-20

# मानवाधिकारों के संरक्षण की ली शप

**विश्व मानवाधिकार दिवस**

**विभिन्न शिक्षण संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने बृहस्पतिवार को विश्व मानवाधिकार दिवस**
**शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों और कर्मचारियों ने मानव अधिकारों के संरक्षण की शपथ ली। सा**
**संगठनों ने जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरुक किया**




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आरजी कॉलेज और मेरठ कॉलेज में मानवाधिकारों के संरक्षण की शपथ लेते शिक्षक व कर्मचारी। अमर उजाला

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। मेरठ कॉलेज में बृहस्पतिवार को मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह ने सभी शिक्षकों-कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराई।

इसके अलावा जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र मेरठ इकाई द्वारा एक राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। इसका विषय वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों की स्थिति, मुद्दे एवं चुनौतियां रहा। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह रिटायर, मुख्य वक्ता प्रो. कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री कुलपति हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला रहे।

प्रो. कुलदीप चंद्र ने कहा कि अप्राकृतिक विभाजन मानवाधिकार हनन की जननी है। इस दौरान सुशील बौद्धिक प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, आयोजन सचिव डॉ. संजय कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. दयानंद द्विवेदी, शैलेंद्र गोदियाल, डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. एमपी वर्मा आदि मौजूद रहे। मेरठ कॉलेज के बीएड विभाग में डॉ. मंजू गुप्ता के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

एनएएस कॉलेज में प्राचार्य डॉ. वीपी राकेश ने शिक्षकों-कर्मचारियों और छात्रों को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने सभी को मानव अधिकारों की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. सीमा जैन, महिला और विकास कमेटी के इंचार्ज डॉ. रेनू कांबोज, डॉ. अंविता अग्रवाल, डॉ. छवि गुप्ता, डॉ. पूनम लखन पाल और छात्राएं आदि मौजूद रहे।

कनोहर लाल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शपथ ग्रहण हुआ। प्राचार्या डॉ किरण प्रदीप शिक्षकों को मानवाधिकार की शपथ दिलाई। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव ने किया। डॉ. विनीता गुप्ता, फातिमा हसन, विनीता पुंडीर, सिद्धि गुप्ता, प्रीति सिंह, सोनिका नागर, पूजा राय, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. दीपिका त्यागी आदि मौजूद रहे। शहीद मंगल पांडे महिला कॉलेज में ऑनलाइन संगोष्ठी हुई। डॉ. लता कुमार ने मानवाधिकार सरंक्षण की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद, डॉ. भारती दीक्षित, प्रो. डॉ. आरसी सिंह ने मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला। डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. अनिता गोस्वामी, डॉ. राकेश कुमार ने भाग लिया।

## AMAR UJALA- 14-12-20

सोमवार • 14.12.2020
amarujala.com
र उजाला 06

# छात्राओं को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी दी

**आरजी पीजी कॉलेज में वेबिनार का आयोजन किया गया**

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर रविवार को वेबिनार का आयोजन किया।

वेबिनार में मुख्य अतिथि रिसाइकल इंडिया फ़ाउंडेशन के सचिव आशीष अग्रवाल



कार्यक्रम में विचार रखते वक्ता।

रहे। उन्होंने प्लास्टिक को बुरा न बताते हुए अच्छी क्वालिटी के प्लास्टिक को उपयोग व पुनः उपयोग में लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक को उपयोग के बाद इधर-उधर न फेंका जाए। उसे एकत्र कर कबाड़ी अथवा कचरा बीनने वाले को दे दिया जाए तो सदुपयोग हो जाएगा। देश में प्लास्टिक से खिलाड़ियों के कपड़े, सामान, टाइल्स, ईंटे, दीवार, सड़क, जूते, जैकेट, छत, दरवाजे, बाल्टी, गमले, कंघे आदि सामान बन रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अमिता शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक के सदुपयोग के लिए चार आर रिड्यूस, रीयूज व रीसाइकल पर ध्यान दें। वहीं, प्लास्टिक के उपयोग एवं पुनः उपयोग से संबंधित व्यापार भी किया जा सकता है।

प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने कैडेट्स को प्रेरित किया कि वे विज्ञान विभाग, एनएसएस तथा रेंजर्स के साथ मिलकर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए प्रयास कर सकते हैं। इससे संबंधित कोर्स भी शुरू किए जा सकते हैं।

**रीयूज की संस्कृति अपनानी चाहिए**

मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने कहा कि कैडेट्स को यूज एंड थ्रो के बजाय रीयूज की संस्कृति अपनानी चाहिए। संचालन कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने किया। यहां यास्मीन, संध्या सिंह, डॉ. अनुराधा व सुकृति शर्मा, नीलाक्षी, कशिश, रिया शर्मा, शिवानी कश्यप, हर्षिता सागर, राधिका पाल, कनिका सिंघल, आकांक्षा चाहल, शिवानी, वीरांगना, मोनिका, प्रियंका, साधना, कंचन, अंजलि, मेधा, नीतू सेन, तनु गुप्ता, आरती उपस्थित रहे। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 15-12-20

### टीम वर्क की जानकारी ली

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की दोनों एनसीसी इकाइयों की द्वितीय और तृतीय वर्ष की सोमवार को गूगल मीट पर आनलाइन परेड प्रारंभ हुई। जिसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे, संचार कौशल, तनाव और भावना प्रबंधन, मानसिकता को कैसे बदलें, अंतरवैयक्तिक संबंध और टीम वर्क की जानकारी दी गई। इस मौके पर मेजर पूनम लखनपाल और कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी ने कैडेट्स को बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा के बारे में भी बताया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने एनसीसी अधिकारियों के प्रयास को सराहा और कैडेट्स के एकता तथा अनुशासन के जज्बे की प्रशंसा की। -जास

## HINDUSTAN- 15-12-20

### कैडेट्स ने ऑनलाइन परेड में लिया हिस्सा

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट्स के लिए ऑनलाइन परेड का आयोजन हुआ। कैडेट्स को राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे, संचार कौशल, तनाव व भावना प्रबंधन, मानसिकता को कैसे बदलें और टीम वर्क के विषय में बताया गया। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल, कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी, प्राचार्या डॉ. दीपशिखा, यास्मीन आदि रहे।

## AMAR UJALA- 15-12-20

### कैडेट्स ने की ऑनलाइन परेड

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को एनसीसी के दूसरे व तीसरे वर्ष के कैडेट्स के लिए ऑनलाइन परेड का आयोजन हुआ। इसमें कैडेट्स को राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे संचार कौशल, तनाव व भावना प्रबंधन, मानसिकता को कैसे बदलें, अंतरवैयक्तिक संबंध व टीम वर्क के विषय में बताया। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 16-12-20

### एनसीसी में प्रवेश की तिथि घोषित

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों में प्रवेश के लिए लिखित, शारीरिक और मौखिक परीक्षा को इस वर्ष नहीं होगी। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल और कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि प्रवेश के लिए इस बार सिर्फ रजिस्ट्रेशन होगा। छात्राएं 18 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे अपने फॉर्म, मूल प्रमाण पत्र और फोटो के साथ कॉलेज के एनसीसी ऑफिस में संपर्क कर सकती हैं।

## DAINIK JANVAANI- 16-12-20

### एनसीसी प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव

मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाईयों की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स ने कोरोना की स्थिति को देखते हुए इस साल एनसीसी की सामान्य प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव किया है। पिछले सालों में प्रवेश के लिए होने वाली लिखित, शारीरिक व मौखिक परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। छात्राओं को इससे एनसीसी में आने के सपने को पूरा करने का अवसर मिल जाएगा। मेजर डा. पूनम लखनपाल व कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी के अनुसार कोरोना से बचाव के लिए छात्रों को दो गज की दूरी का पालन करने, मास्क पहनकर आने, बार-बार हाथ धोने और सैनिटाइजर का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही मुख्य फार्म भरने वाली छात्राएं एनसीसी में प्रवेश के लिए 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे अपने फार्म व मूल कागजात और फोटो के साथ कॉलेज एनसीसी ऑफिस में संपर्क कर सकती है। वहीं एनसीसी द्वितीय व तृतीय वर्ष की परेड भी शुरु कर दी गई है।

## DAINIK JAGRAN- 17-12-20

### सलोनी और कंचन ने बढ़ाया कालेज का गौरव

मेरठ: आरजी पीजी कालेज की छात्राओं सलोनी और कंचन त्यागी ने भारत स्काउट-गाइड एक्टिविटी में भाग लेकर कालेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया ने भारत स्काउट-गाइड मुख्यालय दिल्ली द्वारा हाल में एक्टिविटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भाग लेकर कालेज का गौरव बढ़ाया है। रेंजर लीडर डा. सुमन ने दोनों छात्राओं को प्रेरित किया। -जास

## AMAR UJALA- 17-12-20

### एनसीसी में प्रवेश के लिए 18 दिसंबर को करें आरजी कॉलेज में संपर्क

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स ने कोरोना काल की स्थिति के मद्देनजर विगत वर्षों में एनसीसी में प्रवेश के लिए चयन हेतु की जाने वाली लिखित, शारीरिक व मौखिक परीक्षा को इस वर्ष निरस्त करने का निर्णय लिया है। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने बताया कि एनसीसी में प्रवेश के लिए छात्राएं 18 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे कॉलेज एनसीसी ऑफिस में संपर्क करें। एनसीसी द्वितीय व तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परेड भी शुरू कर दी गई है। आज कैडेट्स को संचार कौशल, नागरिक भावना, तनाव व भावना प्रबंधन, मानसिकता को बदलने, समय प्रबंधन, करियर काउंसलिंग एसएसबी में जाने की प्रक्रिया आदि के विषय में बताया गया। ब्यूरो

## DAINIK iNEXT- 17-12-20

### छात्राओं ने बढ़ाया गौरव

MEERUT (16 Dec): आरजी पीजी कॉलेज की कुमारी सलोनी और कंचन त्यागी दोनों छात्राओं ने भारत स्काउट गाइड एक्टिविटी में भाग लेकर जिले का गौरव बढ़ाया. प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बताया ने भारत स्काउट गाइड मुख्यालय दिल्ली द्वारा हाल में एक्टिविटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया.

## AMAR UJALA- 19-12-20

### कॉलेज में ड्रॉपआउट घटेगा



आरजी पीजी कॉलेज में प्रोफेसर डॉ. अमिता शर्मा ने कहा कि 21 साल की आयु में शादी होगी तो स्कूल, कॉलेजों में लड़कियों के ड्रॉपआउट घटेगा। अभी तो बारहवीं में आते-आते लड़कियों की शादी हो जाती है। कॉलेज में भी स्नातक फाइनल ईयर में आते-आते अधिकांश लड़कियां कॉलेज छोड़ देती हैं। अगर 21 साल की आयु में शादी होगी तो लड़कियां सही से पढ़ सकेंगी।

## DAINIK JAGRAN- 22-12-20

### आनलाइन परेड का आयोजन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की दोनों एनसीसी इकाइयों की सोमवार को आनलाइन परेड हुई। जिसमें कैडेट्स को महात्मा गांधी, भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री, रानी लक्ष्मीबाई, अब्दुल कलाम की केस स्टडी के बारे में बताया गया। मेजर लखनपाल ने कैडेट्स को बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने कैडेट्स के जज्बे की सराहना की। -जासं


## AMAR UJALA- 22-12-20

### अब्दुल कलाम के बारे में बताया

मेरठ। आरजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों की द्वितीय व तृतीय वर्ष की चौथी ऑनलाइन परेड हुई, जिसमें उन्हें महात्मा गांधी, भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री, रानी लक्ष्मी बाई, एपीजे अब्दुल कलाम, नरेंद्र मोदी, महेंद्र सिंह धोनी के बारे में बताया गया। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने कैडेट्स को जानकारी दी। मेजर लखनपाल ने बी व सी प्रमाणपत्र के बारे में बताया। ब्यूरो

## AMAR UJALA- 23-12-20

### एनसीसी कैडेट ने की प्रतिमाओं की सफाई



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व डॉ. अंजुला राजवंशी के नेतृत्व में प्रांगण में मां सरस्वती और महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर प्रण लिया कि उन प्रतिमाओं का ध्यान रखेंगे। कोरोना महामारी से लोगों को लगातार जागरूक करते रहने का संकल्प लिया। अंडर ऑफिसर रिया शर्मा, कैडेट मानसी यादव, किशी राठौर, ऐशिता त्यागी, राधा सोम, कंचन त्यागी और काजल आदि कैडेट्स मौजूद रहीं। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने कैडेट्स के उत्साह की प्रशंसा की। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 25-12-20

### बीएड में सीधे प्रवेश के लिए संपर्क करें छात्राएं

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीएड के लिए सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गए है। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि जो अभ्यर्थी बीएड काउंसिल में प्रवेश से वंचित रह गए हैं, वह प्रवेश पत्र और स्कोर कार्ड के अलावा शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ 25 व 26 दिसंबर तक संपर्क करें। -जासं

## DAINIK JANVAANI- 25-12-20

### बीएड में सीधे प्रवेश की तिथि बढ़ाई

मेरठ। बीएड प्रवेश परीक्षा में पास होने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो परीक्षार्थी बीएड काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो पाए हैं। अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, अब वे 31 दिसंबर तक कॉलेजों में सीधे प्रवेश ले सकते हैं जिन भी कॉलेजों में बीएड में सीटें खाली हैं, वहां खाली सीटों पर सीधे प्रवेश हो सकता है। शहर में आरजी पीजी कॉलेज व इस्माईल महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को खाली सीटों पर सीधे प्रवेश लिए गए। सीधे प्रवेश के लिए छात्रों को बीएड प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र, रिजल्ट की कॉपी व अन्य कागजात लाने होंगे। शनिवार को लखनऊ में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने यह आदेश सभी जिलों को जारी किया है। ब्यूरो

## AMAR UJALA- 25-12-20

### आरजी कॉलेज में बीएड में प्रवेश शुरू

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएड में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। जो छात्राएं बीएड काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो सकी हैं वे प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र व अंक तालिका एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ कॉलेज में आवेदन कर सकती हैं। प्रवेश शुक्रवार और शनिवार दो दिन होंगे। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 25-12-20

### आरजी कॉलेज में शुरू हुए बीएड में सीधे प्रवेश

मेरठ। आरजी कॉलेज में बीएड में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश शुरू हो गए हैं। जो छात्राएं काउंसिलिंग के जरिए प्रवेश नहीं ले सकीं वे अपने एडमिट कार्ड, समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र और स्कोर कार्ड के साथ विभाग में आज, कल संपर्क करते हुए प्रवेश करा सकती हैं।

## AMAR UJALA- 26-12-20

**इस्माईल, आरजी कॉलेज में बीएड में आज से प्रवेश :** मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज व इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष में प्रवेश शुरू हो गए हैं। छात्राएं कॉलेज में सीधे प्रवेश ले सकती हैं, जो अभ्यर्थी काउंसिलिंग में प्रवेश लेने से वंचित रह गई हैं। वे अपने सभी कागजात लेकर कॉलेज पहुंच जाएं। ब्यूरो

**AMAR UJALA- 30-12-20**

## आरजी की टीम ने किया प्रतिभाग

मेरठ। भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 16 दिवसीय एक्टिविटी प्रोग्राम के अंतिम दिन मंगलवार को आरजी पीजी कॉलेज की रेंजर्स टीम से कंचन, सलोनी और शिवानी ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य विषय नॉट हर फाल्ट था। महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा को देखते हुए वेबिनार और विभिन्न गतिविधियों के द्वारा छात्रों को जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। ब्यूरो

**AMAR UJALA- 31-12-20**

## डॉ. मीनू गुप्ता को किया गया सम्मानित



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनू गुप्ता को बुधवार को सीसीएसयू कैंपस में सम्मानित किया गया। प्रकृति फाउंडेशन द्वारा एकत्र किए गए सर्वाधिक औषधीय पौधों के लिए मीनू गुप्ता का चयन इंडियन रिकॉर्ड बुक के लिए हुआ है। प्रो. वाई विमला ने डॉ. मीनू गुप्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मुकेश नादान, डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. पारुल, डॉ. आरती, ज्योति, हेमलता, श्रुति, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. गीता सिंह, डॉ. मधु मलिक मौजूद रहीं। ब्यूरो

**HINDUSTAN- 31-12-20**

## डॉ. मीनू का चयन इंडिया रिकॉर्ड के लिए हुआ



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वनस्पति विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनू गुप्ता का चयन इंडिया रिकॉर्ड बुक के लिए किया गया है।

यह चयन प्रकृति फाउंडेशन द्वारा सर्वाधिक औषधीय पौधे एकत्रित करने पर हुआ है। बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन प्रकृति फाउंडेशन के डायरेक्टर मुकेश नादान ने विवि कैंपस में किया। मुख्य अतिथि प्रो. वाई विमला ने डॉ. मीनू गुप्ता को सम्मान चिह्न के रूप में प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. पारुल, डॉ. आरती, ज्योति, हेमलता, सुरीति आदि रहे। डॉ. मीनू ने इसका श्रेय पति डॉ. राकेश गुप्ता को दिया है।

## DAINIK JAGRAN- 10-1-2021

### छात्राओं ने ली पावर प्रजेंटेशन की जानकारी

मेरठ: आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। जिसमें मुख्य वक्ता हेमलता ने एमएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं को पावर पाइंट प्रजेंटेशन की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासा का भी समाधान किया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि छात्राओं को पावर पाइंट प्रजेंटेशन में निपुण करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिससे उन्हें कार्य करने में सुविधा हो सके। इस दौरान निर्लेप कौर, डा. गीता सिंह और डा. अमिता शर्मा भी मौजूद रहीं। -जासं

## AMAR UJALA- 10-1-2021

### आरजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में हैंड ऑन प्रैक्टिस पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ. हेमलता ने छात्राओं को संबोधित किया। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने तकनीकी विशेषता का महत्व बताया। अध्यक्षता एचओडी निर्लेप कौर ने की। संयोजिका डॉ. गीता सिंह रहीं। डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. मधु मलिक, ममता, आकांक्षा, डॉ. अनुपमा बिष्ट का सहयोग रहा। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 13-1-2021

समारोह

आरजी पीजी कालेज में 22 गर्ल्स बटालियन का निरीक्षण, कैडेट को कमांडिंग आफिसर ने दिए रैंक

# अनुशासन अपनाने में सेना के बाद दूसरे स्थान पर एनसीसी

जागरण संवाददाता, मेरठ : सेना के बाद संगठन और अनुशासन के मामले में एनसीसी दूसरे नंबर पर आती है। एनसीसी की क्षमताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि कैडेट देश सेवा करने के लिए सेना की वर्दी तक पहुंचे। यह कहना है 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल पंकज साहनी का। वह मंगलवार को आरजी पीजी कालेज में कैडेटों का निरीक्षण करने और उन्हें रैंक देने आए थे।

कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। टीम स्पिरिट सफलता के लिए बहुत जरूरी है। यही समय है जब एक कैडेट को अपने लक्ष्य का चुनाव



संबोधित करते मुख्य अतिथि • जागरण

कर लेना चाहिए। एक एनसीसी कैडेट की ओर पूरे देश की निगाह होती है। मेजर डा. पूनम लखनपाल ने बताया कि आरजी में सन् 1953 में एनसीसी की शुरुआत हुई थी। कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी, प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने पंकज साहनी



आरजी कालेज में 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कार्यक्रम में मौजूद कैडेट्स • जागरण

को प्रतीक चिन्ह दिया। कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी ने अनुमोदन पर रैंक पाने वाले कैडेटों के नाम की घोषणा की। कर्नल पंकज साहनी, मेजर डा. पूनम लखनपाल व सीनियर जीसीआई संध्या सिंह ने कैडेट्स के रैंक लगाए।

**इन्हें मिली रैंक**

सीनियर अंडर आफिसर रिया शर्मा को बनाया गया। अंडर आफिसर राधा सोम, रमा नागर और शिवानी को बनाया गया। क्वार्टर मास्टर रश्मि रानी और गरिमा चौधरी को बनाया गया। सार्जेंट मेजर रितु राय व साक्षी मलिक को बनाया गया। सार्जेंट दीक्षा सोनी, कंचन त्यागी, मानसी यादव, मोना खान, शिवी व नियति सिंह को बनाया गया। कोपौरल हर्षिता सागर, कनिका सिंघल, निधि वर्मा, कंचन कन्नौजिया, रज़िया, सीमा, शिवानी, इशिता, किशी राठौर, श्वेता त्यागी, आरजू, हिमानी, तनु, नीलाक्षी व प्रियांशी कटारिया को बनाया गया। लांयस कोपौरल हिमानी सिंह, काजल, समर जहां, आरती देवी सैनी, रितु ठाकुर, सिमरन, दीनू, शीतल, पूजा सतीजा, सुगंध यादव, नीतू सेन, साक्षी, रितुल रानी, राधिका, साक्षी पुनिया, मानसी ठाकुर, निशा, खुशबू, रूबी सिंह, तनु सिंह, दीपिका, पिंकी कश्यप, व सुकृति शर्मा को बनाया गया।

## AMAR UJALA- 13-1-2021

### आरजी में कैडेट को दिए रैंक

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों के कैडेट्स को 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज साहनी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी सेना के बाद दूसरे नंबर पर आती है। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल एवं कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी और प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने कर्नल पंकज साहनी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। कैडेट्स की पीपिंग सेरेमोनी हुई। सीनियर अंडर ऑफिसर रिया शर्मा को बनाया गया। अंडर ऑफिसर राधा सोम, रमा नागर व शिवानी, राजेंद्र सिंह को बनाया गया। क्वॉर्टर मास्टर रश्मि रानी व गरिमा चौधरी को बनाया गया। सार्जेंट मेजर रितु राय व साक्षी मलिक को बनाया गया। सार्जेंट दीक्षा सोनी, कंचन त्यागी, मानसी यादव, मोना खान, शिवि व नियति सिंह को बनाया गया। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 14-1-2021




बुधवार को आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने हिस्सा लिया। • हिन्दुस्तान

## DAINIK JAGRAN- 1_ _-2021

**शिवांगी कंसल बनीं मिस फ्रेशर**

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के शिक्षा विभाग में बुधवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने फैशन शो में भाग लिया। साथ ही सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मिस फ्रेशर का खिताब शिवांगी कंसल ने जीता। शुभम त्यागी, डा. अनुजा अग्रवाल और आरती शर्मा भी उपस्थित रहीं। –जास

## AMAR UJALA- 14-1-2021

**मॉडलिंग विद मास्क में शिवांगी बनीं मिस फ्रेशर**

मेरठ। कॉलेज खुलने के बाद अब विद्यार्थियों के स्वागत कार्यक्रम भी होने लगे हैं। कोरोना से बचाव के सुरक्षा उपाय अपनाते हुए बुधवार को आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। छात्राओं ने साड़ी के साथ मास्क पहनकर रैंप वॉक किया। मॉडलिंग विद मास्क में शिवांगी ने मिस फ्रेशर का खिताब जीता। ब्यूरो



आरजी कॉलेज में आयोजित फैशन शो में शामिल छात्राएं। अमर उजाला

## I NEXT- 14-1-2021




आरजी पीजी कॉलेज के शिक्षा विभाग में बुधवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ने फैशन शो में भाग लिया. साथ ही सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया. मिस फ्रेशर का खिताब शिवांगी कंसल ने जीता. इस दौरान शुभम त्यागी, डॉ. अनुजा अग्रवाल और आरती शर्मा भी उपस्थित रहीं.

DAINIK JAGRAN- 24-1-2021



## हम भारत की बेटी हैं...

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इनमें विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है। आरजी पीजी कालेज में आयोजित द बेस्ट गार्ड टीम प्रतियोगिता में परेड करती एनसीसी कैडेट्स • जागरण

# ध्यान केंद्रित करने पर मिलती है सफलता

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज के एनसीसी कैडेट्स के लिए कालेज के हास्टल ग्राउंड में ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून, ब्लासम्स द आउटस्टैंडिंग कैडेट और एआर प्रयास द बेस्ट गार्ड टीम प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल पंकज साहनी, ज्ञानोदय व ब्लासम्स के डायरेक्टर अविनाश सिंह अलग, भारतीय गर्ल्स कालेज की पूर्व प्राचार्या सुमन और कालेज प्राचार्या डा. दीपशिखा शर्मा ने निर्णायक पद को सुशोभित किया। कर्नल पंकज साहनी ने कहा कि एनसीसी टीम वर्क एक आदर्श नागरिक तथा सर्वगुण सम्पन्न इंसान बनाने का प्रयास करती है। ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून में आठ कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ईको कंपनी सार्जेंट साक्षी मलिक के कमांड में प्रथम और एल्फा कंपनी ने सीनियर अंडर आफिसर रिया शर्मा की कमांड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ब्लासम्स द आउट्स्टैंडिंग कैडेट सार्जेंट रमा नागर चुनी गईं। दूसरा स्थान पर मोना खान रहीं।

DAINIK JAGRAN 24-1-2021

## आरजी पीजी कालेज में एनसीसी कैडेट्स का स[illegible] महत्व



मेरठ: आरजी पीजी कालेज में एनसीसी कैडेट्स के लिए हॉस्टल ग्राउंड में ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून, ब्लॉसम्स द आउटस्टेंडिंग कैडेट व ए आर प्रयास द बेस्ट गार्ड टीम के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज साहनी, ज्ञानोदय व ब्लासम्स के डायरेक्टर अविनाश सिंह अलग, भारतीय गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्या व एनसीसी ऑफिसर सुमन, कॉलेज की प्राचार्या डा. दीपशिखा शर्मा, सूबेदार मेजर हाकम सिंह, सूबेदार मेजर हरदीप सिंह व पूर्व एनसीसी कैडेट [illegible] सिंह ने निर्णायक के पद को सुशोभित किया। मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त अविनाश सिंह अलग ने कहा कि सामर्थ्य, उद्देश्य व परिप्रेक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करके ही सफल हुआ जा सकता है। कर्नल पंकज साहनी ने कहा कि एनसीसी टीम वर्क, वर्दी व देश की इज्जत करना, एकता व अनुशासन, एक आदर्श नागरिक तथा सर्वगुण सम्पन्न इंसान बनाने का प्रयास करती है। ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून में आठ कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ईको कम्पनी सार्जेंट साक्षी मलिक के कमांड में प्रथम व एल्फा कम्पनी ने सीनियर अंडर ऑफिसर रिया शर्मा की कमांड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ज्ञानोदय, ब्लासम्स के प्रतिनिधि, कॉलेज की आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा. सीमा जैन भी उपस्थित रहे। कॉलेज के स्वास्थ्य केंद्र की नर्सिंग असिस्टेंट मृदुल, तकनीकी सहायक यास्मीन, पूर्व एनसीसी कैडेट रोहिणी भाटिया, अंकुश, कशिश, गीत पुष्कर, तायबा आदि का विशेष सहयोग रहा।

DAINIK JAGRAN- 25-1-2021

## ॥ प्रणाम ॥

**शिक्षा**

- आरजीपीजी मे एनसीसी कैडेट का गणतंत्र दिवस की परेड का पूर्वाभ्यास सुबह 11 बजे।

DAINIK JAGRAN- 28-1-2021

## प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की मेडिकल कमेटी की ओर से बुधवार को कोविड-19 आयुर्वेद के माध्यम से प्रबंधन विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दिल्ली एल्टरनेटिव हर्बल प्रा. लि की डायरेक्टर डा. अंजु सिंह ने बताया कि 97 फीसद मरीज निम्न स्तरीय होते है। सिर्फ तीन फीसद लोग ही हाईरिस्क में आते हैं। यदि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जाए। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा, डा. संगीता भाटिया उपस्थित रही। -जासं

HINDUSTAN- 28-1-2021

**वेबिनार**

## प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को मेडिकल कमेटी की ओर से राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। इसका विषय आयुर्वेद के माध्यम से कोविड-19 प्रबंधन था। प्रथम सत्र का शुभारंभ डॉ. वंदना अग्रवाल ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. अंजु सिंह डायरेक्टर एल्टरनेटिव हर्बल प्रा. लि. दिल्ली ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही हर्बल चाय बनाना सिखाया। इसी क्रम में डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. नेहा टंडन रहीं। दूसरे सत्र में डॉ. सीमा राणा ने पानी पीने से जुड़े मिथक पर प्रकाश डाला। डॉ. दीपशिखा शर्मा, निरलेप कौर, डॉ. अनुराधा, डॉ. कुसुम अग्रवाल, कविता, डॉ. निशा, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. पारुल सिंह रहीं।

प्रतियोगिता

## AMAR UJALA- 19-1-2021

**न्यूज़ कैप्सूल**

### छात्राओं को दी कॅरियर की जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को बीएड विभाग में कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं को सीटेट, टीजीटी, यूजीसीनेट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। एकेडमिक व कॅरियर काउंसिलिंग सेल प्रभारी डॉ. अंजुला राजवंशी ने आभार दिया। संयोजिका डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी जैन मौजूद रहीं। ब्यूरो

## AMAR UJALA- 23-1-2021

### आरजी में हुआ कैंपस प्लेसमेंट



आरजी कॉलेज में साक्षात्कार के लिए अपनी बारी का इंतजार करतीं छात्राएं। अमर उजाला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। एकेडमिक एवं कॅरियर काउंसिलिंग प्लेसमेंट सेल की ओर से यह आयोजन हुआ। दिल्ली की कंपनी ने बिजनेस डवलपमेंट एग्जक्यूटिव के पद के लिए छात्राओं का साक्षात्कार व लिखित परीक्षा ली। कैंप में 55 छात्राओं ने भाग लिया। पहले राउंड में 6 छात्राएं चयनित की गईं। प्रधानाचार्य डॉ. दीपशिखा ने शुभकामनाएं दी। प्रभारी डॉ. सीमा जैन, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. मीनाक्षी जैन ने सहयोग दिया। अदिति शर्मा, जाहरा नकवी, अनुष्का चौधरी, आकृति शर्मा व इल्मा एवं रतनदीप कौर को शॉर्ट लिस्ट किया गया। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 23-1-2021

### आरजी की छह छात्राएं प्लेसमेंट में शार्ट लिस्ट

मेरठ: आरजी पीजी कालेज के एकेडमिक एंड करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल की ओर से शुक्रवार को कैंपस प्लेसमेंट किया गया। जिसमें दिल्ली की नेत्रा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालाजी छात्राओं को संप्रेषण कौशल के आधार पर चयन किया गया। एकेडमिक एंड करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. अंजुला राजवंशी ने बताया कि इन छह छात्राओं में चार कामर्स और दो छात्राएं साइंस की है। जिन्हें कंपनी द्वारा छह माह की मार्केटिंग ट्रेनिंग के बाद 15 से 20 हजार रुपये की नौकरी दी जाएगी। -जास

### सनौली से मिले बर्तन कर सकते हैं सभ्यता का निर्माण

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के इतिहास विभाग में शुक्रवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मोदीनगर एमएम कालेज के एसोसिएट प्रो. केके शर्मा ने यमुना हिंडन दोआब का पुरातात्विक महत्व विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने सिनौली से प्राप्त हड़प्पा सभ्यता के पुरावशेष दिखाते हुए संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया सिनौली में जो बर्तन, आभूषण और कंकाल मिले है, उनसे हम सभ्यता का निर्माण कर सकते है। इस दौरान छात्राओं ने आफलाइन और आनलाइन दोनों ही तरह से भाग लिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. रीनू जैन, डा. अनिता राठी और अंजली गुप्ता भी उपस्थित रही। -जास

## AMAR UJALA- 24-1-2021

### चल वैजयंती में साक्षी मलिक प्रथम

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स के लिए कॉलेज के हॉस्टल ग्राउंड में ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून, ब्लॉसम्स द आउटस्टैंडिंग कैडेट व एआर प्रयास द बेस्ट गार्ड टीम के लिए प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज साहनी, ज्ञानोदय व ब्लॉसम्स के डायरेक्टर अविनाश सिंह, भारतीय गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्या व एनसीसी ऑफिसर सुमन, कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा, सूबेदार मेजर हाकम सिंह, सूबेदार मेजर हरदीप सिंह व पूर्व एनसीसी कैडेट ऋचा सिंह निर्णायक रहे। कर्नल पंकज साहनी ने एनसीसी के महत्व बताए। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने संयोजन किया। ज्ञानोदय द बेस्ट प्लाटून में 8 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। ब्यूरो

## HINDUSTAN-30-1-2021



### आफिया एरन बनीं चित्रकला में विजेता

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को बीएड विभाग द्वारा हुई चित्रकला प्रतियोगिता का विषय कोविड 19 रहा। इसमें छात्राओं ने वैक्सीनेशन, कोरोना योद्धा के चित्र बनाए। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दीपशिखा रहीं। निर्णायक मुकेश नादान रहे। प्रतियोगिता में आफिया ऐरन प्रथम, सोनम सिंह द्वितीय, साफिया इस्लाम तृतीय रहीं। आफिया अंसारी, सुमित्रा शर्मा, अर्शी सैफी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर एचओडी डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. शुभम त्यागी आदि रहे।

## AMAR UJALA- 30-1-2021

### आरजी कॉलेज में आफिया ने बाजी मारी



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएड विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय कोविड 19 रहा। प्रतियोगिता में विभाग की छात्राओं ने भाग लेकर सुंदर चित्र बनाए। वैक्सीनेशन, कोरोना योद्धा को चित्रों में दिखाया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मुकेश नादान रहे। एचओडी डॉ. अनुपमा सिंह ने सभी का स्वागत किया। संचालन डॉ. शुभम त्यागी ने किया। प्रतियोगिता में आफिया ऐरन पहली, सोनम सिंह दूसरी, साफिया इस्लाम तीसरी विजेता बनीं। आफिया अंसारी, सुमित्रा शर्मा व अर्शी सैफी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ब्यूरो

## DAINIK JANVAANI- 30-1-2021

### आरजी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में हुई वेबिनार

मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में शुक्रवार को वूमेन इंपुवमेंट थ्रो फाइनेंशियल प्लानिंग इनक्लूडिंग फंड विषय पर एकराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सूर्यकांत शर्मा ने विषय पर अपने विचार रख छात्राओं को प्रेरित करने का काम किया। कार्यक्रम में दिलीप, अनूप, धनेश्वर आदि मौजूद रहे।

## HINDUATAN- 31-1-2021




### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को एक दिवसीय एनसीसी शिविर मेजर डॉ. पूनम लखनपाल और कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में हुआ। शिविर में कैडेट्स ने शहीदों को नमन कर मौन रखा। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने किया। कैडेट्स ने हथियार चलाने की जानकारी, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास सीखा। कोरोना योद्धा कैडेट्स को सम्मानित किया गया। हिमानी, साक्षी मलिक, रुचि, हिमानी सिंह ने बावन गज का दामन पर नृत्य किया। चित्रा शर्मा, निकिता, कलश, कोमल, कंचन कनौजिया, रानी, शिवानी, निशा आदि रहीं।

## DAINIK JANVAANI- 31-1-2021

**विविध**

### एनसीसी कैडेट्स ने साधा निशाना, बनी कैंप अधिकारी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के एनसीसी कैडेट्स को कैंप जीवनशैली से परिचय करवाने के लिए शनिवार को कालेज में ही शिविर का आयोजन किया गया। मेजर डा. पूनम लखनपाल व कैप्टन डा. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में आयोजित कैंप का उद्देश्य कैडेट्स का, कैडेट्स के लिए व कैडेट्स के द्वारा है। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। इस वर्ष कैंप कमांडेंट का पद राजपथ परेड 2019 में शामिल रही कंचन, डिप्टी कैंप कमांडेंट ऋचा सिंह, सूबेदार मेजर कशिश, पब्लिसिटी आफिसर रुचि, बीएचएम राधा सोम, क्वार्टर मास्टर मोना खान, कैंप एड्जयूटेंट रिया शर्मा, ट्रेनिंग आफिसर खुशी वालिया, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर रमा नागर व रश्मि रानी; कैंप सीनियर साक्षी मलिक, डिप्टी कैंप सीनियर शिवानी, कल्चरल इंचार्ज किशी राठौर, ए-कंपनी कमांडर गरिमा चौधरी, बी-कंपनी कमांडर कंचन त्यागी, सी-कंपनी कमांडर प्रियांशी कटारिया, डी-कंपनी कमांडर इशिता त्यागी, ई-कंपनी मानसी यादव व एफ-कंपनी की दीक्षा सोनी ने संभाला। साथ ही, बी व सी प्रमाणपत्र 2021 की तैयारी कर रहे कैडेट्स के लिए सैंपल एग्जाम भी रखा गया। -जास

## DAINIK JAGRAN- 31-1-2021

### आरजी पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग में हुआ वेबिनार

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय 'वुमन इंपावरमेंट थ्रू फाइनेंशियल प्लानिंग इनक्लूडिंग म्युचुअल फंड्स' रहा। मुख्य वक्ता सेबी के पूर्व डीजीएम सूर्यकांत शर्मा ने विषय की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में पंजाब नेशनल बैंक के सीजीएम धनेश्वर साहू ने वित्तीय उपक्रमों की जानकारी दी। वेबिनार का आयोजन प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

## AMAR UJALA- 31-1-2021

# आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी शिविर का आयोजन



आरजीपीजी कॉलेज में 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कैंप में भाग लेतीं एनसीसी कैडेट्स। अमर उजाला

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को एक दिवसीय एनसीसी शिविर का आयोजन मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी के निर्देशन में हुआ। एनसीसी कैडेट्स ने जहां शहीदों को नमन कर मौन रखा। वहीं, एनसीसी का अनुशासन व उद्देश्यों की सीख भी मिली।

सीख के इस माहौल में कैडेट्स ने मनोरंजन भी किया। कैडेट्स हिमानी, साक्षी मलिक, रुचि व हिमानी सिंह ने '52 गज का दामन पहण मटक चालूंगी' हरियाणवी गीत पर नृत्य किया। चित्रा शर्मा, निकिता, कलश, कोमल, कंचन कन्नौजिया, रानी, शिवानी, निशा, अर्निका शर्मा, निकिता सैनी आदि ने नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की। किशी राठौर ने देश रंगीला गाने पर कथक किया। छाया ने स्वराज, रितिका ने लड़कियों की जिंदगी आसान नहीं होती और शगुन बलियान ने ग़रीबी नामक शीर्षक पर कविता प्रस्तुत की। लायबा ने अपना भारत पर वक्तव्य दिया।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने किया। हथियार चलाने की जानकारी, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास सीखा। बी व सी प्रमाणत्र 2021 देने वाले कैडेट्स के लिए सैंपल पेपर हुआ। कोरोना योद्धा कैडेट्स को सम्मानित किया गया। रोहिणी भाटिया व यासमीन का सहयोग रहा। संचालन दीक्षा सोनी व नियति सिंह ने किया।

## HINDUSTAN- 5-2-2021

# व्याख्यान प्रतियोगिता में मानसी प्रथम



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में इतिहास परिषद द्वारा चौरीचौरा शताब्दी समारोह पर व्याख्यान हुआ। प्राचार्य डॉ.दीक्षिता शर्मा ने किया। एसपी सिटी डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने छात्राओं को चौरी-चौरा कांड के बारे में जानकारी दी। डॉ.रेनू जैन, डॉ. अनीता राठी, डॉ रीना राय मौजूद रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम मानसी; द्वितीय राखी, तृतीय हर्षिता रहीं।

## DAINIK JAGRAN- 5-2-2021

# छात्राओं को दी चौरी-चौरा कांड की जानकारी

मेरठ : आरजी पीजी कॉलेज के इतिहास परिषद की ओर से चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दीक्षिता शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि एसपी सिटी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को चौरी-चौरा कांड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पूरे वर्ष में इस समारोह को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा का वर्णन किया। डा. रेनू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान इतिहास परिषद की ओर से एक आशु वक्तव्य का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में डा. अनीता राठी और डा. रीना राय मौजूद रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम मानसी, द्वितीय राखी, तृतीय हर्षिता रहीं। सांत्वना पुरस्कार पर जान और मिस्बा को दिया गया। इस दौरान संगीत विभाग की ओर से वंदे मातरम का आयोजन भी किया गया।

i NEXT- 5-2-2021



I simply love India , I wish the tiff between Farmers and Govt gets resolv

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT







# कलम आज उनकी जय बोल

meerut@inext.co.in

**MEERUT (4 Feb):** आरजी पीजी कॉलेज के हिस्ट्री डिपार्टमेंट में देश के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. ऐसे में स्टूडेंट्स और टीचर्स ने स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले शहीदों को याद किया. इस मौकेपर कॉलेज की प्रिंसिपल ने कहा कि देश के रणबांकुरों ने अंग्रेजों को सोचने पर मजबूर कर दिया था कि भारत की जनता अब और अत्याचार बर्दाश्त नहीं कर पाएगी. उसका जवाब देगी. उन्होंने बताया कि साल 1971 में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शहीद स्तंभ का निर्माण किया गया था.,उन्होंने कहाकि यह जंग ए आजादी में मां भारती के न जाने कितने सपूतों ने प्राणों की आहुति दी थी. यही नहीं, मां भारती के बेटे हंसते हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे और शहीद हो गए.















If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9910444850 or mail at meerut@inext.co.in

For more party photos, go to www.inextlive.com/citylights

## AMAR UJALA- 5-2-2021

# आरजी पीजी कॉलेज में हुई प्रतियोगिता, छात्राओं को विस्तार से बताया चौरीचौरा कांड

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। चार फरवरी 1922 को गोरखपुर जिले में चौरीचौरा स्थान पर थाने में हुए उस घटनाक्रम ने जंग-ए-आजादी में महती भूमिका निभाई। चौरीचौरा कांड के घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए यह विचार छात्राओं ने रखे। बृहस्पतिवार को आरजी पीजी कॉलेज में त्वरित भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी सिटी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने स्वागत किया। इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. रीनू जैन ने आयोजन की जानकारी दी।

प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. अनीता राठी, डॉ. बीना राय, डॉ. सुमन रहीं। अंजलि गुप्ता ने संचालन किया। डॉ. अपर्णा वत्स व डॉ. पूजा राजौरिया ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता में मानसी प्रथम, राखी द्वितीय और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फरजान व मिसबाह जैदी सांत्वना पुरस्कार की विजेता बनी। संगीत विभाग की छात्राओं ने वंदेमातरम सुनाया। वहीं शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. दिनेश चंद, डॉ. राजकुमार सिंह ने चौरी-चौरा कांड पर प्रकाश डाला। डॉ. लता कुमार ने संचालन किया।



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं और अन्य। संवाद

### युवाओं को किया था प्रेरित



चौरीचौरा कांड देश की आजादी को बल देने वाली एक बड़ी घटना थी, जिसने आजादी की लड़ाई के लिए युवाओं को प्रेरित किया था। -प्रियंशी

### आज मिली पूरी जानकारी



चौरीचौरा कांड के बारे में केवल सुना था, लेकिन आज पहली बार कॉलेज में इस कांड की पूरी जानकारी मिली है। -मोनिका सिंह

### सौ साल हो गए



आज चौरीचौरा कांड को सौ साल पूरे हुए हैं। यह सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है, हर साल इस दिवस को मनाना चाहिए। -शिफा

### अंग्रेजों को सबक सिखाया



चौरीचौरा कांड गोरखपुर में हुआ था, उस समय अंग्रेजों को सबक सिखाने का जो तरीका क्रांतिकारियों ने अपनाया था, उसमें यह कांड प्रमुख है। -कंचन त्यागी

## AMAR UJALA- 13-2-2021

### छात्राओं ने किया सेवा कार्य

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को सेवा कार्य किया। छात्राएं सामुदायिक विकास संघ के तहत सेवा कार्य किया। मेरा अपना घर शक्तिधाम वृद्धाश्रम में संघ की सदस्याओं एवं छात्राओं ने सेवाकार्य किया। छात्राओं ने आश्रम के बुजुर्गों को सामग्री बांटी, उनके साथ समय बिताया। प्रभारी डॉ. अनु रस्तोगी, डॉ. अर्चना रानी, डॉ. प्रीति बंसल, सुशीला, साबिया, अनुकृति, दरख्शां, सबा, इकरा व अर्शी ने भाग लिया। संवाद

## HINDUSTAN- 13-2-2021

### छात्राओं ने किया सेवा कार्य

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को सेवा कार्य किया। मेरा अपना घर शक्तिधाम वृद्धाश्रम में संघ की सदस्याओं एवं छात्राओं ने सेवाकार्य किया। छात्राओं ने बुजुर्गों को सामग्री बांटी। प्रभारी डॉ. अनु रस्तोगी, डॉ. अर्चना रानी, डॉ. प्रीति बंसल, सुशीला, साबिया आदि रहीं।

## HINDUSTAN- 14-2-2021

### प्रदर्शनी में दिया प्रदूषण रोकने का संदेश

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के चित्रकला विभाग में सामुदायिक विकास संघ के तत्वावधान में प्रदूषण रोको, पर्यावरण बचाओ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। हिमांशी चौधरी प्रथम रहीं। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा ने दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। संयोजिका डा. अर्चना रानी, डॉ. नाजिया, डॉ. कुमकुम, शबाहत, सुरभि, तहमीना मौजूद रहीं।

## DAINIK JAGRAN- 14-2-2021

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिमांशी ने मारी बाजी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के सामुदायिक विकास संघ की ओर से शनिवार को पोस्टर प्रतियोगिता और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने प्रदूषण रोको, पर्यावरण बचाओ विषय पर चित्र बनाकर प्रदर्शनी लगाई। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में हिमांशी चौधरी प्रथम, शाहरोज दूसरे और लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सामुदायिक विकास संघ की इंचार्ज डा. अनु रस्तोगी मौजूद रही। -जाग

## AMAR UJALA- 14-2-2021

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मेरठ। आरजी कॉलेज में शनिवार को सामुदायिक विकास संघ की ओर से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय 'प्रदूषण रोको, पर्यावरण बचाओ' रहा।

प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. दीपशिखा शर्मा ने किया। छात्राओं ने पोस्टर और आकर्षक चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संघ की इंचार्ज डॉ. अनु रस्तोगी, प्रदर्शनी संयोजिका डॉ. अर्चना रानी, डॉ. नाजिया इरफान, डॉ. कुमकुम पारिख, शबाहत का सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में हिमांशी प्रथम, शेहरोज एवं लक्ष्मी द्वितीय, निशा परवीन ने तृतीय एवं रुकैय्या, कोमल आतिया, महविश को सांत्वना पुरस्कार मिला। ब्यूरो

## AMAR UJALA- 18-2-2021

# ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स शुरू



आरजी पीजी महिला कॉलेज में संजीवनी महिला संस्था की ओर से हुए कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमर उजाला

## HINDUSTAN- 18-2-2021

# आरजी पीजी कॉलेज में ब्यूटीशियन की कार्यशाला

मेरठ। संजीवनी महिला क्लब की ओर से बुधवार को आरजी पीजी कॉलेज में ब्यूटीशियन कोर्स प्रारंभ किया गया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने शुभारंभ किया। अध्यक्षा निशि जैन ने अपने विचारों से प्रेरित किया। डॉ. मनीषा, डॉ. गरिमा, अनु रस्तोगी, डॉ. कुमकुम पारीख, डॉ. अनविता, डॉ. सीमा जैन मौजूद रहीं।

## AMAR UJALA- 19-2-2021

mycity

न्यूज कैप्सूल

# हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में बृहस्पतिवार को हिंदी भाषा पर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. पूनम लखन पाल रहीं। संयोजिका डॉ. अनुजा अग्रवाल रहीं। विभाग की एचओडी डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया। शुभम त्यागी, सुंदरी बाला शर्मा, सीमा गुप्ता, सीमा अग्रवाल, आरती शर्मा, मीनाक्षी जैन, शिवानी त्यागी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## HINDUSTAN-20-2-2021

# करियर की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग में एमएससी की छात्राओं के लिए करियर ओरिएंटेशन वर्कशाप का आयोजन किया गया।

आयोजन स्कालरशिप क्लासेज नेट जेआरएफ द्वारा बाटनी एकेडमिक एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉ. लक्ष्मण नागर व रश्मि रहीं। प्रधानाचार्या डॉ. दीपशिखा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ.गीता, डॉ. मधु, आकांक्षा, डॉ. अनुपमा सिंह आदि रहीं।

## AMAR UJALA- 20-2-2021

# शोध में करियर की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के बाटनी विभाग में शुक्रवार को करियर काउंसिलिंग कार्यशाला हुई। इसमें छात्राओं को नेट जेआरएफ सहित अन्य करियर विकल्पों की जानकारी दी।

डॉ. लक्ष्मण नागर व रश्मि ने छात्राओं को संबोधित किया। छात्राओं को शोध के विषय में रोजगार की जानकारी दी गई। प्रिंसिपल डॉ. दीपशिखा शर्मा ने शुभकामनाएं दी। एचओडी निरलेप कौर ने संचालन किया। डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. मधु मलिक, आकांक्षा आदि ने सहयोग दिया।

इस अवसर पर एप्टीट्यूट परीक्षा के परिणाम जारी हुए। इसमें अनुष्का चपराना, गरिमा शर्मा, निशा चौधरी, श्वेता तेवतिया, शीतल चौधरी, फरहीन, शीतल, शिवानी कुशवाहा, धैर्या गिल, आंचल व पायल विजेता बनीं।

## AMAR UJALA- 24-2-2021

# प्रतियोगिताओं में आरजी की छात्राओं ने मारी बाजी

मेरठ। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड भवन लालकुर्ती में चिंतन दिवस मनाया गया, जिसमें आरजी की छात्राएं अव्वल रहीं। निबंध प्रतियोगिता में कंचन त्यागी, पोस्टर प्रतियोगिता में लयबा ने प्रतिभागिता की। कैंप फायर में रेंजर्स ने नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें चनप्रीत कौर, शिवानी, मानसी कश्यप, मनी, भावना, कविता, कलश, नेहा, स्वाति, तनु शामिल रहे। सर्विस रेंजर में आरती और पारुल हून ने उत्तम प्रदर्शन किया।

छात्राओं और रेंजर लीडर डॉ. सुमन और डॉ. सुनीता सिंह को कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बधाई दी। वहीं, राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित क्विज में प्रथम स्थान आयुषी और लिशु दूसरा स्थान मानसी और छवि एवं तीसरा स्थान राशि और अनमता को प्राप्त हुआ।

कोलाज में कीर्ति मिश्रा प्रथम, भारती शर्मा द्वितीय, नेहा राजपूत और तृतीय स्थान शगुन सिंह और खुशी शर्मा को मिला। निर्णायक चित्रकला विभाग की डॉ. नाजिमा इरफान और डॉ. पूनम लता रहीं।

संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. बीना राय ने किया। संयोजिका डॉ. बबीता माजी, शिक्षिका राखी, प्रीति एवं शिल्पी का सहयोग रहा। वहीं, वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने कैंपस का भ्रमण किया। छात्राओं ने हरबेरियम के लिए जंगली पौधे एकत्रित किए। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 24-2-2021



# आरजी रेंजर टीम रही प्रथम

मेरठ। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड भवन लालकुर्ती में 22 फरवरी को चिंतन दिवस मनाया गया। इसमें अनेक कार्यक्रम हुए जैसे निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता, कैंप फायर। रेंजर वर्ग में आरजी रेंजर टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। निबंध में कंचन त्यागी, पोस्टर में लयबा ने प्रतिभाग किया। कैंप फायर में रेंजर्स ने नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें चनप्रीत कौर, शिवानी, मानसी कश्यप, मनी, भावना, कविता, कलश, नेहा, स्वाति, तनु रहे। सर्विस रेंजर में आरती और पारुल हून ने उत्तम प्रदर्शन किया। टीम के उत्तम प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने टीम को बधाई दी।

## DAINIK JAGRAN- 24-2-2021

### पुरातन छात्रा सम्मेलन 28 को

मेरठ : आरजी कालेज में पुरातन छात्र समिति की ओर से 28 फरवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पांच पुरातन छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। 1948 से अब तक की पुरातन छात्राओं को आमंत्रित किया जा रहा है। -जासं

## i NEXT- 24-2-2021

### छात्रों ने जुटाए प्लांट



आरजी पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्टूडेंट मंगलवार को प्लांट कलेक्शन स्टडी टूर व मौसम विभाग में कार्यशाला के लिए सीसीएसयू में आए. इस दौरान सीसीएसयू बॉटनी विभाग से प्रो. विजय मलिक ने तपोवन में पेड़ पौधों की जानकारी दी. स्टूडेंट ने हरबेरियम के लिए जंगली पौधे एकत्रित किए. इस मौके पर डॉ अमिता शर्मा, डॉ गरिमा मलिक, श्रुति, निष्ठा आदि मौजूद रही.

## DAINIK JAGRAN- 24-2-2021

### तपोवन के पौधों को जाना

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में वनस्पति विज्ञान की छात्राएं मंगलवार को स्टडी टूर पर चौधरी चरण सिंह विवि परिसर गए। विवि में वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर विजय मलिक ने छात्राओं को तपोवन में पेड़ पौधों की जानकारी दी। उधर, आरजी कालेज की राजनीति विज्ञान विभाग में अंतर विभागीय क्विज और कोलाज प्रतियोगिता हुई। कोलाज में कोविड-19 के प्रसार को रोकने में सरकार की भूमिका के विषय में चित्र बनाकर छात्राओं ने दिखाया। प्राचार्य दीपशिखा ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। संयोजिका बबीता रहीं। -जासं

## DAINIK JANVAANI- 24-2-2021

### आरजी कॉलेज रहा प्रथम, प्राचार्या ने किया सम्मान

मेरठ : उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड भवन लाल कुर्ती मेरठ में 22 फरवरी को चिंतन दिवस मनाया गया। इसमें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैसे निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा कैंप फायर. रेंजर वर्ग में आरजी रेंजर टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कंचन त्यागी, पोस्टर प्रतियोगिता में लयबा ने प्रतिभागिता की। कैंप-फायर में रेंजर्स ने नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें चनप्रीत कौर, शिवानी, मानसी कश्यप, मेनी, भावना, कविता, कलश, नेहा, इनाया, स्वाति, तनु थे। सर्विस रेंजर में आरती और पारुल हून ने उत्तम प्रदर्शन किया। टीम के उत्तम प्रदर्शन पर प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने टीम को बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया।

## DAINIK JAGRAN- 26-2-2021

### आरजी कालेज में रसायन विज्ञान परिषद का उद्घाटन

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा रसायन विज्ञान परिषद का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बीएससी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और एमएससी की छात्राओं को परिषद की स्थापना कर शपथ दिलवाई। आरती को सचिव, मोनिका व अलीना को संयुक्त सचिव और वाणी को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। -जासं

## AMAR UJALA- 25-2-2021

स्पर्धा

आरजी कॉलेज में वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन

# 'संचार माध्यम बढ़ने से सशक्त हुई पत्रकारिता'

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। इंटरनेट क्रांति, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस और मोबाइल के आने के बाद पत्रकारिता और सशक्त मजबूत हुई है। संचार माध्यमों के विकास से पत्रकारिता का क्षेत्र विस्तृत हुआ है। साथ ही निष्पक्षता बढ़ी है। सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता के मूल्यों व अस्तित्व पर ये विचार युवाओं ने रखे।

आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को वादविवाद समिति की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। डॉ. अनुराधा मलिक के निर्देशन में आयोजित डॉ. विमला पुरी चल वैजयंती अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 10 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने 'संचार माध्यम में मूल्यपरक पत्रकारिता का अस्तित्व' विषय पर पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रखे।

अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने की। निर्णायक डॉ. नवीन चंद्र असोसिएट प्रो. इतिहास विभाग एनएएस कॉलेज, डॉ. सूरज देव प्रसाद



आरजीपीजी में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं और अन्य। अमर उजाला

असिस्टेंट प्रो जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग और डॉ. अंजुला राजवंशी एसोसिएट प्रो. समाजशास्त्र विभाग रहीं।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद की टीम ने जीता। व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार सैंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना की छात्रा इलमा खान और एनएस कॉलेज मेरठ की छात्रा अनुष्का कथुरिया को क्रमशः पक्ष-विपक्ष के लिए मिला। व्यक्तिगत श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार

### एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद ने जीती विमलापुरी चल वैजयंती

एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद के छात्र टेकचंद एवं तनु को क्रमशः पक्ष और विपक्ष के लिए प्राप्त हुआ।

व्यक्तिगत श्रेणी में तृतीय पुरस्कार आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा सैयदा जहरा जैदी और सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना की छात्रा शिवानी शर्मा को पक्ष और विपक्ष में मिला।

सांत्वना पुरस्कार मुल्तानीमल मोदी डिग्री कॉलेज मोदीनगर के छात्र मुकुंद शर्मा और आरजीपीजी कॉलेज की छात्रा अनुष्का को क्रमशः पक्ष और विपक्ष के लिए मिला। संचालन डॉ. गारिमा मलिक ने किया। आयोजक सचिव डॉ. अपर्णा वत्स ने धन्यवाद दिया। वाद विवाद समिति के सलाहकार डॉ. सुनीत, डॉ. ममता उपाध्याय, चीफ प्रॉक्टर डॉ. पारुल सिंह, डॉ. बबीता माजी, डॉ. गीता रानी, डॉ. सुनीता सिंह, नेहा टंडन, डॉ. शिवानी, हिमानी का सहयोग रहा।

## DAINIK JAGRAN- 25-2-2021

# प्रतियोगिता में एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद रहा विजेता

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज की वाद विवाद आयोजन समिति के द्वारा बुधवार को डा. अनुराधा मलिक के निर्देशन में डा. विमलापुरी चल वैजयंती अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था संचार माध्यम में मूल्यपरक पत्रकारिता का अस्तित्व।

वाद विवाद प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने की और इस विषय पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डा. नवीन चंद्र असोसिएट प्रो. इतिहास विभाग एनएएस कॉलेज, डा. सूरज देव प्रसाद असिस्टेंट प्रो. जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग और डा. अंजुला राजवंशी प्रो. समाजशास्त्र विभाग आरजीपीजी कॉलेज मेरठ मौजूद रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता टीम का पुरस्कार एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद को प्राप्त



हुआ। व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार सैंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना की छात्रा इलमा खान और एनएस कॉलेज मेरठ की छात्रा अनुष्का कथुरिया को पक्ष एवं विपक्ष के लिए मिला।

व्यक्तिगत श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद के छात्र टेकचंद एवं तनु को पक्ष और विपक्ष के लिए प्राप्त हुआ और व्यक्तिगत श्रेणी में तृतीय पुरस्कार आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा सैयदा जहरा जैदी और सैंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना की छात्रा शिवानी शर्मा को पक्ष और विपक्ष के लिए मिला। सांत्वना पुरस्कार मुल्तानी मल मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र मुकुंद शर्मा और आरजीपीजी कॉलेज की छात्रा अनुष्का को पक्ष और विपक्ष के लिए मिला।

संचालन डा. गारिमा मलिक ने किया। कार्यक्रम की आयोजक सचिव डा. अपर्णा वत्स ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया। कार्यक्रम में वाद विवाद समिति के सलाहकार डा. सुनीता, डा. ममता उपाध्याय, चीफ प्रोक्टर डा. पारुल सिंह, डा. बबीता माजी, डा. गीता रानी आदि उपस्थित रहीं।

## HINDUSTAN- 25-2-2021



### आरजी कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता

मेरठ। आरजी कॉलेज में संचार माध्यम में मूल्यपरक पत्रका अस्तित्व' विषय पर डॉ.विमलापुरी चल वैजयंती अंतर-मह विवाद प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ.दीपशिखा शर्मा ने अपनी निर्णायक मंडल में डॉ.नवीन चन्द्र, डॉ.सूरज देव प्रसाद एवं राजवंशी मौजूद रहे। विजेता टीम का पुरस्कार एमएमएच व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री की छात्रा इलमा खान और एनएएस कॉलेज मेरठ की छात्र को पक्ष-विपक्ष के लिए मिला। द्वितीय पुरस्कार एमएमएच गाजियाबाद के छात्र टेकचंद एवं तनु को मिला। डॉ.गारिमा डॉ.अनुराधा मलिक, डॉ.अपर्णा वत्स, डॉ.सुनीत आदि मौ

## AMAR UJALA- 26-2-2021

### रसायन विज्ञान परिषद का गठन



आरजी कॉलेज में रसायन विज्ञान परिषद में शामिल छात्राएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग की ओर से रसायन विज्ञान परिषद का गठन किया गया। परिषद में बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष और एमएससी की छात्राओं को शामिल कर उन्हें पदों के अनुरूप शपथ ग्रहण कराई गई।

प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने पदाधिकारियों को बैज पहनाए। परिषद में आरती को सचिव, अरीशा रिजवी को अतिरिक्त सचिव, मोनिका एवं अलीना को संयुक्त सचिव, वाणी को कोषाध्यक्ष और प्रियंका को संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान के महत्व विषय पर प्रतियोगिता हुई। इसमें डॉ. अमिता शर्मा और डॉ. संगीता भाटिया निर्णायक मंडल में शामिल रहीं। प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, मोनिका एवं आरती द्वितीय और रिया फोगाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन गुंजन एवं संयोजन डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी ने किया। ब्यूरो

## DAINIK JANVAANI- 26-2-2021

### संत जोसफ्स चुनी गई सर्वश्रेष्ठ वक्ता



सरधना: मेरठ के आरजीपीजी कॉलेज में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में संत जोसफ्स गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्रा इल्मा खान ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब पाकर कॉलेज का मान बढ़ाया है। गुरुवार को कॉलेज में विजेता छात्राओं का स्वागत किया गया। हाल ही में आरजीपीजी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका विषय मीडिया में मूल्यपरक पत्रकारिता का अस्तित्व रहा। कई जिलों के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। संत जोसफ्स गर्ल्स पीजी कॉलेज से बीकॉम की छात्रा इल्मा खान व शिवानी शर्मा भी भाग लेने गई थी। जिसमें इल्मा खान ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई जिलों के छात्रों को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा शिवानी शर्मा ने विपक्ष में स्पीच देते हुए श्रेष्ठ वक्ता की खिताबी हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिससे कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल है। गुरुवार को कॉलेज में छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राचार्या सिस्टर क्रिस्टीना ने छात्राओं का सम्मान कर आशीर्वाद दिया।

## HINDUSTAN- 26-2-2021

### रसायन विज्ञान परिषद का हुआ उद्घाटन

मेरठ। गुरुवार को आरजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में रसायन विज्ञान परिषद का उद्घाटन हुआ। इसमें बीएससी व एमएससी की छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया गया। आरती सचिव, अरीशा रिजवी को अतिरिक्त सचिव, मोनिका व अलीना को संयुक्त सचिव, वाणी को कोषाध्यक्ष व प्रियंका को संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

HINDUSTAN- 1-3-2021

**आरजी पीजी गर्ल्स कालेज : पुरातन छात्रा सम्मेलन आयोजित, मंच पर बिखेरी भारतीय संस्कृति की झलक**

# यादों के झरोखे से फिर लौटे कॉलेज के दिन

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में रविवार को पूरा कॉलेज परिसर सजाधजा था। कहीं पर फूलों की माला से सजावट थी, तो कहीं पर रंगोली ने सतरंगी छटा बिखेरी हुई थी। मधुर गीतों की धुन से पूरा परिसर मंत्रमुग्ध था। मौका था पुरातन छात्रा समिति की ओर से आयोजित पुरातन छात्रा सम्मेलन व वार्षिकोत्सव का। समारोह में दूर दराज से पुरातन छात्राएं शामिल हुईं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पुरानी यादों को ताजा कर समां बांधा। कार्यक्रम में सेल्फी और ग्रुप फोटो का सिलसिला देर तक जारी रहा। साथ की सभी ने कालेज परिसर व कक्षाओं को करीब से देखा।

इस अवसर पर समिति सचिव डॉ. कुमकुम पारिख ने सभी का स्वागत किया। समिति की उपसचिव डॉ. अर्चना रानी व सहायक सदस्य डॉ. नाजिया इरफान, डॉ. पूनम लता सिंह ने कालेज का गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वर्तमान प्राचार्य व समिति अध्यक्ष डॉ. दीपशिखा ने मुख्य अतिथि दीप्ती बंसल, कृष्णा गौड़ व लोकपाल अंजू त्यागी के साथ मिलकर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। शुरुआत में वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। समिति की कोषाध्यक्ष डॉ. मीना बजाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पुरातन समिति की ओर से पांच वरिष्ठतम पुरातन छात्राओं को सम्मानित किया गया। समिति उपाध्यक्ष डॉ. संगीता कुमार व मंजु व सुषमा ने अपनी माता के नाम पर प्रतिभा मिशाल स्कॉलरशिप 10 मेधावी छात्राओं को प्रदान की। सुमन झुनझुन वाला ने अपनी माता के नाम पर 10 सर्वाधिक अंक लाने वाली छात्राओं को स्कालरशिप प्रदान की। समिति उपसचिव डॉ. अर्चना रानी ने आभार जताया।



अनीता।



आशा।



मनीषा।



शारदा।



शैल।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी हर संस्कृति

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. दीपशिखा, पूर्व प्राचार्य व पुरातन छात्रा डॉ. मधु मित्तल ने शिवानी मित्तल, अर्चना, स्वाति, मीना, कुमकुम के साथ तीज पर्व पर सुंदर लोक गीत व नाटिका प्रस्तुत की। शिवरात्रि को नृत्य के माध्यम से सीमा गर्ग, देवांशी शर्मा एवं डॉ. अंजू अग्रवाल, मंजू गर्ग, नीतू भारद्वाज ने कृष्णलीला प्रस्तुत की। सदस्य निधि जैन ने ग्रीष्म ऋतु पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। नवरात्र पर आधारित मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को प्रस्तुत देकर नृत्य की प्रस्तुति दी। शिवानी ने क्रिसमस कैरोल गाया। शबनम, यास्मीन, रानी, नाजिया, अर्चना ने लोहड़ी, बैसाखी पर पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में होली के माहौल के साथ अतिथि की शानदार प्रस्तुति दी गई।







रविवार को आरजी डिग्री कॉलेज के पुरातन छात्र संघ के वार्षिक उत्सव में पुरातन छात्राओं ने हिस्सा लिया। • हिन्दुस्तान

## यादों को ताजा कर भावुक हुईं पुरातन छात्राएं



### ये रहे उपस्थित

डॉ. अनीता अग्रवाल, डॉ. पूनम लखनपाल, डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. मुंजालिका, अमृत अग्रवाल, प्रतिभा त्यागी, रेखा, मुक्ता, शैल अग्रवाल, रेखा जैन, मुक्ता जैन, शैल अग्रवाल, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. रीनू जैन, डॉ. अर्चना, डॉ. किरण प्रदीप, आदि तमाम पुरातन छात्राएं मौजूद रहीं।

### ऑनलाइन भी मौजूद रहीं छात्राएं

कुछ पुरातन छात्राओं ने ऑनलाइन हाजिरी दी। उन्होंने अपना संदेश दिया। साथ ही सभी के समक्ष विचार प्रस्तुत किए।

बैच 1970 की शारदा शर्मा ने कालेज आकर पुरानी यादों को ताजा किया और भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि पहले लगातार संपर्क बना रहता था, लेकिन अब जिंदगी तेज गति से चल रही है। वक्त की कमी लगती है। - शारदा

- बैच 1969 की आशा गुप्ता भी भावुकता के साथ बोलीं जिन कक्षाओं में पढ़ते थे, वहां देखकर सभी कुछ याद आ रहा है और बहुत खुशी है। - आशा गुप्ता

- अपने कॉलेज परिसर में आकर खुशी हो रही है। साथ ही यहां अतिथि बनने का अवसर मिला और सभी के बीच खुद को पाकर खुशी है। - अंजू त्यागी, लोकपाल, बैच 85

- बैच 64 की कृष्णा गौड़ ने स्कूल की पुरानी यादों को ताजा किया और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। साथ ही अपने अनुभवों को साझा किए। - कृष्णा गौड़, बैच 64

## DAINIK JAGRAN- 1-3-2021

# कालेज की यादों में खो गईं पुरातन छात्राएं



जागरण संवाददाता, मेरठ : सालों पहले कालेज के जिस गेट के अंदर आते ही सहेलियों के साथ कहकहे शुरू हो जाते थे, आज उसी कालेज में प्रवेश करते ही आंखें खुशी से भीग गईं। जिंदगी की दौड़ में बिछुड़ी सहेलियां पुरानी यादों में देर तक खोई रहीं। बातों में से बात निकली और सांझ हो गई। कुछ ऐसा ही नजारा था रविवार दोपहर आरजी पीजी कालेज परिसर का। यहां पुरातन छात्र समिति की ओर से वार्षिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वर्ष 1966 में पासआउट होने वाली छात्राओं ने भाग लेकर कालेज के दिनों की यादें ताजा की। सभी पुरातन छात्राओं का स्वागत पुष्पवर्षा व तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा, मुख्य अतिथि दौलत राम कालेज दिल्ली विवि संगीत विभाग की एसोसिएट प्रो. दीप्ति बंसल (85 बैच), कृष्णा गौड़ (64 बैच), मनरेगा लोकपाल मेरठ मंडल अंजू त्यागी और पूर्व प्राचार्य मधु मित्तल ने दीप जलाकर की। सभी पूर्व छात्राओं ने विद्यालय गीत गाया। चौधरी चरण सिंह विवि की प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला ने आनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



आरजी पीजी कालेज के वार्षिक रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनरेगा लोकपाल मेरठ मंडल अंजू त्यागी का बुके देकर स्वागत किया गया। • जागरण

### गुरुजनों के प्रति श्रद्धा का भाव था



शारदा शर्मा • जागरण

वर्ष 1970 में समाजशास्त्र से पीजी करने वाली शारदा शर्मा ने बताया कि आज उस समय का मंजर आंखों में तैर रहा है। छात्राओं और शिक्षिकाओं के बीच सम्मान और अपनापन था। उस समय गुरुजनों के प्रति श्रद्धा थी। जो आजकल के बच्चों में कम होती जा रही है।

### इनका हुआ सम्मान

1966 बैच शैली अग्रवाल
1969 बैच आशा शुक्ला
1970 बैच शारदा शर्मा
1971 बैच उषा बंसल
1971 बैच अमृत अग्रवाल

पुरातन समिति की ओर से पांच पुरातन छात्राओं को सम्मानित किया गया। समिति की उपाध्यक्ष डा. संगीता कुमार ने माता प्रमिला मित्तल के नाम पर दस छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की। सुमन झुनझुनवाला ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली दस छात्राओं को छात्रवृत्ति दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की।

### तब लड़कियों को आजादी नहीं थी

वर्ष 1969 में बीएससी करने वाली आशा शुक्ला ने बताया कि तब माहौल अलग था। लड़कियों को आज की तरह आजादी नहीं थी। तब लड़कियों को बाहर पढ़ने और नौकरी की अनुमति कम ही परिवारों में दी जाती थी।

## HINDUSTAN- 2-3-2021

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण में छात्राओं ने सीखे सुरक्षा के गुर

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

शहीद मंगल पांडे गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के पांच दिवसीय शिविर शुरू हुआ। प्राचार्य प्रो दिनेश चंद ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा की आवश्यकता से अवगत कराया। मेरठ जिला ताइक्वांडो संघ से आए विमलेंदु झा ने रक्षा के गुर सिखाए। संयोजन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. लता कुमार, शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम भंडारी आदि रहीं। उधर, आरजी रेंजर्स टीम, आरजीपीजी कॉलेज मेरठ ने बालिका आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण सत्र तथा छात्राओं की समस्याओं की समाधान के लिए परामर्श सत्र का शुभारंभ किया। परामर्श के प्रथम दिन परामर्श देने के लिए डॉक्टर पल्लवी रस्तोगी प्राकृतिक चिकित्सक और एक्यूपंचर विशेषज्ञ ने छात्राओं को पहली सामूहिक रूप से बालिकाओं को होने वाली अनेक शारीरिक समस्याओं के विषय में विस्तार से बताया।



## DAINIK JAGRAN- 2-3-2021

### एक नजर



आत्म सुरक्षा परामर्श सत्र में भाग लेती आरजी पीजी कालेज की छात्राएं • सौ. कालेज प्रबंधन

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

मेरठ : मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आरजी पीजी कालेज की आरजी रेंजर्स टीम ने सोमवार को बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र और छात्राओं की समस्याओं के समाधान लिए परामर्श सत्र का आयोजन किया। इसमें प्राकृतिक चिकित्सक और एक्यूपंचर विशेषज्ञ डा. पल्लवी रस्तोगी ने छात्राओं को होने वाली शारीरिक समस्याओं के बारे में बताया। जैसे ल्यूकोरिया शारीरिक कमजोरी, सही खानपान, हार्मोंस संतुलन तथा मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही शारीरिक व्यायाम भी बताए, जिनको छात्राएं घर पर आराम से कर सकती हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन रेंजर शिवानी और नेहा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। डा. सुमन, डा. सुनीता सिंह उपस्थित रहीं। -जाग

## AMAR UJALA- 3-3-2021

# महिलाएं अपनी ताकत को जानती हैं : श्रद्धा शांडिल्यान

## मिशन शक्ति के तहत कॉलेजों में हुए आयोजन



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को आरजी कॉलेज में द ग्रोइंग प्यूपिल और नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम की अपर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यायन ने कहा महिलाएं कमजोर नहीं हैं। वह अपनी ताकत और क्षमता को भलीभांति जानती हैं, लेकिन कुछ पुरुषों की सोच ने महिलाओं को दोयम दर्जे पर लाकर खड़ा कर दिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आरजी डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने की। ग्रोइंग प्यूपिल की अध्यक्ष अदिति चंद्रा आयोजक एवं कॉलेज की छात्र कल्याण परिषद की अध्यक्ष रेनू जैन आयोजक रहीं। शहीद मंगल पांडे कॉलेज में प्रो. दिनेश चंद की अध्यक्षता में बीएड विभाग द्वारा भारत की सशक्त महिला विषय पर भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने भारत की सशक्त महिलाओं सुषमा स्वराज, सरोजनी नायडू, लक्ष्मी अग्रवाल, इंदिरा गांधी, रानी दुर्गावती का किरदार निभाकर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में डॉ. गीता चौधरी व डॉ. पारुल मलिक रहीं।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी शर्मा, द्वितीय स्थान कुमुद तथा तृतीय स्थान सुधा व कोमल का रहा, कावेरी व कृतिका को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### समस्याएं सुनकर दिया परामर्श

कनोहर लाल गर्ल्स कॉलेज में शिक्षिकाओं ने अपनी-अपनी कक्षाओं में छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिक्षिका सिद्धि गुप्ता, प्रीति सिंह, सोनिका नागर, विनीता पुंडीर, पूजा राय छात्राओं को रोज परामर्श देंगी। सीसीएसयू में एक मार्च से योग विभाग में सुबह आठ से नौ बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। योगी अमरपाल और रानी बाला के निर्देशन में छात्राओं को योग की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

## DAINIK JAGRAN- 3-3-2021



आरजी डिग्री कालेज में 'मिशन शक्ति' के तहत आयोजित कार्यक्रम के मौके पर अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यायन, कालेज का स्टाफ व समाजसेवी महिलाएं • सौ. जागरण

## HINDUSTAN- 3-3-2021

### आर्ट एंड क्राफ्ट की हुई कार्यशाला

मेरठ। आरजी पीजी कालेज के बीएड विभाग द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। डॉ. मीनाक्षी जैन द्वारा बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से विभिन्न चीजें सिखाई गई। डॉक्टर अनुपमा सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉक्टर सुंदरी बाला शर्मा, सीमा गुप्ता, सीमा अग्रवाल, अनुजा अग्रवाल, आरती शर्मा, शुभम् त्यागी, शिवानी त्यागी का सहयोग रहा।

## DAINIK iNEXT- 4-3-2021

आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच हुई

# आरजी कॉलेज में बेटियों को जांच में मिली नकली हल्दी

**मिलावट**

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच पर कार्यशाला हुई। इसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से दूध, दुग्ध पदार्थ और मसालों के सैंपल एकत्र किए गए और लैब में जांच की।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीएससी प्रथम, द्वितीय की छात्राओं ने



बीएससी तृतीय की छात्राओं के निर्देशन में सभी रसायनिक टेस्ट किए। जांच रिपोर्ट के अनुसार सभी सैंपल सही पाए गए केवल लिसाड़ी गेट की एक दुकान की हल्दी में मिलावट मिली। शास्त्रीनगर, लिसाड़ी गेट, ब्रह्मपुरी, कंकरखेड़ा, सदर और कैंट से सैंपल लिए गए, जिसमें कॉलेज रिपोर्ट के अनुसार कोई मिलावट नहीं मिली। यहीं, छात्राओं ने दूध के 100 सैंपलों में यूरिया, डिटर्जेंट, वनस्पति, सोडियम बाई कार्बोनेट, स्टार्च आदि की जांच की गई। साथ ही मसालों में भी मिलावट की जांच की।

समन्वयक डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य केमिकल टेस्ट को सीखना और जागरूकता लाने का रहा। डॉ. दीक्षा के निर्देशन में महरूख इफ्फत और स्वाति शर्मा ने संचालन किया। कार्यक्रम में मनीषा सिंघल, उपासना, डॉ. संगीता भाटिया, रेणु शीतल, मारिया कहकशां आदि रहीं।

### इनकी हुई जांच

- दूध
- हल्दी
- लाल मिर्च
- धनिया

आरजी कॉलेज में जांच में मिली नकली हल्दी

## DAINIK INEXT- 4-3-2021

# कार्यशाला में दी जानकारी



meerut@inext.co.in

MEERUT (3 March): आरजी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय आईसीटी कार्यशाला आयोजित की गई. इस मौके पर डॉ. वंदना अग्रवाल, श्वेता, रविंद्र ने छात्राओं को कंप्यूटर एप्लीकेशन की जानकारी दी. डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर सुंदरी बाला शर्मा, सीमा अग्रवाल, अनुजा अग्रवाल व आरती शर्मा, मीनाक्षी जैन आदि मौजूद रहीं.

## AMAR UJALA- 4-3-2021

# आरजी कॉलेज में हुई आईसीटी कार्यशाला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएड विभाग द्वारा तीन दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का समापन किया गया। डॉ. वंदना अग्रवाल, श्वेता, और रविंद्र ने छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

विभागाध्यक्षा डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. सुंदरी बाला शर्मा, सीमा अग्रवाल, अनुजा अग्रवाल, आरती शर्मा, मीनाक्षी जैन, शुभम त्यागी, शिवानी त्यागी का सहयोग रहा। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 5-3-2021

# आरजी में छात्राओ को दी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग



मेरठ। आरजी कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को छात्राओं को आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह ने छात्राओं को इमोशन मैनेजमेंट की जानकारी दी। मेडिटेशन और रिलेक्सेशन की प्रक्रिया भी समझाई गई। प्राचार्या डॉ. दीप शिखा शर्मा, डॉ. सुमन, शिवानी, कंचन त्यागी, सिमरन, अमिता, चित्रा मौजूद रहीं।

## DAINIK JAGRAN- 4-3-2021

# मेडिकल कालेज में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

### महिला सशक्तीकरण के प्रति प्रेरित करने का किया आह्वान

मिशन शक्ति

जागरण संवाददाता, मेरठ : मेडिकल कालेज में बुधवार को महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ प्राचार्य डा. ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ।

मेडिकल थाना ईंचार्ज प्रवीण गौतम ने महिला सुरक्षा के विभिन्न उपायों के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में छात्रों व स्टाफ को जानकारी दी। 'सशक्त नारी सशक्त समाज का आधार है' विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें पीजी, एमबीबीएस और नर्सिंग के छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके अलावा छात्राओं को आत्मसुरक्षा के गुर सिखाए गए। इसके तहत छात्राओं को मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण यूनाइटेड शोतोकान कराटे अकादमी के निदेशक सिराज अहमद, अमरजीत, अर्पित ने दिया। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक डा. उर्मिला, समन्वयक डा. तनवीर बानो, डा. योगिता सिंह, डा. अनुपम रानी, डा. शकुन, नर्सिंग कोआर्डिनेटर शर्ली भंडारी आदि मौजूद रहीं।

**तनाव और अवसाद की समस्या विषय पर मंथन :** शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में बुधवार को मिशन शक्ति समिति की ओर से मानसिक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं में बढ़ता तनाव और अवसाद की समस्या विषय पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता मेरठ कालेज की सहायक प्रो. अनीता मोरल ने बताया कि कोरोना महामारी के डर से पूरी दुनिया में परिवर्तन हो रहे हैं। नवीन परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर मिशन शक्ति कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।



मेडिकल में मिशन शक्ति कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्राएं व अन्य स्टाफ • सौ. मेडिकल

### 70 महिलाओं ने किया डीएल के लिए आवेदन

जागरण संवाददाता, मेरठ : मिशन शक्ति अभियान के तहत संभागीय परिवहन कार्यालय में महिलाओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें 70 महिलाएं डीएल संबंधी कार्यों के लिए पहुंचीं। सारथी भवन के प्रथम तल पर महिलाओं के लिए विशेष रूप से दो काउंटर बनाए गए थे। एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि शिविर का मुख्य मकसद महिलाओं को सुरक्षित और अच्छे माहौल में लाइसेंस बनवाने की सुविधा प्रदान करना है। भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।




बालिका को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाती आरजी रेंजर्स टीम की सदस्य • जागरण

### छात्राओं ने जाना अनुशासन और आत्मविश्वास का महत्व

मेरठ : कनोहर लाल पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिल्ली रोड स्थित श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सात दिवसीय शिविर में बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वाभिमान के तहत कई गतिविधियों में भाग लिया। प्रथम सत्र में जिला महिला कल्याण अधिकारी माधुरी शर्मा ने आनलाइन मीटिंग के माध्यम से स्वयं सेविकाओं को जरूरी जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव और डा. वेनु वनिता ने दूसरे सत्र में छात्राओं को जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास की भूमिका का महत्व विस्तार से समझाया।

## AMAR UJALA- 5-3-2021

# कंपोजिट स्कूल जंगेठी को दी पुस्तकें

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रो. डॉ. अंजुला राजवंशी ने एआर प्रयास फाउंडेशन के सहयोग से जंगेठी के कंपोजिट स्कूल की शिक्षिका रंजीत कौर को पुस्तकें दी हैं। उन्होंने यह पुस्तकें संस्था की संस्थापिका व अपनी माता ऊषा अग्रवाल की स्मृति में प्रदान कीं। स्कूल की प्रधानाध्यापक स्वर्णलता तथा सहायक अध्यापक बबीता, सीमा, कविता, एकता, श्वेता आदि मौजूद रहे। संवाद

## HINDUSTAN- 7-3-2021

### अनुशासन परिषद का शपथ ग्रहण हुआ

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में अनुशासन परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. दीपशिखा ने की। डॉ. अनामिता अग्रवाल व डॉ. रीनू जैन ने संबोधित किया। प्रोफेसर डॉ. पारुल सिंह ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं, कॉलेज में रेंजर्स का कैंप ... टेंट की सजावट शानदार ... से की गई।

## DAINIK INEXT- 8-3-2021

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

MEERUT (7 March): आरजी पीजी कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को आत्मरक्षा कार्यशाला में जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्राओं को मानसिक फिटनेस और शारीरिक व्यायाम की जानकारी दी गई. अंतरराष्ट्रीय जूडो प्लेयर डा. भावना मित्तल ने छात्राओं को मोबाइल से प्रहार कर आत्मरक्षा करने का गुर सिखाया.



## AMAR UJALA- 8-3-2021

### छात्राओं को सिखाए आत्म रक्षा के गुर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए। शुभारंभ मुख्य कर निर्धारण अधिकारी जय सिंह राणा ने किया। डॉ. भावना मित्तल ने छात्राओं को कराटे का अभ्यास कराया। महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। जूडो खिलाड़ी सोनिया सिंह कॉलेज स्पोर्ट्स कमेटी में डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. गरिमा पुंडीर, नीरज कुमार ने सहयोग दिया। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने बधाई दी। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 8-3-2021

### मोबाइल से प्रहार कर सीखे आत्मरक्षा के गुर

आरजी में चलाया गया मिशन शक्ति कार्यक्रम

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को आत्मरक्षा कार्यशाला में जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे छात्राओं को मानसिक फिटनेस और शारीरिक व्यायाम की जानकारी दी गई। अंतरराष्ट्रीय जूडो प्लेयर डा. भावना मित्तल ने छात्राओं को मोबाइल से प्रहार कर आत्मरक्षा करने का गुर सिखाया। साथ ही कला पंचिंग और किक मारने के गुर भी सिखाए। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दी गई। छात्राओं ने प्रशिक्षक के साथ अभ्यास कर जूडो कराटे की कला सीखी। प्राचार्य डा. दीप शिखा शर्मा, डा. वंदना अग्रवाल और डा. गरिमा पुंडीर उपस्थित रहीं। -जासं

## HINDUSTAN- 16-3-2021



### योग का अभ्यास कराया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बीएड विभाग की ओर से चल रही योग कार्यशाला का समापन हुआ। आईएनओ सूर्या फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर प्रीति बंसल ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के योग के विषय में जानकारी दी। योग का अभ्यास कराया। मेडीटेशन, मड थैरेपी, कलर थैरेपी की जानकारी दी। डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. सुंदरी बाला शर्मा, सीमा गुप्ता, सीमा अग्रवाल, अनुजा अग्रवाल, आरती शर्मा, मीनाक्षी जैन, डॉ. शिवानी त्यागी आदि रहे।

### शिविर में रेंजर्स ने लिया हिस्सा

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के आरजी रेंजर्स टीम की ओर से शिविर लगा। भारत स्काउट एंड गाइड भवन से पूनम चौधरी, डीओसी गाइड ने रेंजर्स को फ्लैग मार्च, दी फॉर्मेशन, रस्सी बंधन, टेंट बनाना सिखाया। संयोजिका डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुमन आदि रहीं।

## AMAR UJALA- 17-3-2021

### आरजी में हुई योग कार्यशाला



आरजी कॉलेज में आयोजित योग कार्यशाला में विचार रखतीं वक्ता। अमर उजाला

मेरठ। आरजी कॉलेज के बीएड विभाग में चल रही योग कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। आईएनओ सूर्या फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर प्रीति बंसल ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग-आसन कराकर फायदे बताए। साथ ही मेडिटेशन, मड थेरेपी ,कलर थेरेपी आदि की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। डॉ. सुंदरी बाला शर्मा, सीमा गुप्ता, सीमा अग्रवाल, अनुजा अग्रवाल, आरती शर्मा, मीनाक्षी जैन सभी का सहयोग रहा। संयोजन डॉ. शिवानी त्यागी, शुभम त्यागी ने किया। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 17-3-2021

### अनुशासन का महत्व बताया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शिविर में पूनम चौधरी ने मार्च पास्ट, प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना सिखाया। कैंप फायर किस प्रकार किया जाता है इसके बारे में भी बताया किया। रेंजर्स ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी किया। संयोजिका डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुमन, एडवांस ने अनुशासन का महत्व बताया। प्राचार्य ने उत्साहवर्धन किया।

## AMAR UJALA- 17-3-2021

### प्राथमिक चिकित्सा-स्ट्रेचर बनाने की दी जानकारी

मेरठ। आरजी कॉलेज में आयोजित शिविर में मंगलवार को भारत स्काउट एंड गाइड भवन से पूनम चौधरी डीओसी गाइड ने रेंजर्स को मार्च करना, प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, कैंप फायर आदि के बारे में जानकारी दी। शिविर की संयोजिका डॉ. सुनीता सिंह, रेंजर लीडर और डॉ. सुमन, एडवांस रेंजर लीडर ने कैंप में अनुशासन का महत्व बताया। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 18-3-2021

### छात्राओं को दी खाद्य सुरक्षा की जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इसमें कॉलेज ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड फूड प्रोसेसिंग सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विवि के डीन प्रोफेसर शमशेर सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। प्रो. शमशेर ने खाद्य प्रसंस्करण व फसलोत्तर प्रौद्योगिकी विषय पर व्याख्यान दिया। खाद्य प्रसंस्करण की विधियां, खाद्य सुरक्षा, संरक्षण और फूड प्रोसेसिंग पर रोचक जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ दीपशिखा शर्मा, डॉ दीक्षा यजुर्वेदी मौजूद रहीं।

## AMAR UJALA- 18-3-2021

### छात्राओं को दी फूड प्रोसेसिंग की जानकारी



आरजी पीजी कॉलेज में सेमिनार में हिस्सा लेते हुए शिक्षिकाएं व छात्राएं।

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में छात्राओं को फूड प्रोसेसिंग व प्रिजर्वेशन की जानकारी दी गई। फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर के बारे बताया। मुख्य अतिथि सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि से प्रो. शमशेर सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण व फसलोत्तर प्रौद्योगिकी विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए खाद्य प्रसंस्करण की विधियां, खाद्य सुरक्षा, खाद्य संरक्षण, फूड प्रोसेसिंग पर महत्वपूर्ण व रोचक जानकारी दी। डॉ. सीमा जैन, डॉ. रेनू कम्बोज, डॉ. सोनिका चौधरी मौजूद रहीं।

## HINDUSTAN- 18-3-2021

### आरजी में 20 मार्च से पंजीकरण शुरू

मेरठ। आरजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में नए प्रवेश के लिए 20 मार्च से पंजीकरण कराया जा रहा है। प्रवेश के लिए पंजीकरण विभिन्न कक्षाओं में अंग्रेजी व हिंदी माध्यम दोनों में जारी है।

## DAINIK JAGRAN- 19-3-2021



आरजी कालेज में रसायन विभाग की प्रतियोगिता में पोस्टर देखती छात्राएं। • जागरण

### पोस्टर प्रतियोगिता में कनिका प्रथम

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज रसायन विज्ञान विभाग में विश्व जल दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को जल संरक्षण विषय पर अंतर विभागीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत जागरूक नागरिक एसोसिएशन के समन्वयक मुकेश शर्मा ने दीप जलाकर की। भूगोल विभाग की छात्रा सैयदा ने जल प्रदूषण पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने छात्राओं के कार्य की प्रसंशा की। प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, कोमल दूसरे और सुमैया कुरेशी तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान डा. अर्चना रानी, मनीषा सिंघल, डा. शीतल पांडे और डा.दीक्षा यजुर्वेदी उपस्थित रहीं।

## DAINIK JANVAANI- 19-3-2021

### जल संरक्षण की दी जानकारी



मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में गुरुवार को विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल संरक्षण विषय पर एक अंतर विभागीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से 70 छात्राओं ने प्रतिभागिता कर सुंदर, आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टरो के माध्यम से जल संरक्षण के ज्वलंत मुद्दे को उजागर किया। निर्णायक मंडल में डा. अर्चना रानी और मिलैप कौर मौजूद रही। उसके बाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गिरीश शुक्ला ने जल प्रबंधन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। मुकेश शर्मा ने बढ़ते पानी के संकट की गंभीरता को उजागर किया। इस अवसर पर एमएससी रसायन विज्ञान की छात्रा यामिनी और आरती तथा भूगोल विभाग की छात्रा सैयदा द्वारा जल संरक्षण के परंपरागत तरीके व जल प्रदूषण पर पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन दी गई। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और वर्षा जल प्रबंधन की व्याख्या की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी व संचालन मोनिका व आरती ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपासना डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. रेनू चौधरी, डॉ. शीतल पांडे, मारिया, शिरीन, कहकशा का विशेष सहयोग रहा।

## HINDUSTAN- 19-3-2021

### पोस्टर प्रतियोगिता में कनिका ने मारी बाजी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें कनिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि जागरूक नागरिक एसोसिएशन के महासचिव गिरीश शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि मुकेश शर्मा रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान कोमल अनुरागी और तृतीय स्थान सुमैया कुरैशी को मिला।

## AMAR UJALA- 19-3-2021

# नहीं बचाया जल तो मुश्किल होगा कल

## शिक्षण संस्थानों में चित्रों के माध्यम से प्रदूषण समेत कई समस्याओं के प्रति किया जागरूक

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। चित्रों के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण संबंधित कई समस्याओं के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। पानी बचाने का संदेश भी दिया गया। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीते।

आरजी पीजी कॉलेज में जल संरक्षण पर रसायन विज्ञान विभाग की ओर से अंतर विभागीय पोस्टर प्रतियोगिता हुई। छात्रा कनिका पहले स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि गिरीश शुक्ला ने छात्राओं को जल प्रबंधन की जानकारी दी।

पोस्टर प्रतियोगिता में 70 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्चना रानी व निर्लेप कौर रहीं। विशिष्ट अतिथि मुकेश शर्मा ने कहा कि जल बचाना है तो पेड़ बचाने होंगे। छात्रा यामिनी, आशी और सैय्यदा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दी। प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, कोमल अनुरागी द्वितीय और सुमैय्या कुरैशी तीसरे स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार समरीन, आयुषी व फातिमा ने जीता। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संयोजन डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी और संचालन मोनिका व आरती ने किया।



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी देखतीं छात्राएं और शिक्षिकाएं। संवाद

## DAINIK JAGRAN- 20-3-2021

### छात्राओं को दी स्वास्थ्य की जानकारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज की ओर से शुक्रवार को कुटी गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया गया। शिविर में वनस्पति विभाग की एसोसिएट प्रा. अमिता शर्मा ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

## DAINIK INEXT- 21-3-2021

### छात्राओं ने शिविर में किया योग

आरजी पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शनिवार को छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया. कार्यक्रम अधिकारी ने छात्राओं को नियमित योग के लाभ बताए और प्रीति ने छात्राओं को मोबाइल के अनुचित प्रयोग के बारे में बताया. शगुन, सलोनी और आरती ने नारी शक्ति विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए.

## HINDUSTAN- 22-3-2021

### छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत विशेष गोष्ठी का आयोजन हुआ। सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग के प्रो. विकास शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान, छात्राओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित पहलुओं पर संवाद हुआ। छात्राओं ने प्रश्न पूछे। मनीषा, प्रीति के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

## DAINIK JAGRAN- 23-3-2021

### योग और प्राणायाम सीखा

MEERUT (22 March): आरजी पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सोमवार को योग और प्राणायाम करने के लाभ बताए गए. कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल और प्रीति ने शिविर में छात्राओं को इसकी जानकारी दी.

HINDUSTAN- 23-3-2021

आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में विश्व जल दिवस पर आयोजित हुआ सेमिनार, जल संरक्षण की शपथ ली

# जल की अहमियत समझो : डॉ. अनिल जोशी

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

प्रकृति और प्रभु में कोई अंतर नहीं है। प्रकृति को प्रणाम करो और गांव व शहर को पानी की समस्या को समझना होगा। शहरी क्षेत्र में जल की बर्बादी बहुत अधिक है। यदि वक्त रहते जल की अहमियत को नहीं समझा तो पानी के संकट से गुजरना होगा। भविष्य में पानी राशन में मिलना शुरू होगा। यह कहना था कि पर्यावरणविद् पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी का।

आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में सोमवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कॉलेज में रसायन व भूगोल विभाग और जागरूक नागरिक एसोसिएशन की ओर से सेमिनार का आयोजन हुआ। डॉ. अनिल जोशी ने कहा कि गांव का 60 प्रतिशत बच्चा आज भी जल को ढोता है। उन्होंने युवाओं पर फोकस करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को समझना होगा। जल की बर्बादी को रोकना होगा। मशीन नहीं, अब मनुष्य बनकर काम करना होगा। शहर में जल की बर्बादी बहुत अधिक हो रही है। नल की परंपरा ने बहुत कुछ खत्म कर दिया है। गांवों से सीखने की जरूरत है। अन्यथा जल संकट निकट है। वर्षा जल का संरक्षण करना होगा। इसी क्रम में प्रथम वक्ता गिरीश शुक्ला ने नीर को नारायण बताया और पानी की बचत पर फोकस किया। डॉ. एके शुक्ला ने भी विचार रखे। आयोजन रसायन विभाग व भूगोल विभाग व सह आयोजन जागरूक नागरिक एसोसिएशन का रहा। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने प्रेरित किया। डॉ. दीक्षा चतुर्वेदी, उपासना देवी, डॉ. संगीता भाटिया, डॉ प्रभात राय, डॉ एके शुक्ला, डॉ दिता दिनेश आदि रहे। समारोह में पोस्टर विजेता केमिस्ट्री और भूगोल की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें कनिका प्रथम, कोमल अनुरागी दूसरे और सुमैय्या कुरैशी तीसरे स्थान पर रहीं। सानदीन और फातिमा ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।



• आरजी कॉलेज




• सौजन्य

## पानी का मोल पहचानने की जरूरत, नहीं तो पछताएंगे

मेरठ | कार्यालय संवाददाता

जीवन के लिए सबसे आवश्यक वस्तु पानी है और इसकी सबसे ज्यादा बर्बादी हो रही है। जरूरत है पानी का मोल पहचानने की और उसका मूल्यांकन करने की। अगर समय रहते नहीं चेता गया तो पछताएंगे। विश्व जल दिवस के अवसर पर सोमवार को इंडियन वाटर रिसोर्स सेंटर की ओर से चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में हुए सेमिनार में कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा ने ये बातें कहीं।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर एसके चौबे व सम्मानित अतिथि प्रोफेसर जयमाला डायरेक्टर सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज ने संकट के प्रति जनसाधारण को जागरूक किया। इस अवसर पर इंजीनियर बीडी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक प्यास और प्रयास का विमोचन भी हुआ। नई कमेटी का भी गठन भी हुआ। मुख्य वक्ता डॉ अवधेश प्रताप ने भी विचार रखे। संयोजिका सविता मित्तल, डॉ आरपी शर्मा, मनीष मिश्रा, आरके अग्रवाल ने सदस्यता ग्रहण की। डॉ रामपाल वर्मा, रजनीश कुमार, दीपक सक्सेना, एसपी शर्मा आदि रहे।

## DAINIK JANVAANI- 23-3-2021

# सेमिनार में पर्यावरण और जल संरक्षण का लिया संकल्प







आरजी पीजी कॉलेज में विश्व जल दिवस के मौके पर जल संरक्षण की शपथ दिलाते पदम भूषण सम्मान से सम्मानित पर्यावरणविद् डा. अनिल जोशी।

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

विश्व जल दिवस के मौके पर सोमवार को आरजी पीजी कॉलेज में जागरुक नागरिक एसोसिएशन के तत्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदम भूषण सम्मान से नवाजे गए एवं पर्यावरणविद् डा. अनिल जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को संबोधित किया और पोस्टर प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया।

शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डा. दीपशिखा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। उसके बाद मुख्य वक्ता डा. अनिल जोशी ने कहा कि हम सभी को मिलकर आने वाली पीढ़ी की चिंता करनी होगी और उनके लिए पानी की बूंद-बूंद बचानी होगी। यदि समय रहते पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए नहीं चेते तो वह दिन दूर नहीं जब जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन का सिलेंडर रखना होगा और पानी की राशनिंग होगी।

आज भी कुछ जगहों पर 30 से 40 फीसदी महिलाएं पानी दूर-दराज के क्षेत्रों से लेकर आती है। शहर के लोग केवल बच्चों को एबीसीडी पढ़ाने का काम कर रहे है अन्य ज्ञान नहीं दे रहे। प्रकृति को नकारोगे तो वह तुम्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना भी प्रकृति को नकराने की वजह से ही अस्तित्व में आया। विश्व के सबसे बड़े देश जैसे अमेरिका, इटली, जापान आदि को कोरोना ने प्लेट कर दिया। प्रकृति और प्रभु में कोई अंतर नहीं है। भगवान से पहले आप प्रकृति को पूजे।

### प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा था कोरोना
### प्रकृति और प्रभु में नहीं है कोई अंतर

गिरीश शुक्ला ने कहा कि जल के साथ लोगों की आस्था जुड़ी है। भारत में पानी को जल नहीं कहते उन्हें नील यानि नरायण का दर्जा दिया गया है। एके शुक्ला ने कहा कि हमारे प्रकृति के स्त्रोत दूषित हो रहे है। मेरठ की बात की जाए तो यहां काली नदी और परतापुर का कुछ ऐरिया सबसे अधिक दूषित है। वहां के जनीजवन पर टीडीएस का सबसे अधिक असर देखने को मिला हैं, जिसकी वजह से लोगों में खांसी, बुखार और एलर्जी जैसी समस्याएं अधिक हो रही है।

समापन पर कॉलेज प्राचार्या डा. दीपशिखा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डा. दीक्षा ने किया। कार्यक्रम में डा. उपासना, डा. संगीता, डा. रेनू, डा. रीतल आदि मौजूद रही।

## DAINIK JAGRAN- 23-3-2021

मेरठ, 23 मार्च, 2021 दैनिक जागरण 7



आरजी पीजी कालेज में जल दिवस पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित अतिथि ● जागरण

## HINDUSTAN- 24-3-2021



### शिविर: छात्राओं को कराया व्यायाम

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल और प्रीति की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कराया गया। शिविर के 5वें दिन छात्राओं को व्यायाम कराया और लाभ बताए। कहा कि व्यायान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस मौके पर डॉ. अमिता शर्मा ने विचारों से सभी को प्रेरित किया।

## AMAR UJALA- 24-3-2021

### छात्राओं को बताए व्यायाम के लाभ

मेरठ। आरजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल व प्रीति द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन छात्राओं को शारीरिक व्यायाम के लाभ बताए। मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें निशा प्रथम, आरजू द्वितीय एवं सृष्टि तृतीय रहीं। ब्यूरो

Hindustan-25-3-2021

### छात्राओं को ध्यान का अभ्यास कराया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन बुधवार को साहित्य और समाज विषय पर गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि लता अग्रवाल ने छात्राओं को ध्यान का अभ्यास कराया। मुख्य वक्ता सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग के प्रो. विकास शर्मा ने विचार रखे। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल, प्रीति, शगुन, गुंजन, सिमरन आदि रहीं। उधर, शहीद दिवस पर आजादी तराने गीत प्रतियोगिता हुई। निदेशिका डॉ. ममता सिंह ने विचार रखे। प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें इलमा मलिक प्रथम रहीं।



## DAINIK JAGRAN- 25-3-2021

### ध्यान का अभ्यास किया

मेरठ: आरजी पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बुधवार को साहित्य और समाज विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि लता अग्रवाल ने छात्राओं को ध्यान का अभ्यास करवाया। छात्राओं ने कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। चौधरी चरण सिंह विवि अंग्रेजी विभाग के प्रो. विकास शर्मा ने छात्राओं को कविता का महत्व बताया। -जास

## DAINIK INEXT- 25-3-2021

### छात्राओं ने दिखाया टैलेंट

MEERUT (24 March): आरजी पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बुधवार को साहित्य और समाज विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई. मुख्य अतिथि लता अग्रवाल ने छात्राओं को ध्यान का अभ्यास करवाया. छात्राओं ने कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया. सीसीएसयू अंग्रेजी विभाग के प्रो. विकास शर्मा ने छात्राओं को कविता का महत्व बताया. कार्यक्रम अधिकारी मनीषा सिंघल और प्रीति भी उपस्थित रहीं.

## DAINIK JANVAANI- 25-3-2021

### गोष्ठी का आयोजन

मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज की ओर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने साहित्य और समाज विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. विकास शर्मा ने अपने काव्य के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उन्होंने बताया कि कविता जीवन का महत्व है। लता अग्रवाल ने छात्राओं को ध्यान का अभ्यास कराया।

## HINDUSTAN- 3-4-2021

### आरजी में राष्ट्रीय सेमिनार नौ को

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में कोविड में मेडिसिन प्लांट की उपयोगिता व प्रतिरोधक क्षमता को लेकर नौ अप्रैल को राष्ट्रीय सेमिनार होगा। इसमें मेडिसिन प्लांट की पूरी गैलरी भी तैयार की जाएगी। साथ ही कई प्रकार की थीम भी रखी गई है।

## DAINIK JANVAANI- 3-4 021

### औषधीय पौधों पर डाला प्रकाश

मेरठ: आरजी पीजी कॉलेज के [illegible]

## AMAR UJALA- 10-4-2021



### आरजी कॉलेज में विश्व कला दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को विश्व कला दिवस पर कला विभाग की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों को सजाया गया।

इटली के मशहूर कलाकार लियोनार्डो द विंसी के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना रानी ने छात्राओं को कला दिवस का महत्व बताया।

शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने किया। छात्राओं ने मेरठ की सांस्कृतिक विरासत पर चित्र बनाए। मीनू, अंकिता, शहजरी, विशाखा, निधि, प्रगति, मानसी, श्वेता, रिमलजीत ने भाग लिया। डॉ. नाजिमा इरफान, डॉ. पूनमलता सिंह, शबाहत, तहमीना सहर व सुरभि का सहयोग रहा। ब्यूरो

## HINDUSTAN- 10-4-2021



शुक्रवार को अर्द्धकुंभ को लेकर आरजी डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने सुंदर चित्र बनाए। • हिन्दुस्तान

### कुंभ की तस्वीरों को उकेरा

मेरठ। आरजी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को चित्रकला विभाग में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अर्द्धकुंभ शीर्षक पर चित्रकारी को उकेरा गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मेरठ कॉलेज के ललित कला विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमृत लाल ने अवलोकन किया। प्रतियोगिता में शहरोज प्रथम रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना रानी ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

## DAINIK JAGRAN- 10-4-2021

### पोस्टर प्रतियोगिता में शहरोज प्रथम



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के चित्रकला विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने अर्द्ध कुंभ के महत्व को चित्रों में उकेरा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा ने किया। मेरठ कॉलेज के ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. अमृत लाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में शहरोज प्रथम, अतिया नू[illegible] द्वितीय व हिमांशी तीसरे स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार विशाखा को मिला। विभाग की एचओडी डॉ. अर्चना रानी [illegible] आभार जताया। डॉ. नाजिमा इरफान, डॉ. पूनम लता सिंह, सुरभि, शबाहत, तहमीना सहर का सहयोग रहा। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 23-5-2021



...राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आरजी पीजी कालेज में पोस्टर ...योगिता • सौ. कालेज प्रबंधन

### अशिका, ईश और शोभिका ने मारी बाजी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पहल एक प्रयास की ओर से आनलाइन पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय 'जैव विविधता का संरक्षण प्रकृति और मनुष्यों द्वारा इसका हल' रहा। प्रतियोगिता में पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और हरियाणा के छात्रों ने भाग लिया। अशिका तिवारी, ईश तोमर और शोभिका परमार प्रथम, निहारिका, शिवांगी तोमर और विजय कुमार शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। अभीत भाटिया, आयुष झा, अनंत चौहान, प्राची तेवतिया और कैलाश बंसल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## DAINIK JAGRAN- 5-6-2021

### प्रकृति को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य

मेरठ। आरजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं रसायन विभा... के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ... के कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है ... प्राकृतिक संसाधनों का हनन न होने दें। पौधों और जंतुओं को उनके प्राकृतिक निवास में संरक्षित करें। विशेष अतिथि प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ... प्रो. अनिल कुमार छगनी, डॉ. जेएस खुर्दजाम, डॉ. अंशुल उजलियान ने भी ... रखे। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने अतिथियों का धन्यवाद किया। डॉ. सीमा जैन, ... गरिमा पुंडीर, डॉ. गरिमा मलिक और डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी ने संचालन किया। ...

## AMAR UJALA - 5-6-2021

# आरजी में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में पर्यावरण बचाने को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। आरजी गर्ल्स कॉलेज में प्लांट कंजरवेशन सोसाइटी और वनस्पति विज्ञान विभाग की तरफ से ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कई राज्यों से ढाई सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

किसी ने प्लास्टिक की बोतल में पौधे रोपे तो किसी ने घर की दूसरी बेकार चीजों में पौधे लगाकर माहौल ही बदल दिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने गेंदा, गुलाब, सिनगोनियम, कोलियस स्नेह प्लांट, स्पाइडर प्लांट, मनी प्लांट, रबर प्लांट, मेडिसिनल हर्बल पौधे, अश्वगंधा, अस्थमा बेल, ऐलोवेरा, तुलसी, करी पत्ता, लेमन ग्रास, ब्राह्मी फूलों वाले पौधे लगाकर प्रविष्टियां भेजीं। इसमें प्रथम स्थान पर विजेता धामा, द्वितीय स्थान पर अभीत भाटिया और तृतीय स्थान पर हिमश्री रहीं।

एनएएस कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन पर्यावरण बचाओ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुप्रिया गुप्ता मेरठ प्रथम, नाम्या शर्मा गाजियाबाद द्वितीय तथा रिचा उत्तराखंड तृतीय रहीं। निपरो फार्मा कंपनी की ओर से फिटकरी में पौधरोपण किया गया। आशीष प्रधान महाप्रबंधक, जुनेद अख्तर उप महाप्रबंधक एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



आरजी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा।



निपरो फार्मा की ओर से पौधे रोपे गए।

### एमआईईटी में एक वृक्ष, एक छात्र अभियान

एमआईईटी में एक वृक्ष, एक छात्र अभियान की शुरुआत की गई। छात्रों से कहा गया कि अपने घर, खेत, किसी सुरक्षित स्थान, नदी-नाले के सुरक्षित किनारे पर अथवा अन्य किसी भी उचित स्थान पर एक पौधा अवश्य रोपित करें। अपने द्वारा लगाए गए पौधे के साथ अपना फोटो लेकर अपने क्लास काउंसलर के पास भेजें। बेगमबाग स्थित लिटिल एपेक्स स्कूल में सेव प्लांटस थीम पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रिंसीपल संगीता नोटानी, चेयरमैन डॉ. ब्रजभूषण और डॉ. संजय गोयल ने बच्चों को बधाई दी।

### सुभारती की अक्षयवट नर्सरी में तैयार हुए सिंगोनियम के पौधे

सुभारती विश्वविद्यालय की अक्षयवट नर्सरी में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार करके लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इनमें सिंगोनियम के पौधे लगाए गए हैं। सुभारती विवि के प्रबंधक उद्यान एसी पाठक ने बताया कि सिंगोनियम एक शानदार इंडोर पौधा है, जिससे वातावरण शुद्ध होता है।



## DAINIK i-NEXT- 6-6-2021



आरजी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में प्रिंसिपल और टीचर्स ने पौधरोपण किया. इस दौरान ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया. वहीं, लोगों को पौधरोपण का महत्व बताया. कार्यक्रम का संचालन कमलेश ने किया. आरजी कॉलेज के बॉटनी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर मीनू गुप्ता ने आसपास के लोगों को औषधीय पौधे बांटे. इसके अलावा जयभारत मंच की ओर से भी पौधे बांटे गए.

## DAINIK JAGRAN - 6-6-

### प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा सभी का दायित्व : प्रो. तनेजा

मेरठ : आर[illegible] कालेज के जंतु विज्ञान वि[illegible] वनस्पति विज्ञान विभाग की [illegible] वेबिनार का आयोजन किया गया। [illegible] विषय 'पारिस्थितिकी तंत्र [illegible] और सतत विकास का वर्तमान और भविष्य' रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विवि के कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने की। उन्होंने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं प्रो. वाई विमला ने विलुप्त होते पौधों और जंतुओं को संरक्षित करने पर जोर दिया।

## DAINIK JAGRAN - 19-6-2021



ऑनलाइन कार्यशाला में अपने विचार रखते वक्ता •सौ. कालेज प्रबंधन

### प्रतिरोधक क्षमता कम करता है तनाव

जागरण संवाददाता, मेरठ: आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग और आइक्यूएसी की ओर से सात दिवसीय आनलाइन कार्यशाला में शुक्रवार को तनाव घटाने और अच्छी निद्रा वाले व्यायाम विषय पर चर्चा हुई।

एसोसिएट प्रो. डा. मंजू सिंह ने तनाव के लक्षण बताते हुए इसके दुष्परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने का सबसे बड़ा कारण तनाव है। यौगिक क्रियाओं और अच्छी नींद से तनाव को दूर किया जा सकता है।

ऐसा करने से शरीर रोग मुक्त और ऊर्जावान बना रहता है। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने छात्राओं को योग और व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डा. कल्पना चौधरी, डा. सीमा जैन और डा. शशि बाला भी उपस्थित रहीं।

## AMAR UJALA - 19-6-202

■ योग से दूर करें तनाव, सिखाई यौगिक क्रियाएं

आरजी पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग व आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से सात दिवसीय ऑनलाइन योग कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ. मंजू सिंह ने तनाव के लक्षणों को बताते हुए उसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता पंकज गहलोत, सचिव मेरठ एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन ने बहुत सी यौगिक क्रियाओं का प्रदर्शन किया। आयोजन प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, संयोजिका एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन के निर्देशन में हुआ। समन्वयक डॉ. कल्पना चौधरी, सह समन्वयक डॉ. मंजू सिंह ने संचालन किया। डॉ. शशि बाला, प्रेस प्रवक्ता डॉ. अमिता शर्मा और मागूब आलम का सहयोग रहा।

■ सेहत के लिए जरूरी है योग

रुड़की रोड स्थित द कुबेर स्कूल की ओर से बच्चों को ऑनलाइन योग क्लास के जरिए स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। योग शिक्षिका प्रवीण चौहान के नेतृत्व में बच्चों को सुबह से आठ बजे तक योग कराया गया। बच्चों से कहा कि सेहत के लिए योग जरूरी है। बच्चों को योग क्रियाओं की जानकारी दी। संवाद

## HINDUSTAN - 19-6-2021

### ऑनलाइन कार्यशाला

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में ऑनलाइन कार्यशाला के दूसरे दिन फिटनेस पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा, संयोजिका, आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन, समन्वयक डॉ. कल्पना चौधरी व सह समन्वयक डॉ. मंजू सिंह रहीं।

## HINDUSTAAN - 21-6-2021

### योग संस्कृति समिति की हुई कार्यशाला

मेरठ। योग संस्कृति समिति की ओर से आयोजित ऑनलाइन योग क्लास में देश-विदेश से लोग जुड़े। सीमा अदलखा, सीमा सागर और निशा सक्सेना ने योगाभ्यास कराया।



### आरजी कॉलेज में कैडेट्स ने बताया योग का महत्व

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में 22 यूपी गर्ल्स बटालियन ने योग का महत्व समझाया। वीडियो, लेख, कविता, स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया। अंशु, शिवानी, छाया व वर्षा रानी ने सूर्य नमस्कार के लाभ गिनाए। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने मार्गदर्शन दिया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा उत्साहवर्धन किया।

## AMAR UJALA - 21-6-2021

### एनसीसी कैडेट ने कराया योगासन

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की दोनों एनसीसी इकाइयों की कैडेट्स ने घर में योगासन कराया। कैडेट लगातार वीडियो, लेख, कविता, स्लोगन आदि से लोगों को जागरूक कर रही हैं। कशिश ने योग पर कविता लिखी व कुछ स्लोगन भी बनाए, एशिका त्यागी ने स्ट्रेस क्रिएट अवेयरनेस, कुमकुम ने योग, तनु ने योग बेसिक इनफार्मेशन तथा शिवानी कटारिया ने योग- ए वे ऑफ कनेक्टिंग सोल लेख लिखा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। लायबा ने आसन पोस्टर बनाया। अंशु, शिवानी, छाया व वर्षा रानी ने सूर्य नमस्कार को वीडियो के माध्यम से बताया। मेजर डॉ. पूनम लखनपाल व कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने मार्गदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा ने इस प्रयास की सराहना की। ब्यूरो

## AMAR UJALA - 23-6-2021

### योग क्रियाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मेरठ। आरजी कॉलेज में सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के छठे दिन एक्सरसाइज ड्यूरिंग क्वारंटाइन रहा। मुख्य वक्ता पंकज गहलोत ने क्वारंटीन अवधि में उपयोगी अनेक यौगिक क्रियाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा, संयोजिका एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन ने मार्गदर्शन किया। समन्वयक डॉ. कल्पना चौधरी ने तकनीकी सत्र का संचालन किया। डॉ. मंजू सिंह, डॉ. शशि बाला और प्रेस प्रवक्ता डॉ. अमिता शर्मा का सहयोग रहा। ब्यूरो

## AMAR UJALA - 24-6-2021

### योग अवसाद को खत्म करने का अचूक उपाय



मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग व आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का समापन किया गया। अंतिम दिन के सत्र का विषय सैट ऑफ रूटीन एक्सरसाइज फोर ओवरऑल फिजिकल एंड मैंटल हेल्थ रहा। समन्वयक जंतु विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. डॉ. कल्पना चौधरी ने वर्तमान परिस्थितियों में योग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने व्यायाम के लाभों के प्रति जागरूकता एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों की जानकारी दी। कार्यशाला प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा तथा संयोजिका एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन के निर्देशन में संपन्न हुई। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN- 24-6-2021

एक नजर में

### मन और तन के लिए योग अभ्यास जरूरी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग और आइक्यूएसी की ओर से आयोजित सात दिवसीय आनलाइन कार्यशाला में बुधवार को सेट आफ रुटीन एक्सरसाइजेज फार ओवरआल फिजिकल एंड मेंटल हेल्थ विषय पर चर्चा की गई। तकनीकी सत्र में पंकज गहलोत ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए यौगिक क्रियाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए सही खानपान और आठ घंटे की नींद और योग अभ्यास पर जोर दिया। इस दौरान प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा, डा. सीमा जैन और डा. कल्पना चौधरी भी उपस्थित रहीं। -जासं

## HINDUSTAN - 24-6-2021

### निरोगी काया के लिए जरूर अपनाएं योग



मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के अंतिम और सातवें दिन का आयोजन सफल हुआ। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा शर्मा, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन के निर्देशन कार्यशाला संपन्न हुई। रिसोर्स पर्सन डॉ. कल्पना चौधरी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में योग जीवन में महत्व रखता है। योग को अपनाना चाहिए। प्राचा ने कार्यशाला की समाप्ति की घोषणा की।

## AMAR UJALA - 25-6-2021

### 'छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करें कॉलेज'

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज व सीसीएसयू के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका विषय अकादमिक सत्र 2021-22 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन रहा। सीसीएसयू कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का दायित्व कॉलेजों पर है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी प्रो. राजीव गुप्ता ने कहा कि विवि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है और मेजर एवं माइनर पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं। सीसीएसयू की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला, प्रो. नीलू गुप्ता, कॉलेज सचिव डॉ. मनमोहन नाथ, प्राचार्य डॉ. दीपशिखा ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. दीक्षा ने आभार व्यक्त किया। ब्यूरो

## DAINIK JAGRAN - 26-6-2021



आरजी पीजी कालेज में शिक्षा नीति पर कार्यशाला • सौ. कालेज प्रबंधन

### महाविद्यालय स्वरोजगारपरक कोर्स शुरू करें

मेरठ: आरजी पीजी कालेज और चौधरी चरण सिंह विवि की ओर से आनलाइन कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा हुई। प्रो. जयमाला ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्थानीय व्यावसायिक एवं कौशल शिक्षा के क्षेत्र से छात्रों को अवगत कराना है। इसके लिए महाविद्यालय स्वरोजगारपरक कोर्स शुरू करें। डा. पूनम लखनपाल ने भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत शासन द्वारा भेजे गए बिंदुओं के बारे में बताया कि क्षेत्रीय संस्कृति एवं कला के क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करना तथा छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ना है।

## HINDUSTAN- 1-7-2021

### राजर्षि टंडन मुक्त विवि का नया केंद्र बना आरजी कॉलेज

मेरठ। उत्तर प्रदेश राजर्षि मुक्त टंडन विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से आरजी पीजी कॉलेज को नया अध्ययन केंद्र (अध्ययन केंद्र कोड एस-1881) बनाया गया है। इसमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, एमए-एमकॉम, एमएससी, एमबीए, योग, टूरिज्म, न्यूट्रीशियन, विभिन्न डिप्लोमा कोर्स, जागरुकता कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। छात्र कालेज में डॉ. कुमकुम पारीक व राजीव जैन से संपर्क कर सकते हैं।

## AMAR UJALA- 9-7-2021

### आरजी में रोपे नीम, जामुन के पौधे

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज में पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बृहस्पतिवार को विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रजनी रानी शंखधर व शिक्षिकाओं ने पौधरोपण किया। नीम, बेलपत्थर, जामुन और हारसिंगार आदि के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। इस दौरान शिक्षिकाएं अरुणा, संगीता, इंदिरा मौजूद रहीं। ब्यूरो

## HINDUSTAN - 26-6-2021

### कौशल शिक्षा के क्षे[illegible] छात्रों को अवगत कराए



मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज एवं सीसीएसयू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यशाला के दूसरे दिन विवि से प्रो. जयमाला ने अपने विचार रखे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्थानीय व्यावसायिक व कौशल शिक्षा के क्षेत्रों से छात्रों को अवगत कराया जाए। इसके अलावा कालेजों में स्वरोजगार परक कोर्स भी शुरू हो सकें। कार्यक्रम संयोजिका मेजर डॉ. पूनम लखनपाल ने सभी सम्मानित अतिथि, वक्ताओं व श्रोताओं का अभिनन्दन किया। कार्यशाला की ऑरगेनाइजिंग सेक्रेटरी कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी ने प्रो. जयमाला, गणित विभाग, विवि मेरठ का परिचय दिया। दूसरे सेशन में प्रो. बीरपाल सिंह ने बताया कि वंचित व दिव्यांग भी हर क्षेत्र में अपनी पूर्ण भागीदारी दें। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ. सीमा जैन आदि रहीं।

## DAINIK JAGRAN- 1-7-2021

### आरजी में भी राजर्षि अध्ययन केंद्र खुला

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज का नया अध्ययन केंद्र बनाया गया है। प्राचार्य डा. दीपशिखा शर्मा ने बताया कि अध्ययन केंद्र में बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, एमए, एमकाम, एमएससी एमबीए, योग टूरिज्म, न्यूट्रीशियन के साथ विभिन्न डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके है। इसके लिए छात्राएं कालेज में डा. कुमकुम पारीक और राजीव जैन से संपर्क करें।-जासं

## HINDUSTAN- 9-7-2021



आरजी कॉलेज में थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।